राष्ट्रीय संस्करण
# दैनिक जागरण
वर्ष 7 अंक 291
मूल्य ₹8 .00 नई दिल्ली, शनिवार, 30 मार्च, 2024
www.jagran.com
पृष्ठ 14



जब देश में कानून लागू होता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं

>> 2

# कांग्रेस को आयकर विभाग का 1,823 करोड़ का नोटिस

## राहुल बोले ▸ सरकार बदली तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर होगी कार्रवाई

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के बीच आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस को 1,823 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस भेजा गया है। पार्टी ने इसे भाजपा सरकार का 'कर आतंकवाद' करार देते हुए कहा है कि आम चुनाव में अब विपक्ष के लिए कोई समान अवसर (लेवल प्लेइंग फील्ड) नहीं रह गया है। आयकर नोटिस पर पार्टी नेता राहुल गांधी ने चेतावनी दी, 'जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। और ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी यह सब करने की। यह मेरी गारंटी है।'

आयकर विभाग के ताजा नोटिस पर कांग्रेस कोषाध्यक्ष अजय माकन और महासचिव जयराम रमेश ने प्रेस कान्फ्रेंस कर कहा कि पिछले सात-आठ वर्षों के लिए जिन आधारों पर कांग्रेस को 1,823 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस दिया है, उस कसौटी पर भाजपा से 4,600 करोड़ रुपये से अधिक की वसूली की जाए। माकन ने कहा कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध भाजपा के रिटर्न के बीते सात वर्षों के ब्योरे का उन्होंने विश्लेषण किया है और इसमें से पिछले दो वर्ष के रिटर्न में ही पार्टी ने 1,297 लोगों के चंदे की स्पष्ट जानकारी नहीं दी है। इसमें कुछ के नाम हैं, तो पते नहीं और 92 लोगों के तो नाम भी नहीं हैं जो जनप्रतिनिधित्व कानून की धाराओं का उल्लंघन है। माकन ने कहा कि 23 लोगों के 14 लाख रुपये का ब्योरा नहीं होने पर कांग्रेस से जबरन 135 करोड़ वसूले गए और एक महीने से ज्यादा समय तक पार्टी के खाते फ्रीज रहे, मगर भाजपा के मामले में आयकर विभाग आंख पर पट्टी बांधकर बैठा है। जयराम ने कहा कि यह आरोप नहीं बल्कि चुनाव आयोग के रिकार्ड से हासिल तथ्य हैं।

माकन ने कहा कि 1993-94 के मामले में 53 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस भेजा है। इससे साफ है कि कांग्रेस के चुनाव अभियान को अलोकतांत्रिक तरीके से पंगु बनाया जा रहा है, जिसमें आयकर विभाग भाजपा के फ्रंटल संगठन जैसी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि चालानी डायरी के आधार पर येदियुरप्पा डायरी, जैन डायरी, सहारा व बिड़ला डायरी से लेकर बंडारू लक्ष्मण आदि मामले का संज्ञान लेकर भाजपा को दंडित क्यों नहीं किया?

केसी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा अधिकारियों का गुंडों की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके खिलाफ शनिवार और रविवार को देशव्यापी प्रदर्शन करेगी।

- राहुल ने कहा- यह 'कर आतंकवाद'; भाजपा से भी वसूले जाएं 4,600 करोड़
- बोली, आम चुनाव में विपक्ष के लिए नहीं रह गया है समान अवसर
- भाजपा के मामले में आंख पर पट्टी बांधकर बैठा है आयकर विभाग
- अलोकतांत्रिक और अवैध तरीके से पंगु बनाया जा रहा कांग्रेस का चुनाव अभियान



राहुल गांधी। फाइल



नई दिल्ली में शुक्रवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश, अजय माकन प्रेट्र

### भाकपा को भी आयकर का नोटिस

पिछले कुछ वर्षों के दौरान टैक्स रिटर्न दाखिल करने में पुराने पैन कार्ड का इस्तेमाल को लेकर भाकपा को भी आयकर विभाग से नोटिस मिला है। इसमें पूछा है कि इसके लिए पेनाल्टी क्यों न लगा दी जाए। पार्टी इस मामले में वकीलों से परामर्श कर रही है। वहीं, टैक्स रिटर्न में बैंक खाते की घोषणा नहीं करने के लिए माकपा की 2016-17 के लिए कर छूट वापस लेकर 15.59 करोड़ रुपये का कर लगाया है।

### तृणमूल सांसद साकेत गोखले को आयकर के 11 नोटिस

तृणमूल कांग्रेस के सांसद साकेत गोखले ने शुक्रवार को बताया कि पिछले 72 घंटों में उन्हें आयकर विभाग से 11 नोटिस प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा, 'यह हास्यास्पद है कि मोदी सरकार यह दिखावा भी नहीं कर रही है कि वह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होने देगी। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले विपक्ष पर दबाव बनाने का हर प्रयास किया जा रहा है।'

### एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है भाजपा: मल्लिकार्जुन खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'सिर्फ विपक्ष के विरुद्ध इस अन्यायपूर्ण तरीके से काम करने के लिए आयकर विभाग पर कौन दबाव डाल रहा है? प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का उत्पीड़न करने के लिए आयकर विभाग को हथियार की तरह क्यों इस्तेमाल किया जा रहा है। वे लोकतंत्र को खत्म करने और संविधान को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी, सीबीआइ जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं।' 'हमारा सीधा सवाल है कि भाजपा को पेनाल्टी से छूट क्यों मिल रही है? क्या कई वर्ष पहले के ये आयकर नोटिस लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भेजे जाने से भाजपा की समान अवसर छीनने की साजिश साबित नहीं होती?' उन्होंने कहा कि आयकर विभाग द्वारा 1993-94 के लिए 54 करोड़, 2016-17 के लिए 182 करोड़, 2017-18 के लिए 179 करोड़, 2018-19 के लिए 918 करोड़ और 2019-20 के लिए 480 करोड़ का जुर्माना लगाया गया है। 'हम देश की संस्थाओं को भाजपा की तानाशाही से मुक्त कराएंगे।'

## नियमों के तहत हो रही कांग्रेस के विरुद्ध कार्रवाई : आयकर विभाग

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

- कहा, कोर्ट ने भी माना कि कांग्रेस को पक्ष रखने के लिए दिया पर्याप्त समय
- कांग्रेस से बकाये कर की जो मांग रखी गई है, वह पूरी तरह न्यायसंगत



दिल्ली हाई कोर्ट ने जिस तरह आयकर की समय पर अदायगी नहीं करने के मामले में कांग्रेस को झटका दिया है उसे आयकर विभाग अपनी जीत के तौर पर देख रहा है। आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभी तक कांग्रेस से आयकर वसूलने को लेकर जो भी कार्रवाई हुई है, वह पूरी तरह से नियमों के तहत ही हो रही है। दिल्ली हाई कोर्ट ने भी आयकर विभाग के इस पक्ष को स्वीकार किया है।

आयकर विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अदालत ने यह बात मानी है कि कांग्रेस को पूर्व में अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त समय दिया गया है और उससे बकाये कर की जो मांग रखी गई है, वह न्यायसंगत है। उक्त अधिकारी के दावे के मुताबिक हाई कोर्ट ने यह माना है कि आयकर विभाग के पास कांग्रेस के विरुद्ध पर्याप्त सुबूत हैं।

विभाग का तर्क है कि वर्ष 2018-19 में कांग्रेस ने धारा-13ए का उल्लंघन किया था, जिसकी वजह से बतौर राजनीतिक दल आयकर की जिन धाराओं से उसे छूट मिली हुई थी, उसे वापस ले लिया गया था। इस बारे में बकाये कर की मांग वर्ष 2021 में की गई थी और इस बारे में कई बार पार्टी को सूचना भेजी गई।

इस पर रोक लगाने का कांग्रेस का प्रस्ताव खारिज भी किया गया। बकाये कर की मांग के 33 महीने बीत जाने और आयकर आयुक्त के आदेश के 10 महीने बाद भी पार्टी की तरफ से संबंधित राशि का भुगतान नहीं किया गया।

आयकर अपीलीय ट्रिब्यूनल (आइटीएटी) में यह मामला लंबित है, जिसमें कांग्रेस को अपना पक्ष रखने का मौका दिया गया, लेकिन कांग्रेस ने मामले को लटकाने के लिए आइटीएटी में अपना पक्ष नहीं रखा। इसके बाद ही पार्टी से 135 करोड़ रुपये की रिकवरी की शुरुआत की गई। आइटीएटी के विरुद्ध कांग्रेस ने दिल्ली हाई कोर्ट में आवेदन किया था जिसे 13 मार्च को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद ही संबंधित राशि की रिकवरी के लिए कदम उठाया।

## यात्रा

### उप्र के इस अनछुए वन की नैसर्गिक छटा मोह लेगी मन



**बलरामपुर:** समय के साथ पर्यटन का स्वरूप भी बदल रहा है। अब चिड़ियाघर की जगह जानवरों के प्राकृतिक आवास यानी जंगल की सैर लोगों को अधिक रोमांचित करती है। इसके लिए आप उप्र के बलरामपुर का रुख कर सकते हैं।

● पेज-7

## संपादकीय

**छात्रों के लिए बोझ बनी शिक्षा:** यदि भारत को अपनी युवा आबादी का लाभ उठाना है तो शिक्षा के तौर-तरीकों और साथ ही युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान देना होगा। **सृजन पाल सिंह** का दृष्टिकोण।



**विभूतियों के सम्मान का अद्भुत क्षण:** एक साथ देश की पांच विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना एक अनूठा अवसर है। **केसी त्यागी** का आलेख।

● पेज-8

## विमर्श

**शोधकार्यों में नवाचार को मिले प्रोत्साहन:** देश में अनुसंधान को बढ़ावा देने, परीक्षाओं से जुड़े छात्रों के तनाव को कम करने और प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए यूजीसी द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसे ही विश्लेषित कर रहे हैं, **कैलाश बिश्नोई**।

**सभी तक पहुंचे विकास का लाभ:** पिछले एक दशक से भारत में आर्थिक विकास की गति तेज हुई है। परंतु मानव विकास की गति में वह तेजी परिलक्षित नहीं हो रही है, लिहाजा इस दिशा में व्यापक प्रयास की आवश्यकता है। **प्रो. लल्लन प्रसाद** का आलेख।

● पेज-9

## आइपीएल

आज का मैच

लखनऊ सुपरजायंट्स vs पंजाब किंग्स

शाम 7:30 बजे | स्थान: लखनऊ

प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स/जियो सिनेमा

## दैनिक जागरण सप्तरंग

जोश नई राहों का

मनकी राह

आनलाइन करें स्मार्ट तैयारी और अभ्यास



● पेज-13

### विधायक राजू पाल हत्याकांड में छह को उम्रकैद

**लखनऊ :** प्रयागराज के बहुचर्चित विधायक राजू पाल हत्याकांड में शुक्रवार को सीबीआइ की विशेष अदालत ने छह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सातवें को चार वर्ष की सजा हुई है। इन सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। सीबीआइ कोर्ट की विशेष न्यायाधीश ने इनको सजा सुनाई है। बता दें, 25 जनवरी 2005 को प्रयागराज के धूमनगंज में तत्कालीन बसपा विधायक राजू पाल, उनके सहयोगी देवीदीन पाल और संदीप यादव की हत्या हुई थी। (पेज-6)

## बिहार में 26 सीटों पर लड़ेगा राजद, कांग्रेस को मिलीं नौ सीटें

- सीट बंटवारे में राजद की चली, कांग्रेस को नहीं मिली औरंगाबाद और पूर्णिया सीट
- गठबंधन में शामिल भाकपा माले को तीन और माकपा व भाकपा को दी एक-एक सीट



पटना में शुक्रवार को महागठबंधन में लोस सीटों के बंटवारे के बाद सूची दिखाते, बाएं से, सीपीआइ के रामनरेश पांडेय, राजद के अब्दुल बारी, जगदानंद सिंह, कांग्रेस के अखिलेश प्रसाद व भाकपा माले के धीरेंद्र झा। जागरण

राज्य ब्यूरो, पटना

बिहार में राजद, कांग्रेस और वामदलों के सहयोग से बने महागठबंधन में लोकसभा सीटों का बंटवारा हो गया है। सीट बंटवारे में पूरी तरह से राजद की चली। कांग्रेस जिन दो सीटों पर औरंगाबाद और पूर्णिया पर अड़ी थी, वह सीट उसे नहीं मिलीं। इन दोनों सीटों पर राजद के प्रत्याशी ही मैदान में उतरेंगे। विकासशील इंसान पार्टी को लेकर भी संशय अब तक बरकरार है।

**महागठबंधन का संयुक्त एलान :** शुक्रवार को राजद कार्यालय में महागठबंधन की संयुक्त प्रेस कान्फ्रेंस में सहयोगी दलों को आवंटित सीटों की घोषणा की गई। राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अब्दुलबारी सिद्दिकी ने बताया कि राजद 26 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। जबकि कांग्रेस को नौ सीटें दी गई हैं। जबकि वामदलों के हिस्से पांच सीटें आई हैं।

राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने कहा कि महागठबंधन के सभी सहयोगी दलों के साथ लगातार हुई समीक्षा बैठक के बाद सीटों का बंटवारा किया गया है। तेजस्वी यादव ने विकास और रोजगार की जो लंबी लकीर खींची है उसे ध्यान में रखते हुए सहयोगी दलों के साथ सीटें बांटी गई हैं। हमारे बीच सीटों को लेकर किसी प्रकार का विवाद नहीं।

पप्पू यादव और मुकेश सहनी से जुड़े सवाल पर मनोज झा ने कहा कि हमने व्यक्तिगत आधार पर सीटों का बंटवारा नहीं किया है। हमारा गठबंधन दलों के साथ है न कि किसी व्यक्ति के साथ।

### राजद की 26 सीटें

गया, नवादा, जहानाबाद, औरंगाबाद, बक्सर, पाटलिपुत्र, मुंगेर, जमुई, बांका, वाल्मीकि नगर, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली, सारण, सिवान, गोपालगंज, उजियारपुर, दरभंगा, मधुबनी, झंझारपुर, सुपौल, मधेपुरा, पूर्णिया, अररिया और हाजीपुर

### कांग्रेस को मिलीं ये नौ सीट

किशनगंज, कटिहार, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिमी चंपारण, पटना साहिब, सासाराम और महाराजगंज।

### वामदलों को मिली पांच सीटें

- भाकपा माले को मिली आरा, काराकाट और नालंदा की सीटें
- भाकपा को बेगूसराय
- माकपा को खगड़िया

## रामलीला मैदान की महारैली में ताकत दिखाएगा आइएनडीआइए

राज्य ब्यूरो,नई दिल्ली

- विपक्षी गठबंधन की 31 मार्च को प्रस्तावित महारैली को दिल्ली पुलिस ने दी अनुमति
- राहुल, खरगे, उद्धव, तेजस्वी, अखिलेश, चम्पाई सोरेन, भगवंत मान रहेंगे मौजूद

आबकारी घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की रामलीला मैदान में 31 मार्च को प्रस्तावित महारैली को दिल्ली पुलिस से अनुमति मिल गई है। महारैली का नारा, तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ, रहेगा। इस रैली में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पंजाब के सीएम भगवंत मान, पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार, शिवसेना (यूटीबी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, झारखंड के सीएम चम्पाई सोरेन आदि मौजूद रहेंगे।

आप के दिल्ली संयोजक व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) को इस महारैली में 20 हजार से अधिक लोगों के शामिल होने की अनुमति मिली है। उन्होंने कहा कि अन्य प्रमुख राजनीतिक नेता और आइएनडीआइए के सदस्यों में नेशनल कान्फ्रेंस के फारूक अब्दुल्ला, पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती, सीपीआइ-एम के सीताराम येचुरी, टीएमसी के डेरेक ओ'ब्रायन, डीएमके के तिरुचि शिवा, जेल में बंद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी रैली में शामिल होंगी।

आप के वरिष्ठ नेताओं के अनुसार वे रविवार को रामलीला मैदान में महारैली के रूप में बड़े प्रदर्शन की योजना बना रहे हैं, जहां से वे 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान शुरू किया जाएगा। राय ने कहा कि रैली में ज्यादा से ज्यादा लोग आएं, इसके लिए त्रिस्तरीय योजना बनाई गई है। राय ने दावा किया कि जब से केंद्र की भाजपा सरकार ने मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया है, तब से लोगों में भारी गुस्सा है।

जर्मनी व अमेरिका के बाद यूएन ने उठाया सीएम की गिरफ्तारी का मुद्दा पेज>>2

### केजरीवाल की पत्नी शुरू कर सकती हैं सियासी पारी



**जासं, नई दिल्ली :** अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद पत्नी सुनीता उनका संदेश लेकर वह दो बार जनता के सामने आ चुकी हैं और इसी को देखते हुए उनके राजनीति में सक्रिय होने के कयास लगाए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि महारैली में भी केजरीवाल का संदेश लेकर जनता के सामने वह आ सकती हैं। आप रणनीतिकारों का मानना है कि महारैली की सफलता का असर लोकसभा चुनाव पर भी पड़ेगा। (पेज-2)

### हरदीप ने सुनीता की तुलना राबड़ी देवी से की



केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि केजरीवाल का राजनीतिक जीवन अब कुछ समय का रह गया है। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार होने पर बिहार के तत्कालीन सीएम लालू यादव ने पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बना दिया था। अब केजरीवाल भी पत्नी को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंपना चाहते हैं। दरअसल, अरविंद केजरीवाल की अनुपस्थिति में सुनीता केजरीवाल ही हैं, जिनके नाम पर पार्टी एकजुट है। पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि अरविंद केजरीवाल की अनुपस्थिति में वह अपनी सक्रियता बढ़ाएं। इसे ध्यान में रखते हुए पार्टी रणनीति तैयार कर रही है। पार्टी की रणनीति सीएम की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर जनता से सहानुभूति लेना है। इसे सुनीता केजरीवाल के माध्यम से ही बेहतर ढंग से उठाया जा सकता है।


### सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआइ जांच को दी मंजूरी

**नई दिल्ली :** गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व जेल मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआइ जांच की मंजूरी दे दी है। उगाही को लेकर सुकेश चंद्रशेखर की शिकायत मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत गृह मंत्रालय ने जांच को स्वीकृति दी है। (पेज-2)

### महासमर 2024

भरोसेमंद साथी बनकर उभरने का अवसर पेज>>3
बिहार में पप्पू नहीं छोड़ेंगे हाथ का साथ, चार को पूर्णिया से करेंगे नामांकन पेज>>4
तमिलनाडु में होगा चमत्कार, बड़ा परिवर्तन लाएंगे नवरत्न : मोदी पेज>>5

### आडवाणी को आज भारत रत्न से सम्मानित करेंगी राष्ट्रपति



**नई दिल्ली, प्रेट्र :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार को पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित करेंगी। देश के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों चौधरी चरण सिंह और नरसिंह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर, हरित क्रांति के माध्यम से खाद्यान्न में देश को आत्मनिर्भर बनाने वाले प्रख्यात विज्ञानी एमएस स्वामीनाथन को भी मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इन विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा की थी। भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।

## मुख्तार की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रियल जांच होगी



मुख्तार अंसारी। फाइल



बांदा स्थित मेडिकल कालेज के पोस्टमार्टम हाउस से पुलिस सुरक्षा के बीच माफिया मुख्तार अंसारी का शव लेकर जाते कर्मी। जागरण

जागरण संवाददाता, बांदा

- पोस्टमार्टम में पुष्टि- हृदय गति रुकने से हुई मौत, विसरा रखा सुरक्षित, बेटा-बहू को मिला शव

उप्र की बांदा जेल में बंद रहे माफिया मुख्तार अंसारी की मौत मामले में न्यायिक और मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। जिला कारागार बांदा के वरिष्ठ अधीक्षक की न्यायिक जांच की मांग पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवान दास गुप्ता ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी-एमएलए कोर्ट गरिमा सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त कर एक माह में रिपोर्ट मांगी है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजेश कुमार को मजिस्ट्रीयल जांच सौंपकर 15 दिन में रिपोर्ट देने के लिए कहा है। वहीं मुख्तार के बेटे उमर ने जिलाधिकारी को पत्र लिख मौत को स्वाभाविक न मानकर सुनियोजित हत्या का आरोप लगाया है।

मुख्तार की गुरुवार रात मौत के बाद शुक्रवार दोपहर एक बजे तीन मजिस्ट्रेट, पांच सदस्यीय डाक्टरों के पैनल ने सीएमओ समेत वरिष्ठ अफसरों की निगरानी में पोस्टमार्टम शुरू किया। पांच डाक्टरों के पैनल ने हृदय गति रुकने से उसकी मौत होने की पुष्टि की। पोस्टमार्टम हाउस के बाहर माफिया के गुर्गे जरूर दिखे पर अपनों में बेटा-बहू ही आए। मुख्तार का शव शाम को कड़ी सुरक्षा में सौ वाहनों के काफिले के साथ गाजीपुर रवाना किया गया। उसका शव शनिवार सुबह सिपुर्द-ए-खाक किया जाएगा।

गुरुवार रात बिगड़ी थी तबीयत पेज>>6

### अखिलेश और मायावती ने की जांच की मांग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती ने मुख्तार अंसारी की मौत की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। सपा मुखिया ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए इस मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के जज की निगरानी में कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश 'सरकारी अराजकता' के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा है। ये यूपी में 'कानून-व्यवस्था का शून्यकाल है।'

## तकनीक

**बिल गेट्स से बातचीत के दौरान डीपफेक में एआइ के इस्तेमाल पर चिंता जताई, माइक्रोसाफ्ट के सह- संस्थापक ने भारत में विकसित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को सराहा**

## रोजमर्रा की जिंदगी आसान बनाने के लिए हो एआइ का प्रयोग : मोदी

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का इस्तेमाल आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन को आसान बनाने के लिए करने की जरूरत पर बल दिया है। माइक्रोसाफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री ने डीपफेक में एआइ के इस्तेमाल पर चिंता भी जताई और इसके गलत इस्तेमाल से लोगों को बचाने के लिए डीपफेक पर एआइ जनरेटेड जानकारी देने की जरूरत भी बताई। बिल गेट्स ने भारत में विकसित डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसके व्यापक इस्तेमाल की प्रशंसा की है। नमो एप पर एक सेल्फी के सहारे प्रधानमंत्री के साथ खींचे गए सभी फोटो को देखकर गेट्स आश्चर्यचकित थे।

एआइ के बेहतर इस्तेमाल का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के दौरान इसका इस्तेमाल कर विदेशी मेहमानों और स्थानीय ड्राइवरों के बीच सुचारु संवाद सुनिश्चित किया गया था। इसी तरह से उन्होंने काशी तमिल संगमम में एआइ के सहारे अपने भाषण का रियल टाइम में तमिल में अनुवाद करने के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने नमो एप पर एआइ के इस्तेमाल को खुद देखने के लिए बिल गेट्स को अपनी सेल्फी लेने को कहा। सेल्फी लेते ही गेट्स की प्रधानमंत्री मोदी के साथ सभी तस्वीरें स्क्रीन पर आ गईं।

प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बताया कि डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर के सहारे भारत डिजिटल विभाजन को खत्म करने में सफल रहा है। सुदूर ग्रामीण इलाकों में भी लोग बिना किसी दिक्कत के इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने चौथी औद्योगिक क्रांति में डिजिटल की अहम भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि गुलामी के कारण भारत पहली और दूसरी औद्योगिक क्रांति में पिछड़ गया था। लेकिन चौथी औद्योगिक क्रांति में वह निश्चित रूप से अपना स्थान बनाने में सफल होगा।



नई दिल्ली में अपने आवास पर माइक्रोसाफ्ट सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने जो हाफ जैकेट पहन रखी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। प्रेट्र

### महिलाओं को सर्विकल कैंसर से बचाना सरकार की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिल गेट्स को बताया कि महिलाओं को सर्विकल कैंसर से बचाना उनकी पहली प्राथमिकता है और इस पर अनुसंधान के लिए आगामी बजट में विशेष प्रविधान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कैंसर की वजह से छोटी-छोटी बच्चियों का जीवन खतरे में पड़ जाता है। इस पर भारत में विशेष अनुसंधान शुरू किया जाएगा, ताकि स्वदेशी और सस्ता टीका तैयार किया जा सके। भारत में बने कोरोना के स्वदेशी टीके और 200 करोड़ से अधिक डोज के सफल टीकाकरण अभियान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि अपनी तीसरी पारी में वह देश की सभी बच्चियों का टीकाकरण सुनिश्चित कराना चाहते हैं।

स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि में डिजिटल तकनीक के प्रयोग का काम शुरू हो गया है पेज>>7

********

27 मार्च को जालंधर से आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा में शामिल हुए और 28 मार्च को पंजाब में सत्तारूढ़ भगवंत मान सरकार ने उनकी सुरक्षा घटा दी। रिंकू की सुरक्षा में आठ पुलिस कर्मी तैनात थे। सरकार ने चार को वापस बुला लिया है।

www.jagran.com राष्ट्रीय संस्करण
दैनिक जागरण
शनिवार 30 मार्च, 2024

# रामबन में 300 मीटर गहरी खाई में गिरा वाहन, 10 की मौत

## प्रवासी मजदूरों को लेकर जा रहे वाहन से जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर हादसा, तेज रफ्तार और ओवरलोडिंग माना जा रहा कारण

### मृतकों में आठ बिहार, एक जम्मू और एक उत्तर प्रदेश का श्रमिक, पीएम, राष्ट्रपति ने जताया दुख

**जागरण संवाददाता, ऊधमपुर**

जम्मू-कश्मीर के रामबन में तेज गति और ओवरलोडिंग फिर बड़े सड़क हादसे का कारण बनी। प्रवासी मजदूरों को लेकर जम्मू से श्रीनगर जा रहा वाहन रामबन में राष्ट्रीय राजमार्ग से करीब 300 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक समेत 10 की मौत हो गई। दुर्गम क्षेत्र में बारिश के बीच करीब आठ घंटे चले अभियान के बाद शवों को खाई से बाहर निकाला जा सका। मृतकों में आठ बिहार, एक उत्तर प्रदेश और एक जम्मू निवासी चालक हैं। मृतकों में अधिकतर आपस में रिश्तेदार हैं, जो मजदूरी के लिए श्रीनगर जा रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा व केंद्रीय राज्यमंत्री डा. जितेंद्र सिंह ने हादसे पर गहरा दुख जताया है। पीएम ने एक्स पर एक पोस्ट में गहरी संवेदना व्यक्त की। पीएम राहत कोष से मृतकों के स्वजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है।


रामबन जिला के बैटरी चश्मा इलाके में इसी जगह से टवेरा वाहन नीचे गिरा था। जागरण

तेज रफ्तार भी हादसे की वजह हो सकती है। यदि रफ्तार नियंत्रित होती तो शायद वाहन पैराफिट से टकरा कर रुक जाता। हादसे के वास्तविक कारणों पर अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।
–रोहित बसकोत्रा, एसएसपी ट्रैफिक रामबन

**आठ की थी क्षमता, बैठे थे दस :** जानकारी के अनुसार, जम्मू से वाहन गुरुवार रात श्रमिकों को लेकर श्रीनगर के लिए निकला। इसमें चालक सहित आठ लोगों के बैठने की क्षमता थी, लेकिन 10 लोग सवार थे। मध्यरात्रि करीब दो बजे जब वाहन रामबन पहुंचा तो बारिश हो रही थी। बैटरी चश्मा क्षेत्र में चालक नियंत्रण नहीं रख सका और वाहन सड़क किनारे पैराफिट को तोड़कर खाई में गिर गया। खाई में ड्राइविंग लाइसेंस व एक अन्य पहचान पत्र के आधार पर वाहन चालक तथा एक श्रमिक की शुरू में पहचान संभव हो पाई। शाम को अन्य मृतकों की पहचान हो पाई।

## सोनमर्ग में हिमस्खलन में दबे वाहन, सभी सात सवार बचाए

**जागरण संवाददाता, श्रीनगर**

- श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर पहाड़ी से सड़क पर खिसक आई थी बर्फ
- गुलमर्ग, सोनमर्ग समेत कश्मीर के अधिकांश ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात

कश्मीर के सोनमर्ग इलाके में शुक्रवार दोपहर को बर्फबारी के बीच भारी हिमस्खलन हुआ। इसकी चपेट में आने से दो वाहन बर्फ में दब गए, जिनमें सात लोग सवार थे। सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया। बता दें कि इस मार्ग के दोनों ओर और आसपास की पहाड़ियों पर दो से चार फीट बर्फ जमी है। इधर, शुक्रवार को गुलमर्ग, सोनमर्ग समेत कश्मीर के अधिकांश ऊंचे क्षेत्रों में हिमपात हुआ। इससे हिमस्खलन की आशंका और भी बढ़ गई है। प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने तथा पर्यटकों को भी उच्च इलाकों में न जाने की सलाह दी है। श्रीनगर समेत निचले क्षेत्रों में भारी वर्षा हुई। जम्मू में सुबह हल्के बादल छाए थे, किंतु दोपहर तक आसमान साफ हो गया। मौसम विभाग ने शनिवार को कश्मीर के अधिकांश इलाकों में बर्फबारी व बारिश की संभावना जताई है।

हिमस्खलन की घटना श्रीनगर-सोनमर्ग मार्ग पर दोपहर करीब ढाई बजे हुआ। उस दौरान हिमपात भी हो रहा था। पहाड़ी से बर्फ का विशाल तौंदा (बर्फ का बड़ा हिस्सा) खिसकने लगा। देखते ही देखते यह सड़क पर आ गिरा। उस समय वहां से वाहनों की आवाजाही जारी थी, जिससे दो वाहन बर्फ के तौंदे की चपेट में आ गए। इस दौरान वाहनों में फंसे लोगों को बचाने के लिए आसपास के लोग दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही पुलिस भी पहुंच गई और सभी को सुरक्षित निकाल लिया है।


जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में शुक्रवार को हिमस्खलन के कारण बर्फ में वाहन के दबने के बाद राहत-बचाव में जुटे कर्मी। एएनआइ

## राष्ट्रपति के नाम संपत्ति गिरवी करने पर रेलवे देगी हाउस बिल्डिंग एडवांस

**जागरण संवाददाता, जमशेदपुर :** यदि किसी रेल कर्मचारी को फ्लैट या जमीन खरीदनी है और वे चाहते हैं कि उन्हें रेलवे से हाउस बिल्डिंग एडवांस (एचबीए) मिले तो ऐसी स्थिति में उन्हें देश के राष्ट्रपति के नाम अपनी खरीदी जा रही संपत्ति को गिरवी रखना होगा। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक (फाइनांस, इस्टेबलिसमेंट) संजय परासर ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि यदि संबधित रेल कर्मचारी के बेटा-बेटी (आश्रित, पत्नी छोड़कर) रेलवे या सरकारी कर्मचारी नहीं हैं, किसी निजी कंपनी में कार्यरत हैं और नई संपत्ति खरीदने के लिए ऋण चाहते हैं तो उन्हें एक शपथ पत्र (अंडर टेकिंग) लिखकर देना होगा कि वे मिलकर हाउस बिल्डिंग एडवांस के तहत ली गई ऋण की राशि चुकाएंगे। तब तक परिसंपत्ति राष्ट्रपति के नाम पर रेलवे के पास गिरवी रहेगी।

हाउस बिल्डिंग एडवांस के तहत रेलवे अपने संबधित कर्मचारी की बेसिक व नौकरी की बची हुई कार्यावधि देखती है। संबधित कर्मचारी के कुल वेतन का 50 प्रतिशत ऋण अदायगी, 10 प्रतिशत आपात स्थिति पर खर्च करने व 40 प्रतिशत शेष राशि घर खर्च के आधार पर गणना कर अधिकतम 50 लाख रुपये तक ऋण देने का प्रविधान किया गया है। ब्याज की दर छह प्रतिशत निर्धारित है।

## गुरुवार रात बिगड़ी थी तबीयत

प्रथम पृष्ठ से आगे

बांदा जेल में सात अप्रैल, 2021 से बंद माफिया मुख्तार अंसारी की तबीयत गुरुवार रात बिगड़ी थी। 8:25 बजे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कड़ी सुरक्षा में उसका शव देर रात 12:24 बजे पोस्टमार्टम हाउस लाया गया। प्रशासन ने शुक्रवार आठ बजे से पोस्टमार्टम कराना तय किया, लेकिन डाक्टरों के पांच सदस्यीय पैनल में एसजीपीजीआइ लखनऊ के एक चिकित्सक के पहुंचने में विलंब हो गया।

सीएमओ एके श्रीवास्तव निगरानी में जिला अस्पताल बांदा के डा. एसडी त्रिपाठी, डा. महेश गुप्ता, डा. विकासदीप बिलाटिया और मेडिकल कालेज के डा. मुकेश बंसल ने पोस्टमार्टम किया। 3:52 बजे पोस्टमार्टम से बाहर निकले डाक्टरों ने हृदयगति रुकने से मृत्यु की पुष्टि की। इसके साथ ही असल वजह जानने के लिए हृदय व शरीर के अहम अंगों का विसरा सुरक्षित कर लिया। 4:40 बजे मुख्तार का शव बेटे उमर को सौंपा गया।

**बेटे का आरोप, सुनियोजित हत्या :** मुख्तार अंसारी के बेटे उमर अंसारी की ओर से जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल को दिए गए पत्र में कहा गया है कि उन्होंने पहले ही कोर्ट को बताया था कि पिता को जेल में जहर दिया जा रहा है। दिल्ली एम्स के डाक्टरों से पोस्टमार्टम कराएं। उसने आरोप लगाया कि दबाव के चलते इलाज सही नहीं हुआ।

उमर अंसारी ने पत्र में ये भी बताया कि 21 मार्च को ही बाराबंकी और मऊ एमपी-एमएलए कोर्ट में पेशी के दौरान अधिवक्ता ने जहर दिए जाने की जानकारी दी थी। 40 दिन पहले भी उन्हें जहर दिया गया था। 26 मार्च को हालत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचा पर पिता से मिलने नहीं दिया गया। अधिकारी इस संबंध में चुप्पी साधे रहे।

## मुख्तार के बेटों ने रूपनगर में लीज पर ले रखी वक्फ बोर्ड की जमीन

**जागरण संवाददाता, रूपनगर**

गैंगस्टर और उत्तर प्रदेश के मऊ से पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी का रूपनगर से खास नाता रहा। अंसारी के बेटों अब्बास और उमर ने जिले के गांव सनाना में वक्फ बोर्ड की जमीन लीज पर ले रखी है। अंसारी को फिरौती मांगने के मामले में दो वर्ष ढाई माह जिला जेल रूपनगर में रखा गया था।

अंसारी जब रूपनगर जेल में थे तो लीज पर ली गई जमीन का मामला खूब उछला था। वक्फ बोर्ड के अधिकारियों ने तब अपना पक्ष यह दिया था कि जमीन नीलामी का समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया गया था और सबसे ज्यादा बोली देने पर अब्बास और उमर को यह जमीन आवंटित की गई थी। यह जमीन रूपनगर शहर से छह-सात किलोमीटर दूर है। जमीन वर्ष 2019 में लीज पर अलाट की गई थी। इस जमीन का इस्तेमाल रूपनगर जेल में अंसारी के न्यायिक हिरासत में रहने के दौरान अंसारी के परिवार और उसके करीबी रिहायश के तौर पर कर रहे थे। वर्ष 2022 में इस जमीन की लीज रिन्यू भी की गई है।


अपने बेटों के साथ मुख्तार अंसारी। फाइल

**मोरिंडा में हुई हत्या मामले में भी आरोपित था अंसारी :** उल्लेखनीय है कि रूपनगर पुलिस ने मोरिंडा के एक गांव में हुए मजदूर की हत्या के आठ साल पुराने मामले में मुख्तार अंसारी को आरोपित बनाया था, लेकिन उस मजदूर की मां ने मीडिया के सामने बयान दिया था कि उनका अंसारी से कोई संबंध नहीं है। वह उसे जानती भी नहीं है। बाद में इस केस का क्या हुआ, पता नहीं चला।

## विधायक राजू पाल हत्याकांड में छह को उम्रकैद

**जागरण संवाददाता, लखनऊ**

- बहुचर्चित हत्याकांड में सीबीआइ की विशेष अदालत ने सुनाई सजा
- प्रयागराज के धूमनगंज में वर्ष 2005 में हुई थी दिनदहाड़े हत्या

प्रयागराज के बहुचर्चित विधायक राजू पाल हत्याकांड में शुक्रवार को सीबीआइ की विशेष अदालत ने छह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। सातवें को चार वर्ष की सजा हुई है। इन सभी पर जुर्माना भी लगाया गया है। सीबीआइ कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कविता मिश्रा ने इनको सजा सुनाई है। बता दें, 25 जनवरी 2005 को प्रयागराज के धूमनगंज में तत्कालीन बसपा विधायक राजू पाल, उनके सहयोगी देवीदीन पाल और संदीप यादव की हत्या हुई थी। राजू की पत्नी पूजा ने आरोप लगाया गया था कि हत्या माफिया एवं तत्कालीन सांसद अतीक अहमद के इशारे पर हुई थी। हत्याकांड में अतीक और भाई अशरफ भी नामजद था, लेकिन 15 अप्रैल, 2023 को दोनों की पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई थी।

सुनवाई के दौरान कोर्ट में उपस्थित छह दोषियों में आबिद, फरहान अहमद, जावेद, गुल हसन, रंजीत पाल व अब्दुल कवि को आजीवन कारावास की सजा हुई है। इन पर 11.65 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। कोर्ट ने साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर इनको साजिश, बलवा, सशस्त्र बलवा, हत्या और जानलेवा हमले का दोषी माना है। सातवें दोषी इसरार अहमद को आर्म्स एक्ट की धारा 27 के तहत दोषी ठहराते हुए चार वर्ष की सजा सुनाई और 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। केस की सुनवाई के दौरान फरहान चित्रकूट जेल से हाजिर हुआ, जबकि अब्दुल कवि वीडियो कान्फ्रेंस से पेश हुआ। इसरार कोर्ट में हाजिर नहीं हुआ तो उसका गैर जमानती वारंट जारी किया गया।


राजू पाल बसपा विधायक थे। जागरण

**राजू पाल की पत्नी ने भी हराया अशरफ को :** राजू पाल 2004 में इलाहाबाद पश्चिमी सीट के लिए हुए विधानसभा उपचुनाव में बसपा के टिकट पर मैदान में थे। राजू पाल के सामने माफिया अतीक अहमद का छोटा भाई अशरफ सपा के टिकट से मैदान में था, जबकि अतीक सपा से फूलपुर का सांसद था। इस चुनाव में राजू पाल ने अशरफ को हरा दिया था। राजू की हत्या के बाद बसपा ने उनकी पत्नी पूजा पाल को 2007 के यूपी विधानसभा चुनाव में इलाहाबाद पश्चिमी सीट से ही टिकट दिया था। इस सीट पर पूजा के मुकाबले सपा ने अतीक के भाई अशरफ को टिकट दिया था। पूजा ने भी अशरफ को उस चुनाव में हरा दिया था।

**सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं : पूजा:** चायल से समाजवादी पार्टी की विधायक पूजा पाल सीबीआइ कोर्ट के फैसले को लेकर भावुक दिखीं। उनके विवाह को दस दिन भी नहीं हुए थे कि उनकी मांग उजड़ गई थी। सीबीआइ के फैसले पर विधायक पूजा पाल ने संतोष जताया और कहा कि सीबीआइ कोर्ट के आज के निर्णय से यह साबित हो गया कि सत्य परेशान हो सकता है, मगर पराजित नहीं। मैंने यह लड़ाई खुद के साथ ही प्रयागराज में शहर पश्चिमी के उन लोगों के लिए भी लड़ी, जो माफिया अतीक अहमद एवं उनके गुर्गों से पीड़ित थे। ईश्वर ने हम सभी का साथ दिया और कोर्ट से न्याय मिला।

### प्रयागराज के धूमनगंज में वाहन को रोककर किया गया था हमला

25 जनवरी, 2005 को प्रयागराज के धूमनगंज में अमित दीप मारुति एजेंसी के पास तत्कालीन विधायक राजू पाल, उनके सहयोगी देवीदीन पाल और संदीप यादव की हत्या हुई थी। राजू पाल अपने सहयोगी देवीदीन पाल और संदीप यादव के साथ करीब तीन बजे पोस्टमार्टम हाउस से घर लौट रहे थे। एजेंसी के पास सात से आठ लोगों ने उनके वाहन को रोका। अशरफ और अन्य ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी थी। विधायक राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने धूमनगंज थाने में अशरफ व माफिया अतीक अहमद समेत अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कराया था।

## मुख्तार अंसारी की मौत से ध्रुवीकरण की कोशिशों को लेकर भाजपा सतर्क

**राजीव दीक्षित, लखनऊ**

- कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर अब और आक्रामक होगी पार्टी
- संगठित अपराध पर नकेल कसने का मतदाताओं के बीच लेगी श्रेय

लोकसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जहां विपक्षी दलों ने सियासी पैंतरे दिखाते हुए सत्ताधारी दल पर हमले शुरू कर दिए हैं तो भाजपा भी कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर आक्रामक तरीके से मुखर होकर पलटवार करेगी। उत्तर प्रदेश की कानून एवं व्यवस्था को देश में नजीर बताने का कोई मौका नहीं चूकने वाली भाजपा मुख्तार की मौत से उपजी परिस्थितियों में प्रदेश में संगठित अपराध के खात्मे का श्रेय चुनावी मंचों से जरूर लेगी।

लोकसभा चुनाव की तपिश के दौरान मुख्तार की मौत से पैदा हुए हालात और पिछले वर्ष निकाय चुनाव के दौरान प्रयागराज में माफिया अतीक-अशरफ की हत्या से उपजी परिस्थितियों में भाजपा बनाम विपक्षी दलों के बीच जो राजनीतिक द्वंद्व दिख रहा है, उनमें काफी हद तक समानता है। फर्क इतना है कि तब पुलिस अभिरक्षा में अतीक-अशरफ की हत्या को लेकर हंगामा हुआ था और अब मुख्तार की मृत्यु को लेकर विपक्षी दल संदेह कर रहे हैं। तब भी भाजपा ने कानून-व्यवस्था पर नकेल कसने की अपनी प्रतिबद्धता को जनता के बीच मजबूती से रखते हुए विपक्षी दलों पर धारदार तरीके से पलटवार किया था।

संगठित अपराध के सूत्रधार के तौर पर मुख्तार उप्र का सबसे कुख्यात नाम था। योगी सरकार की मजबूत पैरवी की बदौलत ही पिछले डेढ़ वर्षों के दौरान कानून के मोर्चे पर मिली शिकस्त दर शिकस्त के कारण उसके आतंक का तंत्र लगातार बेबस और पंगु होता दिख रहा था। उसकी मौत से अपराध के एक अध्याय का अंत होने के साथ चुनावी सरगर्मी के बीच कानून-व्यवस्था का मुद्दा फिर जोरशोर से चर्चा में आ गया है।

भाजपा उत्तर प्रदेश में माफियाराज पर नकेल कसने को अपनी बड़ी उपलब्धि बताती रही है। मुख्तार की मौत के मुद्दे को तूल देकर राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव में ध्रुवीकरण की कोशिशों का भाजपा को भली-भांति आभास है। आने वाले दिनों में पूर्वांचल के गाजीपुर, मऊ, आजमगढ़, वाराणसी जिलों में इसकी तपिश महसूस होगी। लिहाजा भाजपा अब चुनाव प्रचार के दौरान कानून-व्यवस्था के मुद्दे को लेकर मतदाताओं के बीच और मुखर होगी।

## ऐसी घटनाओं पर नहीं करनी चाहिए राजनीति : अनुराग ठाकुर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मुख्तार अंसारी की मौत पर विपक्ष को राजनीति न करने की नसीहत दी है।



लखनऊ में अनुराग ठाकुर ने कहा कि इस प्रकरण में मेडिकल जांच हो चुकी है। न्यायिक जांच भी हो रही है। सच जानने का हक हर किसी को है। उन्होंने कहा कि आज कल 25 साल के युवा या 35 साल के लोगों को भी आर्ट अटैक आ जाता है।

केंद्रीय मंत्री ने इस प्रकरण में सवाल उठा रहे विपक्षी नेताओं से पूछा है कि राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों को यह भी तो बताना चाहिए कि आखिर इतने वर्षों तक जेल में किस अपराध के चलते थे और कौन संरक्षण देते थे। सपा, बसपा और कांग्रेस बताएं। आज राजनीतिक लाभ लेने के लिए इन सबके होंठ सिल गए। मुंह में दही जम गया है। कम से कम ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

## एसजीपीसी का 12.60 अरब का बजट पास

**जासं, अमृतसर :** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2024-25 का 12.60 अरब रुपये से अधिक का बजट सर्वसम्मति से पारित किया। उक्त बजट पिछले वर्ष की तुलना में 1.22 अरब रुपये अधिक है। एसजीपीसी के प्रमुख हरजिंदर सिंह धामी ने इसे अब तक का सबसे बड़ा बजट करार देते हुए कहा,उक्त बजट सिखों के धर्म प्रचार-प्रसार एवं शिक्षा पर आधारित है। धर्म प्रचार के लिए रिकार्ड एक अरब रुपये और शिक्षा के लिए 67 करोड़ रुपये से अधिक रखे गए हैं। एसजीपीसी के कर्मचारियों व अधिकारियों के वेतन के लिए भी 5.33 अरब रुपये निर्धारित किए गए हैं। दो घंटे तक चले बजट इजलास में पहली बार महासचिव मनोनीत हुए भाई रजिंदर सिंह मेहता ने बजट पढ़ा।

## भोजशाला के गर्भगृह में हो सकती है खोदाई


धार स्थित भोजशाला के इस भीतरी भाग का हुआ सर्वे। फाइल फोटो

**नईदुनिया, धार**

मप्र के धार की ऐतिहासिक भोजशाला के गर्भगृह में एएसआइ टीम खोदाई करवा सकती है। सर्वे के आठवें दिन शुक्रवार को टीम ने ग्राउंट पेनिट्रेटिंग रडार (जीपीआर) तकनीक का उपयोग किया। दो नए विशेषज्ञ फोटोग्राफर भी टीम के साथ जुड़े। उन्होंने पुरातन आकृति और शिलालेखों की फोटोग्राफी की, जिसकी प्राचीनता का सटीक विश्लेषण किया जाएगा। बता दें, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के आदेश पर 22 मार्च से भोजशाला में एएसआइ की टीम सर्वे कर रही है। हिंदुओं के मुताबिक, भोजशाला सरस्वती देवी का मंदिर है। सदियों पहले मुसलमानों ने इसकी पवित्रता भंग करते हुए यहां मौलाना कमालुद्दीन की मजार बनाई थी और अंग्रेज अधिकारी वहां लगी वाग्देवी की मूर्ति को लंदन ले गए थे।

भोजशाला के बाहरी परिसर में तीन स्थानों पर खोदाई का काम शुक्रवार को भी जारी रहा। यहां 10 से 12 फीट के गड्ढे खोदे जा चुके हैं। खोदाई के दौरान टीम को कुछ अवशेष प्राप्त हुए हैं। इनकी फोटोग्राफी करने के साथ ही प्राचीनता का पता भी लगाया जा रहा है। शनिवार को रंगपंचमी पर भी सर्वे का काम जारी रहेगा।

**सर्वे के बाद पढ़ी गई नमाज :** शुक्रवार सुबह छह से दोपहर 12 बजे तक छह घंटे का सर्वे कर टीम बाहर निकली। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों को नमाज पढ़ने के लिए भोजशाला में प्रवेश दिया गया। सर्वे के तहत भोजशाला परिसर के 50 मीटर के दायरे में खोदाई का काम किया जाना है। करीब आधे घंटे तक पिछले क्षेत्र में सफाई का काम किया गया। अनुमान है कि अब 50 मीटर के दायरे में व्यापक खोदाई वाले कार्य शुरू होंगे।

### जीपीआर तकनीक

जीपीआर तकनीक का उपयोग भूमिक के नीचे मौजूद आकृतियों का पता लगाने के लिए किया जाता है। जीपीआर का उपयोग चट्टान, मिट्टी, बर्फ, ताजा पानी सहित विभिन्न प्रकार के माध्यमों में किया जा सकता है। आधुनिक मशीन 15 मीटर (49 फीट) गहराई तक झांक सकती है।

**जश्न**

**चीता पुनर्वास परियोजना में देश में जन्मे पहले शावक की प्रथम वर्षगांठ पर कूनो में उत्सव, परियोजना की सफलता का प्रतीक है मादा शावक, साल भर काफी संघर्ष किया**

## कूनो के आंगन में खेलकर एक वर्ष की हुई 'मुखी'

**सुरेश वैष्णव, श्योपुर**

देश में विलुप्त हो चुके चीतों को फिर से बसाने के लिए शुरू किए गए चीता पुनर्वास परियोजना के लिए शुक्रवार का दिन बेहद खास रहा। पुनर्वास परियोजना के बाद देश की धरती पर जन्मी पहली मादा शावक 'मुखी' की पहली वर्षगांठ का उत्सव शुक्रवार को कूनो नेशनल पार्क में देखने लायक रहा। केक काटा गया। लोगों ने हैप्पी बर्थ डे.... मुखी गाया।

29 मार्च, 2023 को दक्षिण अफ्रीकी देश नामीबिया से लाई गई मादा चीता ज्वाला ने चार शावकों को जन्म दिया था। भीषण गर्मी और प्रतिकूल मौसम के कारण इनमें से तीन शावकों को बचाया नहीं जा सका। इस मादा शावक को वन्य जीव विशेषज्ञों व पशु चिकित्सकों की सतत निगरानी से बचाया जा सका। इसे ज्वाला से भी अलग रखा गया। शुक्रवार को प्रथम जन्म दिवस पर इसका नाम 'मुखी' रखा गया। कूनो प्रबंधन ने इस मौके पर शार्ट वीडियो भी जारी किया है, जिसमें मुखी की जीवन यात्रा का वर्णन है।


मादा चीता ज्वाला से जन्मी शावक 'मुखी' एक वर्ष की हो गई है। सौ. कूनो प्रबंधन

बता दें कि चीता पुनर्वास परियोजना के तहत नामीबिया से आठ चीते लाए गए थे। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अपने जन्म दिवस 17 सितंबर, 2022 को इन चीतों को कूनो नेशनल पार्क के क्वारंटाइन बाड़े में छोड़ा था। दूसरे चरण में दक्षिण अफ्रीका से चीते और लाए गए थे। 29 मार्च, 2023 को जन्मी मुखी की हालत जन्म के समय बेहद नाजुक थी। तमाम इंतजाम और डाक्टरों की ओर से किए गए बेहतर देखरेख व उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार होता चला गया। नतीजा यह हुआ कि मुखी मौत को हराकर शुक्रवार को पूरे एक साल की हो गई है। वह पूरी तरह से स्वस्थ है। डीएफओ (कूनो) थिरूकुराल आर बताते हैं कि मादा शावक मुखी तबीयत बिगड़ने के बाद उसे मां से अलग रखा गया इसलिए छोटी सी उम्र से ही मुखी को एकाकी जीवन जीना पड़ा। मुखी को छोटा बोमा (50 गुणा 30 मीटर) में रखा गया। मुखी ने भारतीय परिस्थितियों को अनुकूलित किया। पिछले वर्ष नवंबर में खुद को घायल कर लिया था, उस समय तत्काल चिकित्सा के कारण, वह कुछ दिनों में अपनी चोटों से पूरी तरह से ठीक हो गई।

### चीता परियोजना की ये खास बातें

- **08** चीते लाए थे 17 सितंबर, 2022 को नामीबिया से
- **12** चीते लाए गए 18 फरवरी, 2023 को दक्षिण अफ्रीका से
- **07** चीतों की मौत हो गई है अब तक इन 20 में से
- **13** वयस्क चीते हैं अभी, इनमें से छह नर व सात मादा
- **14** शावक है अभी कूनो नेशनल पार्क में

*********

**2022** में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के हिन्दी व्याख्याता पद की भर्ती में फर्जी डिग्री मामले की जांच कर रही एसओजी की टीम ने गुरुवार को चित्तौड़गढ़ जिले में स्थित मेवाड़ विश्वविद्यालय में छापा मारा।

# डाटा सुरक्षा के लिए भारत में कानूनी ढांचा मौजूद : मोदी


## पीएम ने कहा, लोगों के जीवन से सरकारी हस्तक्षेप समाप्त करना चाहता हूं

### बोले, मैं विशेषज्ञ नहीं, लेकिन मुझमें प्रौद्योगिकी के प्रति बच्चों जैसी जिज्ञासा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि डाटा सुरक्षा की चिंता अहम मुद्दा है और भारत में इसके लिए कानूनी ढांचा मौजूद है। हालांकि, इसके लिए सार्वजनिक जागरूकता भी उतनी ही अहम है। माइक्रोसाफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में पीएम ने कहा, वह ऐसी सरकार का नेतृत्व करना चाहते हैं, जिसमें लोगों के जीवन से किसी भी अनावश्यक सरकारी दखल को समाप्त कर दिया जाए। गेट्स के एक सवाल पर मोदी ने कहा, मैं प्रौद्योगिकी के प्रति आकर्षित हूं, पर इसका गुलाम नहीं हूं। मैं विशेषज्ञ नहीं हूं, लेकिन प्रौद्योगिकी के प्रति मुझमें बच्चों जैसी जिज्ञासा है।

पीएम ने कहा,जिन गरीबों को वास्तव में सरकारी मदद की जरूरत है, उन्हें आसानी से मदद उपलब्ध होनी चाहिए। भारत स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है और हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। मोदी ने भारत में डिजिटल क्षेत्र में किसी भी एकाधिकार को खत्म करने का श्रेय 'प्रौद्योगिकी के लोकतंत्र' को दिया और कहा कि यह सभी को समान अवसर देता है। यह जनता के द्वारा और जनता के लिए है। उन्होंने कहा, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि समुदाय के भीतर से उभरती प्रतिभाएं लगातार योगदान दे सकें। मेरा मानना है कि प्रौद्योगिकी पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए।

मोदी ने कहा,वह दुनिया में डिजिटल विभाजन के बारे में सुनते थे। तभी उन्होंने फैसला किया था कि वह भारत में ऐसा नहीं होने देंगे। पीएम ने कहा, डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर अपने आप में बड़ी जरूरत है। आज मैं गांवों में डिजिटल सुविधाएं लाना चाहता हूं। ''डिजिटल सरकार'' की सराहना करते हुए गेट्स ने कहा कि भारत न केवल प्रौद्योगिकी को अपना रहा है, बल्कि वास्तव में आगे बढ़ रहा है। कुछ डिजिटल प्रणालियां बिचौलियों से छुटकारा दिला रही हैं। यह बहुत फायदेमंद है।


बिल गेट्स के साथ विभिन्न विषयों पर बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। एएनआइ

### स्वास्थ्य, शिक्षा व कृषि में डिजिटल तकनीक के प्रयोग का काम शुरू हो गया है : पीएम

प्रथम पृष्ट से आगे

बिल गेट्स द्वारा भविष्य में डिजिटल के इस्तेमाल के आयाम के बारे में पूछे जाने पर मोदी ने कहा, वह स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि में डिजिटल तकनीक के बड़े पैमाने पर प्रयोग के लिए प्रयास कर रहे हैं और यह काम शुरू भी हो गया है। उनके अनुसार, दो लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर को बड़े अस्पतालों से जोड़कर सुदूर क्षेत्रों में भी महानगरों जैसी स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने का काम शुरू हो गया है। शिक्षा क्षेत्र में आडियो, वीडियो कंटेंट के सहारे गुणवत्ता पूर्ण शिक्षकों की कमी को दूर करने का काम किया जा रहा है और बच्चे इसे पसंद भी कर रहे हैं। कृषि क्षेत्र में ड्रोन के प्रयोग और दो लाख ड्रोन दीदी बनाने की योजना के बारे में बताते हुए पीएम ने कहा, इससे कृषि को अत्याधुनिक बनाने के साथ-साथ महिलाओं के प्रति पुरानी मानसिकता खत्म करने में भी मदद मिल रही है। मोदी और बिल गेट्स के बीच जलवायु परिवर्तन जैसी समस्याओं से निपटने के उपायों पर भी चर्चा हुई। पीएम ने गेट्स को भारत के लाइफ मिशन के बारे में बताया, जिसके तहत पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली को बढ़ावा दिया जा रहा है। कहा, पर्यावरण सुरक्षा के लिए जीवन शैली को इसके अनुकूल बनाना जरूरी है। गत वर्ष सितंबर में भारत में जी20 शिखर सम्मेलन के बाद से जलवायु कार्रवाई में तेजी आई है।

**उपहार देने में रखा वोकल फार लोकल का ध्यान:** एएनआइ के अनुसार, बैठक के बाद मोदी ने बिल गेट्स को कई तरह के उपहार दिए और इसमें वोकल फार लोकल का विशेष रूप से ध्यान रखा। मोदी ने गेट्स को गिफ्ट हैंपर भेंट किया। इसमें तमिलनाडु की मोती व टेराकोटा की मूर्तियां, कश्मीर के केसर व पश्मीना शाल व दार्जिलिंग और नीलगिरी चाय थी।

**पीएम ने पहनी रिसाइकिल सामग्री से बनी जैकेट:** बिल गेट्स के साथ बातचीत के दौरान पीएम ने गेट्स को बताया कि उन्होंने जो हाफ जैकेट पहन रखी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। इसे दर्जी के पास उपलब्ध अतिरिक्त कपड़े के टुकड़ों का उपयोग करके बनाया गया है। इसमें प्लास्टिक की रिसाइकिल बोतलों का भी उपयोग किया गया है।

### काम, मिशन के प्रति भावनात्मक जुड़ाव से मिलती है ऊर्जा : मोदी

**नई दिल्ली, एएनआइ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया के सबसे मेहनती नेताओं में से एक बताते हुए बिल गेट्स ने उनसे पूछा कि वह आराम के लिए क्या करते हैं? इस पर मोदी ने जवाब दिया कि मुझे आराम करने के लिए अतिरिक्त प्रयास नहीं करना पड़ता है। यह आटोपायलट मोड में हो जाता है। पीएम ने कहा, मुझे अपने शिक्षकों द्वारा मेरे भीतर उत्पन्न की गई आध्यात्मिक अभ्यास के माध्यम से आंतरिक शांति मिलती है। यह मुझे बहुत ऊर्जावान बनाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अपने मिशन के प्रति प्रतिबद्धता उन्हें आगे बढ़ाती रहती है। उन्होंने कहा, यह ऊर्जा शारीरिक शक्ति से नहीं आती है, बल्कि मेरे समर्पण और मौजूदा मिशन के प्रति भावनात्मक जुड़ाव से आती है। मेरा शरीर अब इस बात के लिए प्रशिक्षित है कि मैं क्या करता हूं। उदाहरण के लिए मैं देर रात तक काम कर सकता हूं और सुबह जल्दी उठ सकता हूं। हिमालय में बिताए गए अपने दिनों को याद करते हुए मोदी ने कहा कि वह "ब्रह्म मुहूर्त" में स्नान किया करते थे। उन्होंने कहा, इन चीजों ने समय के साथ मेरे शरीर को अनुकूलित किया है। हालांकि, इसका मतलब यह भी है कि मेरे पास अपने काम के अलावा अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की कमी है।

## सीपीआइ के आधार पर हुई मनरेगा मजदूरी में बढ़ोतरी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत मजदूरी में बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, वृद्धि की कम दर को लेकर सरकार आलोचकों के निशाने पर है। इसी बीच सूत्रों ने बताया है कि कृषि श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआइ) के आधार पर मजदूरी बढ़ाने का फैसला लिया गया है। सरकार के अनुसार, पिछले साल की तुलना में मजदूरी 7.7 प्रतिशत बढ़ी है। आलोचना के बीच मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि केंद्र सरकार ने मुद्रास्फीति को देखते हुए मनरेगा के तहत काम करने वाले श्रमिकों को उचित मजदूरी देने का प्रयास किया है। सूत्रों ने बताया कि सीपीआई-एएल पर प्रासंगिक डेटा श्रम ब्यूरो, शिमला से लिया गया है। मनरेगा कानून, 2005 की धारा 6 (1) के तहत आंकड़ों में संशोधन करने के बाद मनरेगा वेतन वृद्धि की अधिसूचना जारी की गई। ज्ञात हो, ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बुधवार को मजदूरी की नई दरों की अधिसूचना जारी की थी। इसमें मजदूरी दरों को चार से 10 प्रतिशत के बीच बढ़ाया गया है।

## न्यूज गैलरी

### गुड फ्राइडे पर मोदी ने ईसा मसीह को याद किया

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह के महान बलिदान को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह लोगों को करुणा और क्षमा की शिक्षा देता है। एक्स पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा है कि आज गुड फ्राइडे के अवसर पर हम ईसा मसीह के महान बलिदान को याद कर रहे हैं। हर कोई करुणा और क्षमा की दी गई शिक्षा से शक्ति पा सकता है। पूरे विश्व के ईसाई ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने की स्मृति में गुड फ्राइडे मनाते हैं। (प्रेट्र)

### नवी मुंबई में जूते चटाने वाले छह गिरफ्तार

**ठाणे:** नवी मुंबई में चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की पिटाई करने और उसे जूता चाटने के लिए बाध्य करने के आरोपित छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एपीएमसी थाने के अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम में हुई। एक दुकान में काम करने वाले पीड़ित पर इलायची चुराने का आरोप था। उसकी पिटाई की गई, नग्न किया गया और दुकान के मालिक का जूता चटवाया गया। इस पूरी घटना का उन लोगों ने वीडियो भी बनाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। (प्रेट्र)

### केरल में जंगली सूअर के हमले में बुजुर्ग महिला घायल

**पलक्कड़:** पलक्कड़ जिले के कुझालमन्नम के समीप एक जंगली सूअर ने बुजुर्ग महिला पर उसके घर में हमला किया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के अनुसार, सुबह महिला जिस समय कुछ काम कर रही थी, तभी सूअर ने हमला बोला। सूअर ने महिला का पैर काट लिया। उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन सूअर ने उसे नहीं छोड़ा। महिला अस्पताल में भर्ती है। (प्रेट्र)

### स्वयं को सीआइएसएफ अधिकारी बताने वाले पर केस

**ठाणे:** नवी मुंबई पुलिस स्वयं को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) का अधिकारी बता प्रभाव जमाने वाले अज्ञात व्यक्ति का पता लगाने में जुट गई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि आरोपित ने वाट्सएप डिस्प्ले इमेज के रूप में सीआइएसएफ के डीजी की तस्वीर का प्रयोग किया था। गुरुवार को सीआइएसएफ नियंत्रण कक्ष को संदेश भेज उसने स्वयं को वरिष्ठ अधिकारी बताया और सामान्य पूछताछ की। स्थिति भांपने के बाद खरघर थाना ने मामला पंजीकृत कर लिया। (प्रेट्र)

## औजार की तरह इस्तेमाल नहीं कर सकते मीडिया प्लेटफार्म : हाई कोर्ट

**जागरण संवाददाता, प्रयागराज**

- कहा, बहुलतावादी समाज में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना गलत
- पीएम और सीएम पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को जमानत से इन्कार

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि किसी को मीडिया प्लेटफार्म का इस्तेमाल औजार की तरह करने की छूट नहीं दी जा सकती। समाज का लोकतांत्रिक ताना-बाना दुरुस्त रखने के लिए जवाबदेही जरूरी है। पत्रकार नैतिक मूल्यों का पालन करें। पत्रकारिता पर जन विश्वास कायम रखना लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था की आधारशिला है। कोर्ट ने पीएम और यूपी के सीएम के खिलाफ इंटरनेट मीडिया में अभद्र टिप्पणी, हेट स्पीच तथा पत्रकार बनकर गलत रिपोर्ट करने के आरोपित को जमानत देने से मना कर दिया। कोर्ट ने कहा, 'याची नैतिक मूल्यों के मानक की कसौटी पर विफल रहा। जबरन वसूली की खबर देना शक्ति का दुरुपयोग है। वह जमानत पाने का अधिकारी नहीं।'

कोर्ट ने पत्रकारों व प्रकाशकों को नसीहत देते हुए कहा, 'पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों की सही जानकारी सार्वजनिक करना उचित है पर मीडिया मंच का व्यक्तिगत लाभ व धनउगाही के लिए इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। इससे पत्रकारिता की विश्वसनीयता कमजोर होती है और जनविश्वास खत्म होता है।'

**पीएम व सीएम पर अशोभनीय टिप्पणी सही नहीं:** कोर्ट ने इंटरनेट मीडिया में पीएम व सीएम पर अशोभनीय टिप्पणी को सही नहीं माना। हालांकि कहा कि सरकार के कार्यों से असहमति व आलोचना करने की सभी को आजादी है। यह मजबूत शासनतंत्र का घटक है, किंतु अभिव्यक्ति गरिमा के अनुरूप होनी चाहिए। अपमानजनक भाषा कभी भी रचनात्मक उद्देश्य की पूर्ति नहीं कर सकती। आलोचना करने का अधिकार है किंतु उसमें पारदर्शिता व सार्वजनिक सहभागिता की संस्कृति हो। जिम्मेदारी व शालीनता होनी चाहिए। किसी का चरित्रहनन मूल उद्देश्य से भटकाना है। लोकतंत्र में सरकारी नीति व कार्यों की रचनात्मक आलोचना होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि असहमति का अधिकार जिम्मेदारी के साथ आता है।

## बिहार में पति ने पत्नी और तीन बेटियों की गला रेत कर दी हत्या

**जाटी, मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) :** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में गुरुवार की रात पति ने धारदार हथियार से गला रेतकर पत्नी व तीन पुत्रियों की हत्या कर दी। इसके बाद चारों के शव को कमरे से निकालकर आंगन में रख दिया। इसके बाद फरार हो गया। घटनास्थल से कई साक्ष्य मिले हैं। शुक्रवार सुबह सूचना पर पुलिस ने एफएसएल व श्वान दस्ते को बुलाकर जांच कराई। घटना की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस ने आरोपित पर 15 हजार के इनाम की घोषणा की है।

बताया जाता है कि आरोपित 50 वर्षीय ईदू मियां ने सुनियोजित तरीके से वारदात को अंजाम दिया। आशंका है कि भोजन में नशे की दवा देकर पहले पूरे परिवार को बेहोश किया। इसके बाद गला रेतकर हत्या की। ईदू ने पहली पत्नी की मौत के बाद अफरीना से दूसरी शादी की। ईदू को दूसरी पत्नी से पांच बेटियां थीं। 2017 में उसने उत्तर प्रदेश के सीतापुर में चलती ट्रेन से बेटियों को फेंक दिया था। इसमें एक की मौत हो गई। हत्या के आरोप में वह जेल चला गया। सात महीने पहले वह जेल से बाहर आया है। मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण कर रहा था।

## आरोप लगाने के बजाय टैक्स जमा करे कांग्रेस : भाजपा

- भाजपा नेता जफर इस्लाम ने कांग्रेस के आरोपों पर किया पलटवार
- कांग्रेस का एक परिवार चाहता है उन्हें नियमों में छूट दी जानी चाहिए

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** भाजपा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस को आयकर विभाग और न्यायपालिका पर आरोप लगाने के बजाय कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए टैक्स जमा करना चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक परिवार मानता है कि उन्हें नियमों से छूट दी जानी चाहिए और उन पर विशेष कानून लागू होना चाहिए, लेकिन आधुनिक भारत में यह संभव नहीं है। भाजपा की यह प्रतिक्रिया तब सामने आई जब कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि उसे आयकर विभाग से नए नोटिस मिले हैं, जिसमें उसे 1,823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए कहा गया है। कांग्रेस ने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा, टैक्स कानूनों का गंभीर उल्लंघन कर रही है।

जफर इस्लाम ने कहा कि कांग्रेस नेता आयकर विभाग और न्यायपालिका के खिलाफ आरोप लगाकर अपनी हताशा जाहिर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए मजबूर था क्योंकि कांग्रेस ने न केवल आयकर रिटर्न दाखिल करने में देरी की बल्कि आय भी कम बताई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस टैक्स जमा करने और अपील करने के लिए सही प्रक्रियाओं का पालन करने में विफल रही। आयकर आयुक्त (सीआइटी), आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आइटीएटी) और दिल्ली हाई कोर्ट सहित विभिन्न न्यायिक निकायों ने लगातार आयकर के फैसलों को बरकरार रखा है और कांग्रेस के तर्कों को खारिज किया है।


जफर इस्लाम

## तेलंगाना फोन टैपिंग मामले में पूर्व डीसीपी समेत दो से पूछताछ

**हैदराबाद, प्रेट्र:** तेलंगाना में फोन टैपिंग मामले में हैदराबाद पुलिस ने कमिश्नर टास्क फोर्स के पूर्व डीसीपी और एक अन्य पुलिस अधिकारी से गुरुवार को कंप्यूटर सिस्टम और आधिकारिक डेटा नष्ट करने को लेकर पूछताछ की। विशेष जांच शाखा (एसआइबी) के निलंबित पुलिस उपाधीक्षक प्रणीत राव के साथ मिलीभगत के आरोपित दो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों को 23 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। आरोप है कि बीआरएस सरकार के कार्यकाल के दौरान विपक्षी नेताओं की निगरानी के लिए उनके फोन टैप किए गए थे।

प्रणीत राव पर बीआरएस की सरकार के दौरान फोन टैपिंग करने के साथ ही विभिन्न इलेक्ट्रानिक उपकरणों से खुफिया सूचना मिटाने का आरोप है। उन पर कई व्यक्तियों का प्रोफाइल बनाने और उनकी निगरानी करने का आरोप है। राव को 13 मार्च को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच के तहत पुलिस ने पूर्व एसआइबी प्रमुख टी प्रभाकर राव, आयुक्त के कार्य बल के तत्कालीन उपायुक्त पी राधाकृष्ण तथा एक टीवी चैनल के वरिष्ठ कार्यकारी के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया था।

## असम के चार जिलों में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाया गया

**गुवाहाटी, प्रेट्र:** असम सरकार ने चार जिलों तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर में छह माह के लिए सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम-1958 (अफस्पा) बढ़ा दिया है। राज्य सरकार ने अधिसूचना जारी कर कहा, अफस्पा एक अप्रैल से छह माह के लिए प्रभावी रहेगा। यह अधिनियम सशस्त्र बलों को कहीं भी आपरेशन चलाने और बिना वारंट किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है। यह गलत संचालन पर सुरक्षा बलों को निश्चित स्तर की प्रतिरक्षा भी प्रदान करता है।

एक अधिकारी ने कहा, हाल ही में असम पुलिस ने इन चार जिलों में एक उग्रवादी संगठन के सक्रिय होने की रिपोर्ट दी थी। इस पर राज्य सरकार द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर गृह मंत्रालय ने अशांत क्षेत्रों में छह माह के लिए यथास्थिति बनाए रखने का निर्णय लिया। केंद्र के निर्देश पर राज्य सरकार ने अफस्पा को 30 सितंबर 2024 तक बढ़ा दिया। पिछली बार यह अधिनियम गत एक अक्टूबर को छह माह के लिए बढ़ाया गया था।

## शाहजहां से पूछताछ के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी ईडी

**राज्य ब्यूरो, कोलकाता**

- संदेशखाली कांड का मास्टरमाइंड है टीएमसी का निलंबित नेता
- पीएमएलए की एक विशेष अदालत का भी दरवाजा खटखटाएगी

संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के मास्टरमाइंड शाहजहां शेख से पूछताछ करने की अनुमति के लिए ईडी बंगाल की जिला अदालत का दरवाजा खटखटाएगी। बता दें कि टीएमसी का निलंबित नेता शाहजहां छह मार्च से ही सीबीआइ की हिरासत में है और उसको बशीरहाट की निचली अदालत ने नौ अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। ईडी और उनके साथ आए सीएपीएफ कर्मियों पर बीती पांच जनवरी को शाहजहां के सहयोगियों द्वारा हमला कर दिया गया था, उस समय केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने राशन-वितरण मामले में शाहजहां के आवास पर छापेमारी और तलाशी की कोशिश की थी। ईडी शाहजहां की 13 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चुकी है।

सूत्रों के मुताबिक ईडी बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण मामले में शाहजहां से पूछताछ की अनुमति के लिए शनिवार को जिला अदालत का रुख करेगी। ईडी अधिकारी शाहजहां से अधिक विस्तृत पूछताछ के लिए अगले सप्ताह कोलकाता में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत का भी दरवाजा खटखटाएंगे। ईडी और सीएपीएफ कर्मियों पर हमले के सिलसिले में सीबीआइ के अधिकारी शाहजहां से लंबे समय से पूछताछ कर रहे थे। हालांकि, ईडी के अधिकारियों को राशन वितरण मामले में उनसे पूछताछ करने का एक बार भी मौका नहीं मिला।


शाहजहां शेख। फाइल

## यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा ने शांति प्रस्ताव पर भारत से मांगा सहयोग

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

- जयशंकर ने कहा, यूक्रेन के विदेश मंत्री से हर मुद्दे पर हुई खुल कर बात

भारत और यूक्रेन के विदेश मंत्रियों के बीच शुक्रवार को द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और रूस-यूक्रेन मुद्दे पर खुल कर बात हुई है। भारत दौरे पर आये यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्री कुलेबा व विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच दो चरणों में चर्चा हुई। यूक्रेन-रूस के बीच फरवरी, 2022 से युद्ध चल रहा है और इससे पूरी दुनिया को ऊर्जा, खाद्य संकट का सामना करना पड़ा है। यूक्रेन की तरफ से युद्ध को समाप्त करने के लिए शांति प्रस्ताव लाया गया है और कुलेबा ने भारतीय विदेश मंत्री के समक्ष इस प्रस्ताव के लिए सहयोग मांगा है। इस प्रस्ताव पर यूक्रेन की तरफ से एक अंतरराष्ट्रीय बैठक बुलाने की कोशिश की जा रही है। रूस के साथ बेहद करीबी संबंध होने के बावजूद भारत यूक्रेन के साथ रिश्तों में सामंजस्य बनाने में जुटा है। शुक्रवार को हुई बैठक में दोनों देशों के बीच नई परियोजनाओं के शुरू करने के विकल्प पर भी बात हुई है।


नई दिल्ली में शुक्रवार को बैठक दौरान यूक्रेनी समकक्ष दिमित्री कुलेबा संग एस जयशंकर। प्रेट्र

कुलेबा गुरुवार को दो दिनी दौरे पर भारत पहुंचे हैं। हैदराबाद हाउस में दोनों पक्षों के बीच हुई भेंट के बाद विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा-दोपहर में यूक्रेनी विदेश मंत्री के साथ क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर खुल कर व विस्तार बातचीत हुई। हमारे बीच मौजूदा विवाद और इसके असर पर भी चर्चा हुई। हमने यूक्रेन संग समग्र मित्रवत रिश्ते व सहयोग बढ़ाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। प्रतिनिधि स्तर की बैठक में भाषण देते हुए जयशंकर ने इस बात पर खुशी जताई है कि दोनों देशों के रिश्ते आगे बढ़ रहे हैं। कुलेबा की यात्रा ने क्षेत्र की स्थिति को समझने का एक और अवसर दिया है।

**अंतर-सरकारी आयोग की भी हुई बैठक:** ज्ञात हो दोनों देशों के बीच कई स्तरों पर बात हो रही है। गत वर्ष जब पीएम नरेन्द्र मोदी ने जापान में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भेंट की थी तब द्विपक्षीय संबंधों को दिशा देने के लिए अंतर-सरकारी आयोग के गठन का फैसला किया गया था। यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने कहा,दोनों विदेश मंत्रियों के नेतृत्व में द्विपक्षीय मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। हमारी तरफ से शांति फार्मूला की जानकारी दी गई है। अंतर-सरकारी आयोग की भी बैठक हुई, जिसमें सहमति बनी है कि यूक्रेन पर रूस के हमले से पहले भारत-यूक्रेन के जो रिश्ते थे, उसे शीघ्रता से बहाल किया जाए। हम नई परियोजनाओं को चिन्हित करने पर भी बात कर रहे हैं।

## उत्तर प्रदेश के इस अनछुए वन की मोहक नैसर्गिक छटा मोह लेगी मन

**यात्रा**

### जैव विविधता संग वन्यजीव पर्यटन की असीम संभावनाएं संजोए है लखनऊ से करीब 200 किमी दूर स्थित सोहेलवा जंगल

**अमित श्रीवास्तव ● बलरामपुर**

समय के साथ पर्यटन का स्वरूप भी बदल रहा है। चिड़ियाघर में कैद जानवरों को मूंगफली खिलाकर उत्साहित होने वालों को जंगल की सैर अधिक रोमांचित करती है। ऐसा ही रोमांच पाने के लिए लिए आपको उत्तर प्रदेश में नेपाल सीमा से सटे बलरामपुर जिले तक आना होगा। यहां जैव विविधता को संजोए सोहेलवा जंगल की वादियां आपके मन को छू लेंगी। 452 वर्ग किमी क्षेत्रफल में फैले सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग की प्राकृतिक आबोहवा, हरियाली और खूबसूरती सभी को लुभाती है। यहां बाघ की दहाड़ है और पक्षियों का कलरव भी। जंगल के साथ ही 51 शक्तिपीठों में से एक देवी पाटन मंदिर तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी के पावन धाम में अभिभूत होने और पुण्यार्जन का लाभ भी मिलता है।

**बंगाल टाइगर का प्राकृत वास:** ब्रिटिश काल में बंगाल टाइगर के प्राकृत वास के रूप में विख्यात सोहेलवा एक बार फिर पर्यटन के क्षेत्र में पांव पसार रहा है। यहां लोग हिरन, तेंदुआ, बाघ, भालू समेत अन्य कई प्रजातियों के वन्यजीवों का दीदार कर सकते हैं। साथ ही नेपाल में हिमालय की पर्वत शृंखला का अलग ही रोमांच मिलता है। सोहेलवा पक्षियों की दृष्टि से काफी समृद्ध जंगल है। यहां बड़े पैमाने पर विदेशी परिंदे आशियाना बनाते हैं। गत वर्ष देश ही नहीं दुनिया के तमाम पक्षी विशेषज्ञों ने सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में एकत्र होकर पक्षियों का सर्वे किया था। सोहेलवा में पक्षियों की करीब 400 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें कुछ दुर्लभ पक्षी भी शामिल हैं। प्रभागीय वनाधिकारी डा. एम सेम्मारन का कहना है कि वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए कई कदम उठाए गए हैं। पर्यटन के क्षेत्र में कई योजनाओं की स्वीकृति के लिए प्रयास चल रहा है।


सोहेलवा जंगल की वादियां छू लेंगी आपका मन ● जागरण

### ऐसे पहुंच सकते हैं

लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डा से श्रावस्ती के लिए सीधी उड़ान है। यहां उतरने के बाद बस या निजी टैक्सी से 18 किमी की दूरी तय कर बलरामपुर पहुंचा जा सकता है। यहां से देवीधाम तुलसीपुर व सोहेलवा पहुंचने के लिए ट्रेन, रोडवेज व निजी बस समेत टैक्सी की सुविधा है। तुलसीपुर से सोहेलवा जंगल तक पहुंचने के लिए निजी वाहन का सहारा लेना पड़ता है। ट्रेन या सड़क मार्ग से लखनऊ से सोहेलवा जंगल पहुंचने के लिए पहले तुलसीपुर आना होगा। लखनऊ से तुलसीपुर की दूरी करीब 190 किलोमीटर है। तुलसीपुर तक सफर करने के लिए ट्रेन हैं।

### गेस्ट हाउस के साथ बने हैं इको-फ्रेंडली काटेज



भांभर, वीरपुर, जनकपुर, जरवा, नंदमहरा, पिपरा व श्रावस्ती के पूर्वी सोहेलवा में गेस्ट हाउस हैं। इनमें ठहरने के लिए वन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है। जंगल के बीच बने इन गेस्ट हाउस में रुककर सोहेलवा की वादियों का पर्यटक आनंद लेते हैं। वहीं बरहवा रेंज का जलजलवा फार्म पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण की इबारत लिख रहा है। हिरनों के झुंड को यहां पानी पीते आसानी से देखा जा सकता है। वन विभाग ने यहां इको- फ्रेंडली काटेज का निर्माण भी कराया है।

विस्तार से पढ़ने के लिए स्कैन करें।

## त्यागपत्र नहीं स्वीकारा तो विस के बाहर धरना देंगे निर्दलीय विधायक

**राज्य ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार न करने का मामला गर्मा गया है। एक दिन पहले राज्यपाल ने इस मामले में गेंद विधानसभा अध्यक्ष के पाले में डालते हुए उन्हें ही इसके लिए अधिकृत माना था। अब तीनों निर्दलीय विधायक शनिवार को विधानसभा जाएंगे और विस अध्यक्ष की अनुपस्थिति में विधानसभा सचिव से मुलाकात करेंगे। बताया जा रहा है कि विस अध्यक्ष कुलदीप पठानिया विदेश दौरे पर हैं और मंगलवार को हिमाचल लौटेंगे। ऐसे में तीनों विधायकों का कहना है कि शनिवार तक उनके इस्तीफे स्वाकीर न हुए तो वे विधानसभा के बाहर धरना देंगे।

तीनों निर्दलीय विधायक हमीरपुर से आशीष शर्मा, देहरा से होशियार सिंह व नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र से केएल ठाकुर ने 22 मार्च को विधानसभा की सदस्यता से त्यागपत्र दिया था। तीनों 23 मार्च को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। विधायकों ने पहले विधानसभा सचिव को त्यागपत्र सौंपा। इसके बाद वह राज्यपाल से मिले। फिर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात कर उन्हें भी त्यागपत्र सौंपा था।

**नेगी व रोहित ने की थी शिकायत:** विधायकों का त्यागपत्र स्वीकृत होने से पहले ही राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विस अध्यक्ष को शिकायत की थी। शिकायत में कहा गया कि लगता है कि विधायक दबाव में है। विस अध्यक्ष ने निर्दलीय विधायकों को नोटिस भेज कर 10 अप्रैल को पक्ष रखने को कहा है।

********

दैनिक जागरण

अपनी क्षमताओं के साथ सीमाओं का भी भान होना चाहिए

## आयकर विभाग की सक्रियता

आयकर विभाग की ओर से 1823 करोड़ रुपये का नया नोटिस भेजे जाने से कांग्रेस का परेशान होना स्वाभाविक है। आयकर विभाग ने कांग्रेस को यह नोटिस वर्ष 2017-18 से लेकर 2020-21 के लिए भेजा है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज की राशि भी शामिल है। कांग्रेस को यह नोटिस एक ऐसे समय भेजा गया है, जब दिल्ली उच्च न्यायालय ने उसकी वह याचिका खारिज कर दी, जिसमें उसने वर्ष 2014 से 2017 के बीच करों के पुनर्मूल्यांकन की मांग की थी। साफ है कि कांग्रेस एक झटके से उबरी नहीं कि उसे दूसरे झटका लग गया। निःसंदेह जैसे यह सवाल उठता है कि आखिर आयकर विभाग को एक ऐसे समय सक्रियता दिखाने की क्या आवश्यकता थी, जब लोकसभा चुनाव के चलते पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का दौर पहले से जारी है और इस क्रम में कांग्रेस यह प्रचार कर रही कि मोदी सरकार विपक्ष को परेशान करने के लिए अपनी एजेंसियों का इस्तेमाल करने में लगी हुई है, वैसे ही यह प्रश्न भी खड़ा होता है कि कांग्रेस ने टैक्स संबंधी नियमों का समय रहते पालन करना आवश्यक क्यों नहीं समझा? कांग्रेस यह आरोप तो लगा रही है कि मोदी सरकार आयकर विभाग का इस्तेमाल कर और उसके खाते फ्रीज कर ठीक उस समय उसे आर्थिक रूप से पंगु कर रही है, जब लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, लेकिन उसके पास इसका कोई सीधा जवाब नहीं कि क्या आयकर विभाग ने टैक्स संबंधी जिन विसंगतियों का उल्लेख किया है, वे निराधार हैं?

आखिर यह कहां तक उचित है कि कांग्रेस टैक्स संबंधी नियम-कानूनों का पालन भी न करे और खुद को पीड़ित भी बताए? क्या आयकर के मामले में कांग्रेस नियम-कानूनों से ऊपर है या फिर खुद को किसी विशेष छूट का हकदार मान रही है? जो भी हो, इतना तो है ही कि आयकर विभाग को चुनाव के मौके पर कांग्रेस की टैक्स संबंधी विसंगतियों को लेकर उसके खिलाफ सक्रियता दिखाने से बचना चाहिए था। यह काम वह चुनाव के पहले और बाद में भी कर सकता था। प्रश्न उसकी कार्रवाई का नहीं, बल्कि समय का है। चूंकि उसने चुनाव के मौके पर अपनी सक्रियता दिखाई, इसलिए कांग्रेस को अपने इस पुराने आरोप को नए सिरे से धार देने का अवसर मिल गया कि मोदी के भारत में लोकतंत्र खतरे में है। आखिर टैक्स संबंधी नियमों की अनदेखी करने वाले किसी दल को आयकर विभाग का नोटिस मिलने से लोकतंत्र की सेहत पर कैसे असर पड़ सकता है? प्रश्न यह भी है कि राहुल गांधी यह धमकी देकर क्या साबित करना चाहते हैं कि यदि सरकार बदली तो ऐसी कार्रवाई होगी कि दोबारा किसी को यह सब करने की हिम्मत नहीं पड़ेगी? क्या इसका यही अर्थ नहीं कि वह सत्ता में आए तो सरकारी एजेंसियों का वैसा ही इस्तेमाल करेंगे, जैसा करने का आरोप वह मोदी सरकार पर लगा रहे हैं?

## चुनाव में धनबल


सांविधानिक संस्थाएं यदि किसी विषय पर गंभीर चिंता जताती हैं तो इसके व्यापक निहितार्थ होते हैं। लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही आयोग ने चुनाव में धनबल के प्रयोग पर चिंता जताई थी और यह भी आश्वस्त किया था कि स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए इस पर सख्ती से अंकुश लगाया जाएगा, लेकिन पहले चरण का नामांकन खत्म होने तक उत्तर प्रदेश में 13.67 करोड़ रुपये नकदी और 85.90 करोड़ की शराब का बरामद होना यह साबित करता है कि फिलहाल ऐसी कोशिशें जारी हैं। यह अलग बात है कि आयोग की सख्ती के कारण से ऐसा करने वालों का उद्देश्य पूरी तरह सफल नहीं हो रहा है। मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए धनबल का प्रयोग करने की कोशिशें किया जाना न केवल चिंता की बात है, बल्कि लोकतंत्र के लिए भी घातक है। कोई उम्मीदवार यदि मतदाताओं को धन या कोई वस्तु देकर प्रभावित करने का प्रयास करता है तो इसका मतलब है कि या तो उसका स्वयं पर विश्वास नहीं है या फिर उसकी छवि ठीक नहीं है। राज्य में चुनाव आयोग की सख्ती का ही असर है कि अब तक आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नारकोटिक्स समेत 21 विभागों ने 85.90 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नकदी जब्त की है जो 2019 के चुनाव में हुई बरामदगी का लगभग 44 प्रतिशत है। इसका आशय यह है कि इस बार धनबल के उपयोग की कोशिशें अधिक हो रही हैं, क्योंकि अभी तो चुनाव की शुरुआत ही हुई है। उम्मीदवार और उनके समर्थक मतदाताओं को प्रभाव में लेने के लिए शराब और नशीले सामानों को वितरित करते हैं और इसीलिए सीमावर्ती राज्यों से इनकी तस्करी भी की जाती है। मतदाताओं को लालच देना या डराना आइपीसी की धारा 171 ख और 172 ग के तहत अपराध है। इसके अलावा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123 के तहत भी इन गतिविधियों को भ्रष्ट आचरण माना गया है। इसलिए यह मतदाताओं की जिम्मेदारी है कि किसी के बहकावे में न आएं और स्वतंत्र होकर मतदान करें।

# छात्रों के लिए बोझ बनी शिक्षा



सृजन पाल सिंह

**यदि भारत को अपनी युवा आबादी का लाभ उठाना है तो शिक्षा के तौर-तरीकों और साथ ही युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीरता से ध्यान देना होगा**




अवधेश राजपूत

राजस्थान के कोटा शहर में मेडिकल और इंजीनियरिंग परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के आत्महत्या करने की खबरें थम नहीं रहीं। पिछले दिनों एक दिन के अंतराल से दो छात्रों के आत्महत्या करने की खबर आई। कोटा में इस वर्ष अब तक आठ विद्यार्थी अपनी जान दे चुके हैं। 16 साल के ऐसे ही एक लड़के ने आत्महत्या करने के पहले एक नोट छोड़ा, जिसमें लिखा था, 'सारी पापा, आइआइटी नहीं हो पाएगा।' हम नियमित रूप से स्कूली बच्चों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों और यहां तक कि आइआइटी जैसे शिक्षण संस्थानों में ऐसी घटनाओं के विषय में सुनते रहते हैं, जहां दबाव से निपटने में मुश्किलों का सामना करने के कारण छात्र अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेते हैं। नए भारत में बुझते इन युवा दीपकों से अधिक निराशाजनक और कुछ नहीं हो सकता।

हालिया आंकड़ों के अनुसार एक साल में 1,70,000 से अधिक भारतीयों ने आत्महत्या की। वर्ष 2022 में प्रति एक लाख जनसंख्या पर आत्महत्या की दर बढ़कर 12.4 हो गई है। आत्महत्या के मामले में यह अभी तक की सबसे ऊंची दर है। भारत की आत्महत्या दर वैश्विक दर से 20 प्रतिशत अधिक है। भारत में आत्महत्याएं अस्वाभाविक मृत्यु का सबसे बड़ा कारण हैं। आत्महत्या से होने वाली जनहानि सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों से भी छह गुना अधिक है। और भी चिंताजनक बात यह है कि भारत की युवा पीढ़ी जीवन के दबाव को सहने में भारी कठिनाई महसूस कर रही है। हर वर्ष आत्महत्या की मनोवृत्ति ने 10,000 से अधिक ऐसे लोगों को अपनी चपेट में लिया, जिनकी आयु 18 वर्ष से कम रही। यह भी उल्लेखनीय है कि देश में आत्महत्या करने वालों में लगभग 70,000 की आयु 30 वर्ष से कम थी।

भारतीय युवाओं को आत्महत्या करने के लिए आखिर क्या मजबूर करता है? इसे समझना और इसका निवारण उस देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जहां दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी निवास करती है। सबसे पहले हमें यह समझना होगा कि भारतीय युवा विशेषकर किशोर भारी शैक्षणिक दबाव से गुजरते हैं। हम एक ऐसी शिक्षा प्रणाली में विकसित हो गए हैं, जहां 99 प्रतिशत अंक प्राप्त करना भी किसी छात्र को श्रेष्ठ कालेजों में प्रवेश दिलाने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता। हाल में मैंने छठी कक्षा के छात्रों के लिए सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग के विज्ञापन देखे। जिस उम्र में बच्चों को सपने देखने चाहिए, हम उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की राह पर धकेल दे रहे हैं। नौवीं कक्षा का बच्चा अक्सर इस बात से परेशान रहता है कि हर रिश्तेदार और परिचित उसे मिलते ही यह कहकर एक प्रकार से डराएगा कि 'अगले साल बोर्ड परीक्षा है!' ऐसी व्यवस्था में शिक्षा कभी न खत्म होने वाला बोझ बन जाती है और इस प्रक्रिया में ज्ञान अर्जित करने की यात्रा का स्वाभाविक आनंद भी समाप्त हो जाता है। यह सब तब है जब यह सत्य किसी से छिपा नहीं कि जीवन की सफलता किसी एक परीक्षा पर निर्भर नहीं करती। इस विकराल होती समस्या का समाधान खोजें तो हमें अपनी उस व्यवस्था को बदलना होगा, जहां दो-तीन घंटे की परीक्षा किसी युवा की क्षमता को आंकने का इकलौता पैमाना है। हमें एक ऐसी संस्कृति पोषित करने की आवश्यकता है, जहां ज्ञान को समझना, आनंद लेना और जीवन में उसे उपयोग में लाना अधिक महत्वपूर्ण है, न कि तथ्यों और आंकड़ों को याद रखना। हमें भारत के टीयर-2 कालेजों को बेहतर बनाने में निवेश करने की जरूरत है, ताकि हमेशा 'टाप' करने का दबाव कम हो। हम एक ऐसे परीक्षण तंत्र का पोषण करें, जहां शैक्षणिक अंकों के अलावा, खेल, नेतृत्व, सामाजिक कार्य, संगीत, नवाचार और कला भी कालेजों और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए मूल्यांकन-चयन सूची को अंतिम रूप देने में एक कारक बनें।


समस्या का एक नया उभरता पहलू है इंटरनेट मीडिया का बेलगाम विस्तार। इंटरनेट मीडिया निरंतर युवाओं को महंगी वस्तुओं का उपभोग और नवीनतम गैजेट रखने के लिए उकसा रहा है। विडंबना यह है कि माता-पिता ही इस प्रवृत्ति को पनपने दे रहे हैं। इंटरनेट मीडिया के माध्यमों से युवाओं में अजीब तरह की होड़ उत्पन्न हुई है। वे अपनी तथाकथित उपलब्धियों का दिखावा करने में लग जाते हैं। वे वस्तुओं से लेकर अपने सैर-सपाटे की गतिविधियों का बखान करते हैं, जिससे कई दूसरों बच्चों में हीन भावना उत्पन्न होती है। कई बच्चे तो अनैतिक साधनों का सहारा भी लेने लगते हैं। कुछ महीने पहले की बात है कि एक स्कूल के पुरस्कार वितरण में मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि मंच पर पुरस्कार लेने आने वाला लगभग हर बच्चा 40-50 हजार रुपये मूल्य वाली स्मार्टवाच पहने हुए था। इसने मुझे लखनऊ में मेरी स्कूली शिक्षा की याद दिला दी, जहां मेरी प्रधानाध्यापिका ने समानता एवं विनम्रता को बढ़ावा देने के लिए महंगे और फैंसी स्कूल बैग पर प्रतिबंध लगा दिया था। बच्चों को सिखाया जाना चाहिए कि सच्चा धन ज्ञान में है। छात्रों के बीच इस तरह के गैजेट एवं आराम की वस्तुओं की होड़ को घटाने के सक्रिय प्रयास करने होंगे।

भारत में मानसिक परामर्श के लिए उचित ढांचे का अभाव भी एक बड़ी समस्या है। न केवल हमारे पास प्रशिक्षित और प्रमाणित मनोवैज्ञानिकों की कमी है, बल्कि हम स्वघोषित परामर्शदाताओं का चलन भी देख रहे हैं, जो नुकसान पहुंचाते हैं। हम मानसिक समस्याओं और अवसाद को समझ नहीं पाते और फिर ऐसी स्थिति के लिए मदद मांगने में संकोच भी करते हैं। पुरुषों के मामले में यह विशेष रूप से प्रत्यक्ष दिखता है। भारत में पुरुषों की आत्महत्याएं महिलाओं की तुलना में दोगुनी हैं। यदि युवा आबादी से लाभ उठाना है तो युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या के मुद्दे को परिवारों, स्कूलों, कालेजों और नीतिगत स्तर पर उठाकर उन पर तत्काल ध्यान देना होगा। ठोस कदम उठाकर, शोध और अंतरराष्ट्रीय मिसालों से प्रेरित होकर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी चुनौतियों से लड़ना होगा और युद्धस्तर पर मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी भ्रांतियों को मिटाना होगा। जहां शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हम बजट में प्रविधान करते हैं, उसी प्रकार मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी एकाग्रता से प्रयास करना होगा।

(पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के सलाहकार रहे लेखक कलाम सेंटर के सीईओ हैं)

response@jagran.com

# विभूतियों के सम्मान का अद्भुत क्षण



केसी त्यागी

**एक साथ देश की पांच विभूतियों को भारत रत्न से सम्मानित किया जाना एक अनूठा अवसर है**




सर्वोच्च सम्मान के सुयोग्य पात्र। प्रतीकात्मक

आज देश की पांच विभूतियों को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया जा रहा है। परंपरा रही है कि महापुरुषों को दिए गए इस सम्मान का सभी दलों, समूहों द्वारा स्वागत किया जाता है, लेकिन अब इस परंपरा की भी अनदेखी हो रही है और वह भी तब जब मोदी सरकार ने वैचारिक मान्यताओं से इतर जाकर भारत रत्न विजेताओं का चयन किया। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, नरसिंह राव, डा. एमएस स्वामीनाथन, लालकृष्ण आडवाणी के साथ-साथ सामाजिक न्याय के नायक कर्पूरी ठाकुर एक साथ भारत रत्न से सम्मानित होने जा रहे हैं। यह एक दुर्लभ अवसर है, जब एक साथ पांच विभूतियां भारत रत्न से सम्मानित होंगी। लालकृष्ण आडवाणी संघ प्रचारक के साथ-साथ, जनसंघ, जनता पार्टी, भाजपा और एनडीए के संस्थापक के साथ देश के गृहमंत्री एवं उप-प्रधानमंत्री पद को सुशोभित कर चुके हैं। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में उन्होंने उच्च आदर्शों का पालन करते हुए लोगों को कभी निराश नहीं किया। जैन हवाला कांड में नाम आने के बाद उन्होंने उच्च आदर्शों का पालन कर स्वच्छ राजनीतिक परंपरा को नई ऊंचाई दी। राजनीतिक शुचिता का पालन करने वाले उनके जैसे नेता दुर्लभ हैं। आज देश आर्थिक नीतियों में बदलाव कर विकास की जिन ऊंचाइयों को छू रहा है, उसका श्रेय नरसिंह राव को जाता है। वे दिन याद करें, जब हमारे खजाने का सोना भी कर्ज चुकाने में प्रयोग हो चुका था। तब राव ने कांग्रेस की परंपरागत नीतियों को तिलांजलि देकर नव-उदारवाद की व्यवस्था स्थापित की। उसके चलते ही आज हम विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं और वह दिन दूर नहीं जब तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। यद्यपि नरसिंह राव का प्रधानमंत्री कार्यकाल कई चुनौतियों से भरा रहा। उनके गांधी परिवार से मतभेद जगजाहिर थे। इन मतभेदों से उपजी मुश्किलों के बाद भी एक स्वावलंबी राष्ट्र के निर्माण के लिए उन्होंने साहसिक फैसले लिए। अफसोस कि कांग्रेस उन्हें यथोचित सम्मान नहीं दे सकी।

डा. एमएस स्वामीनाथन को हरित क्रांति का जनक कहा जाता है। मुझे वह दौर स्मरण आता है, जब गेहूं, चावल, चीनी आदि आयात करने पड़ते थे। कई अवसरों पर तो मालवाहक जहाजों की देरी भुखमरी का अंदेशा पैदा कर देती थी। ऐसे समय फसलों की नई प्रजातियों को विकसित कर कृषि को स्वावलंबी बनाने में स्वामीनाथन ने बड़ी भूमिका निभाई। आज भारत गेहूं, धान, चीनी का सबसे बड़ा उत्पादक है। उनके नेतृत्व में गठित स्वामीनाथन आयोग ने किसानों की किस्मत बदलने का ऐतिहासिक कार्य किया। फसलों के लाभकारी मूल्य निर्धारण की प्रक्रिया उनके द्वारा ही प्रारंभ की गई। इसमें कृषि भूमि के किराए से लेकर मजदूरी के आकलन को लेकर मूल्य तय करने का प्रविधान है।

कुछ लोग चौधरी चरण सिंह एवं कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले को इसलिए राजनीति से प्रेरित मान रहे हैं, क्योंकि इसके बाद आइएनडीआइए का विघटन हुआ, लेकिन राजनीति के सरोकारों से अनभिज्ञ लोग ही नकारात्मक प्रतिक्रिया कर रहे हैं। वे इसकी अनदेखी कर रहे हैं कि नीतीश कुमार पिछले तीन दशकों से कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की मांग कर रहे थे। डा. आंबेडकर के बाद कर्पूरी ठाकुर सामाजिक बराबरी के आंदोलन के पर्याय बने। 24 जनवरी को जब उनका जन्मदिन समता और स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाया जाता है, तब उसमें वे नेता भी शामिल होते हैं, जो उनके जीवन काल में उनके विचारों के विरोधी रहे। समता की स्थापना और स्वाभिमान से जीने के सपने को सच में बदलने का काम कर्पूरी ठाकुर ने ही किया। उन्होंने दुर्बल एवं साधनहीन लोगों में चेतना लाने का काम किया। कर्पूरी जी जिन विचारों को जमीन पर उतारने के लिए समर्पित रहे, वे डा. लोहिया द्वारा प्रतिपादित थे। लोहिया ने यह सिद्धांत प्रतिपादित किया था कि योग्यता अवसर से आती है। चूंकि जाति भेद के चलते सैकड़ों वर्षों तक शूद्रों और पिछड़ों को आगे बढ़ने का अवसर नहीं मिला, इसलिए उनकी योग्यता एवं क्षमता का विकास नहीं हो पाया। इसीलिए कर्पूरी जी इन वर्गों को विशेष अवसर देना चाहते थे। कुछ लोग अभी भी अज्ञानतावश बहस चलाते हैं कि 75 वर्ष बाद भी आरक्षण और विशेष अवसर की क्या आवश्यकता है? उन्हें वे आंकड़े देखने चाहिए, जो यह बताते हैं कि इन वर्गों का कोटा न सिर्फ अधूरा है, बल्कि उच्च पदों पर उनकी नियुक्तियां भी न के बराबर हैं। केंद्र सरकार में महत्वपूर्ण पद अभी भी उनकी पहुंच से बाहर हैं। ऐसी स्थितियों को देखते हुए कर्पूरी ठाकुर नवंबर 1978 में बिहार विधानसभा में पिछड़ी जातियों के आरक्षण का प्रस्ताव लाए थे। इस पर बिहार समेत देश के अन्य हिस्सों में भूचाल सा आ गया और जनता पार्टी दोफाड़ हो गई। इस प्रस्ताव में अति पिछड़ी जातियों के लिए 12, सामान्य पिछड़ों के लिए आठ, महिलाओं व सामान्य क्षेत्र के दुर्बल वर्गों के लिए 3-3 प्रतिशत आरक्षण का प्रविधान था। महिला व सामान्य वर्ग के आरक्षण का यह पहला प्रयास था। सामाजिक न्याय के इस संघर्ष में कर्पूरी ठाकुर को सीएम पद खोना पड़ा, पर आज उनके ही आरक्षण फार्मूले पर अमल हो रहा है। जस्टिस रोहिणी कमीशन का गठन इसका प्रमाण है।

चौधरी चरण सिंह भी भारत रत्न सम्मान के सच्चे हकदार थे। उनका लंबा समय कांग्रेस में गुजरा, लेकिन जनहित के प्रश्नों पर उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। 1935 में कांग्रेस के अधिवेशन में उन्होंने कृषि पुत्रों के लिए सरकारी सेवाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग कर सभी को चकित कर दिया था। 1952 में उनके द्वारा किए गए भूमि सुधार समूचे भारत के लिए नजीर बने। उन्होंने किसान हितों को राजनीति के केंद्र में लाने का काम किया और गैर-कांग्रेसवाद की राजनीति को बल दिया।

(लेखक जनता दल-यू के महासचिव हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

## शांति की राह

जिस प्रकार हम भिन्न-भिन्न प्रकार की भौतिक वस्तुओं को देखकर आनंदित होते हैं, उसी प्रकार से हमें ईश्वर की रची हुई इस सृष्टि में मनुष्यों के रूप, रंग, भाव-स्वभाव की भिन्नता को देखकर भी उतना ही आनंदित होना चाहिए। हालांकि अनुभव यही कहता है कि हम लोगों की छोटी-छोटी बातों पर भी कुपित हो जाते हैं। जबकि अन्य स्थितियों में ऐसा नहीं होता। जैसे हम किसी कमरे में बैठे हों और छत का छोटा सा टुकड़ा ऊपर से गिर पड़े तो हम किस पर क्रोधित होंगे? छत पर? कतई नहीं। संभव है कि उसे बनाने वाले व्यक्ति पर ही। इसी प्रकार हमारी गाड़ी से कोई पशु टकराने को हो तो हम उसे दुत्कार कर आगे बढ़ जाएंगे, लेकिन यदि किसी दूसरे व्यक्ति का वाहन आकर जरा सा टकरा जाए तो उससे एक बड़े टकराव और हाथापाई की नौबत तक आ जाती है।

इसका यही अर्थ यह हुआ कि हम जड़ चीजों या पशुओं के प्रति तो सहनशील हैं, लेकिन मनुष्यों के प्रति नहीं। जबकि होना यह चाहिए कि जिनके साथ हम अपना अधिकांश समय गुजारते हैं, उन मनुष्यों के जाने-अनजाने में किए गए व्यवहार को हमें सह लेना चाहिए और उनकी बातों को भूलना सीखना चाहिए। ऐसा करने से हम प्रसन्नचित्त रह सकेंगे। हालांकि कई लोग यह कहते हैं कि किसी के गलत व्यवहार को भला कब तक सहन किया जा सकता है? इसका उत्तर यही है कि सहन करना ही वास्तव में उस व्यवहार पर विराम लगाना है, क्योंकि यदि हम सहन नहीं करेंगे तो गलत व्यवहार वाला खेल हमें ही निरंतर परेशान करता रहेगा। यदि हम जीवन व्यवहार में किसी की कही गई बात को मन से लगाकर रखें ही नहीं और बदले में अपनी तरफ से कुछ कहें भी नहीं तो कोई कलह-क्लेश ही नहीं होगा। अब इसका निर्णय हमें ही करना है कि हम जीवन में शांति चाहते हैं या उलझन। इसका चयन जितनी आसानी से करेंगे, हमारे जीवन की राह भी उतनी ही सुगम होगी।

राजयोगी ब्रह्माकुमार निकुंज जी

# जन चेतना से बचेंगे प्रकृति के रंग

डा. मोनिका शर्मा

**शून्य अपशिष्ट दिवस के अवसर पर हमें कचरे के समुचित प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए**

कचरे से अटती धरती, नदियां और पहाड़, प्रकृति के रंग ही नहीं छीन रहे, मनुष्यों के लिए खतरा भी बन गए हैं। हर ओर फैलते अपशिष्ट पदार्थों से प्रदूषित होता पर्यावरण गंभीर व्याधियों का भी कारण बन रहा है। प्रकृति का हर हिस्सा बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का दबाव झेल रहा है। यही कारण है कि न केवल अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व को समझना, बल्कि उपभोग की बढ़ती प्रवृत्ति पर लगाम लगाना भी आवश्यक है। ज्ञात हो कि आज अंतरराष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस है, जिसके तहत वैश्विक स्तर पर अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने का प्रभावी संदेश दिया जाता है। साथ ही उपभोग की व्यावहारिक आदतों को बढ़ावा देने पर भी प्रकाश डाला जाता है।

आज दुनिया के हर देश के लिए कचरे के पहाड़ और नदियों के जल में घुलता जहर चिंता का विषय बन गया है। महानगरों से लेकर दूर-दराज के इलाके तक, बढ़ते अपशिष्ट पदार्थों का बोझ ढो रहे हैं। चिंतनीय है कि हमारा देश दुनिया के सबसे बड़े कचरा उत्पादक देशों में से एक है। दिल्ली में तो कई जगह कूड़े के बड़े पहाड़ बन गए हैं। भारत में हर साल 1250 हेक्टेयर से अधिक जमीन कचरे तले ढक जाती है। ऐसे में अपशिष्ट प्रबंधन का अभियान स्वयं मनुष्यों का जीवन सहेजने के लिए भी आवश्यक है। प्रकृति के रंग छीनने वाला अपशिष्ट प्रदूषण जन स्वास्थ्य, आर्थिक विकास, जलवायु परिवर्तन व जैव विविधता के लिए नुकसानदायक है। जिसके चलते इसे प्रदूषण के एक बड़े संकट के रूप में देखा जा रहा है। जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और जैव विविधता की हानि, प्रकृति के इन पक्षों के लिए जोखिम बने अपशिष्ट पदार्थों का उचित प्रबंधन ही इसका हल है। इसके लिए उपभोक्तावादी सोच को बदलना और रिसाइकलिंग को बढ़ावा देना आवश्यक है।

आज की उपभोक्तावादी जीवनशैली भी धरती पर अपशिष्ट पदार्थों के बोझ का पहाड़ बढ़ा रही है। इस दिखावटी-बनावटी संस्कृति के कारण पुनः उपयोग की जा सकने वाली चीजें भी कचरा बना दी जाती हैं। सामाजिक समारोहों के दौरान खाद्य अपशिष्ट और प्लास्टिक की वस्तुओं से की जाने वाली सजावट इसी श्रेणी में आती हैं। ऐसे में इन वस्तुओं के उपयोग को नियंत्रित करना और चीजों की बर्बादी रोकना इस अभियान से जुड़े अहम पहलू हैं। यही वजह है कि शून्य अपशिष्ट अभियान की सफलता प्रशासनिक प्रयासों के साथ आम नागरिकों की भागीदारी पर भी निर्भर है। जनचेतना ही जल, जमीन और वायु प्रदूषण पर रोक लगा सकती है। ऐसी साझी सहभागिता के बल पर ही भारत में दो अक्टूबर 2014 को व्यापक तौर पर शुरू किए गए स्वच्छ भारत मिशन ने देश में बड़ा बदलाव लाने का काम किया है। इस अभियान ने जनमानस में अपने परिवेश की स्वच्छता को लेकर उत्तरदायित्व भाव की अनुभूति जगाई है।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)

### आदत से मजबूर अमेरिका

'अमेरिका की बुरी आदत' शीर्षक से प्रकाशित संपादकीय पढ़ा। अमेरिका जैसे देशों को समझना चाहिए कि वे अनावश्यक ही दूसरे देशों के मामले में हस्तक्षेप करते रहते हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस के खातों को फ्रीज करने के मामले पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं, लेकिन हमारे देश की कानून व्यवस्था और न्यायपालिका के बीच अमेरिका को दखल देने की कोई जरूरत नहीं। हमारे देश की न्यायपालिका और कानून किसी के हाथ की कठपुतली नहीं हैं। यहां सुबूतों के आधार पर पूरी कानूनी प्रक्रिया के उपरांत ही निर्णय किए जाते हैं। अमेरिका को आत्ममंथन करना चाहिए कि वह स्वयं तमाम मसलों पर दोहरा रवैया रखता है। वह पारंपरिक रूप से दुनिया का सबसे बड़ा प्रदूषक रहा है, लेकिन पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अपने कर्तव्यों के पालन में अपने दायित्व की अपेक्षित पूर्ति से हिचकता रहा है। जबकि दूसरे देशों को उपदेश देने की अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा।

raju09023693142@gmail.com

### संगीन अपराधों में हो कठोर सजा

समाचार पत्र के 29 मार्च के अंक में प्रकाशित दुष्कर्म और हत्या के समाचार हृदय विदारक और जनमानस को आक्रोशित करने वाले हैं। पिछले दिनों दुष्कर्म और उसके बाद हत्याओं की कई घटनाएं हुई हैं और अधिकांश में आरोपी गिरफ्तार भी हुए हैं। लिहाजा दुष्कर्म और हत्या जैसे मामलों में न्यायपालिका को शीघ्र निर्णय देने के साथ ही अधिकतम सजा देने पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। केवल पुलिस-प्रशासन अपने आप में समाज को अपराध मुक्त करने में सक्षम नहीं हैं, जब तक दोषी को शीघ्रातिशीघ्र सजा न मिले। पीड़िता समाज में लज्जा और बदला लिए जाने की आशंका के कारण खुलकर सामने नहीं आती और अपराधी के पैरोकार न्यायालय में इतनी मानसिक पीड़ा देते हैं कि कुछ पीड़िताएं तो आत्महत्या तक करने के लिए विवश हो जाती हैं। ऐसे समाचार भी आए दिन समाचार पत्रों में प्रकाशित होते हैं। यह कैसी न्याय प्रणाली और व्यवस्था है? दुष्कर्म और हत्या के अपराधियों को विशेष अदालतों का गठन करके शीघ्र और कठोर दंड दिया जाना चाहिए।

विनोद जौहरी, दिल्ली

## मेलबाक्स

### नेतृत्वहीन विपक्ष मैदान में नहीं

कोई पार्टी चुनाव कैसे जीतती है। उसके पास मतदाताओं के लिए अच्छी नीतियां होनी चाहिए। वोटरों का उस पर भरोसा होना चाहिए। लोगों में यह विश्वास होना चाहिए कि अगर वह पार्टी सरकार बनाती है तो जनहित के तमाम काम होंगे। उस दल के पास ऐसा बड़ा चेहरा होना चाहिए, जिसकी जनता के बीच स्वीकार्यता हो और सबसे बड़ी बात कि मतदाताओं को उस दल की गारंटी पर भरोसा हो। क्या इन सभी पैमानों पर आज आपको विपक्ष टिकता हुआ दिख रहा है? निष्पक्ष आकलन करें तो यही दिखता है कि इस चुनाव में आइएनडीआइए कहीं भी मुकाबले में है ही नहीं। हर जगह भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है और मोदी की गारंटी पर सब भरोसा कर रहे हैं। विपक्ष पर आखिर लोग क्यों विश्वास करें। मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस सिमटती जा रही है।

नवीनचंद्र तिवारी, रोहिणी, दिल्ली

### चीन से सचेत रहने की जरूरत

हिंद महासागर में नई चुनौती शीर्षक आलेख में हर्ष वी. पंत ने हिंद महासागर में बढ़ रही हलचल से केंद्र सरकार को चौकन्ना रहने की सलाह दी है। हिंद महासागर के शीर्ष पर भारत का केंद्रीय स्थान इसके रणनीतिक लाभ के कारण महत्वपूर्ण माना जाता है। हिंद महासागर में चीन जिस रणनीति को विकसित करता दिख रहा है, उसे स्ट्रिंग आफ पर्ल्स नाम से जाना जाता है। इसके मुताबिक हिंद महासागर के आसपास के देशों में रणनीतिक बंदरगाहों और बुनियादी ढांचे का निर्माण व सुरक्षा शामिल है, जिसका उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। लिहाजा चीन से हमें सतर्क रहने की आवश्यकता है।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें:
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय: 011-43166300, नोएडा कार्यालय: 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**636** अरब डालर के ऊपर पहुंच गया है भारत में विदेशी मुद्रा भंडार, जबकि मार्च 2014 में यह 304 अरब डालर ही था।






कैलाश बिश्नोई
उच्च शिक्षा मामलों के जानकार

आजकल

# शोधकार्यों में नवाचार को मिले प्रोत्साहन

**देश में अनुसंधान को बढ़ावा देने, परीक्षाओं से जुड़े छात्रों के तनाव को कम करने और प्रवेश परीक्षा की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए यूजीसी द्वारा कई कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत पीएचडी में नामांकन की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा 'नेट' के स्कोर को पीएचडी में प्रवेश के लिए मान्य करने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय स्वागतयोग्य है। इससे देश में अनुसंधान की राह सुगम होगी जिससे विकसित भारत की राह भी आसान होगी**



किसी भी विषय या क्षेत्र में किए जाने वाले शोध कार्य की साख तब कायम होती है, जब वह विश्वसनीय और सुसंगत हो। प्रतीकात्मक

पीएचडी में नामांकन के लिए छात्रों को अब अलग-अलग विश्वविद्यालयों की प्रवेश परीक्षा नहीं देनी होगी, बल्कि उन्हें नेट के स्कोर के आधार पर भी प्रवेश मिल जाएगा। वस्तुतः शैक्षिक जगत में लंबे समय से यह सवाल उठ रहा था कि साल में दो बार यूजीसी-नेट परीक्षा होने के बावजूद विश्वविद्यालयों द्वारा अलग-अलग पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराना कितना उचित है? ध्यान देने वाली बात यह है कि यूजीसी की विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित किए जाने वाले यूजीसी नेट जेआरएफ परीक्षा के प्रारूप में भी बदलाव का निर्णय लिया गया है।

देखा जाए तो किसी भी देश का विकास वहां के लोगों के विकास से जुड़ा होता है और इसमें शोध की अहम भूमिका होती है। शिक्षा और शोध के हालात सुधारने की आकांक्षा से प्रेरित केंद्र सरकार ने पिछले वर्ष राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थान (एनआरएफ) की स्थापना को भी मंजूरी दी है। यह फाउंडेशन अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) का मार्ग प्रशस्त करेगा तथा देशभर के विश्वविद्यालयों, कालेजों, अनुसंधान संस्थानों एवं अनुसंधान व विकास प्रयोगशालाओं में अनुसंधान एवं नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देगा। एनआरएफ एक क्रांतिकारी बदलाव है। यदि यह ठीक ढंग से काम करे तो हमारी उच्चतर शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में बड़ा सुधार हो सकता है। इसके साथ ही वैज्ञानिक शोध से आवश्यक नतीजे भी सामने आ सकते हैं। एनआरएफ में निहित क्षमता का पूर्ण लाभ उठाने के लिए हमें पर्याप्त एवं तेजी से बढ़ती सार्वजनिक वित्त की उपलब्धता सुनिश्चित करनी होगी। निश्चित रूप से यह पहल भारत में अनुसंधान-वृत्ति को बढ़ावा देने, नवाचार पैदा करने और शिक्षा के स्तर को उन्नत बनाने में योगदान देगी। यह कदम अनुसंधान के महत्व की स्वीकृति और वैज्ञानिक प्रगति की आवश्यकता के प्रति भारत की सजगता का प्रमाण है।

देश में अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए एक तरफ जहां यूजीसी ने पीएचडी के लिए मास्टर डिग्री की अनिवार्यता खत्म कर दी है, तो दूसरी ओर आयोग ने नौकरी के चलते पीएचडी नहीं कर पाने वाले पेशेवरों को पार्ट टाइम पीएचडी करने का विकल्प उपलब्ध कराकर बड़ी राहत दी है। अब वर्किंग प्रोफेशनल नौकरी के साथ-साथ पार्ट टाइम पीएचडी भी कर सकेंगे। इसमें पीएचडी प्रोग्राम में छह महीने का कोर्स वर्क रेगुलर मोड से करना होगा, जबकि थीसिस समेत अन्य रिसर्च वर्क पार्ट टाइम मोड से कर सकेंगे। निश्चित रूप से यह पहल भारत में अनुसंधान-वृत्ति को बढ़ावा देने, नवाचार पैदा करने और शिक्षा के स्तर को उन्नत बनाने में योगदान देगी।

**गुणवत्ता का सवाल** : सीएसआइआर के एक सर्वेक्षण के अनुसार देश में हर साल लगभग तीन हजार अनुसंधान/शोध-पत्र तैयार होते हैं, लेकिन इनमें कोई नया आइडिया या विचार नहीं होता। विश्वविद्यालयों तथा निजी और सरकारी क्षेत्र की प्रयोगशालाओं में सकल खर्च भी बहुत कम है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार यह कुल जीडीपी का एक प्रतिशत भी नहीं है। यह सीमा दो प्रतिशत तक बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन कोई भी सरकार इस दिशा में शायद ही कुछ कर पाई। यही नहीं, कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंचों पर भी यह मुद्दा चर्चा से गायब रहता है। ऐसे में यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि अनुसंधान/ शोध पत्रों के नजरिये से भी विज्ञान के वैश्विक उत्थान में भारत का योगदान केवल दो से तीन प्रतिशत है। देश में लगभग एक हजार विश्वविद्यालयों के बावजूद चीन, यूरोप व अमेरिका की तुलना हमारे शोध-पत्रों की गुणवत्ता और संख्या सबसे कम है। आखिर क्यों भारत शोध कार्यों के मामले में चीन, जापान जैसे देशों से पीछे है? ऐसी कौन-सी चुनौतियां हैं जो अनुसंधान और विकास के क्षेत्र में भारत की प्रगति के पहिये को रोक रही हैं? दरअसल देश में नियम इतने सख्त हैं कि उम्र निकल जाती है, जब तक आपको अच्छा शोधकर्ता माना जाता है।

**आगे की राह** : भारत एक ज्ञान आधारित समाज बने, इसके लिए भी भाषाई खाई को पाटना होगा। भाषा ही वह माध्यम है जो किसी भी देश के विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय भाषाओं में शोध के पीछे का उद्देश्य यही है कि हम अपने ज्ञान को विस्तृत रूप से प्रसारित कर सकें। आदमी जिस भाषा में सोचता है, उसी में विचारों की अभिव्यक्ति सदैव ही उपयोगी साबित होती है। यदि दस विकसित देशों के नाम सामने रखें तो इनमें नौ ऐसे देश होंगे जो अपनी ही भाषा को अपनाकर आगे बढ़े हैं। ऐसे में हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में भी सुबोध शैली में शोध कार्य को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके लिए कुछ पहल हो रही है, पर वह पर्याप्त नहीं है। इस दिशा में गंभीर पहल होनी चाहिए।

शोध की गुणवत्ता के पैमानों पर गौर करें तो शोधकर्ताओं के बीच पांच प्रमुख आधार पर बल दिया जाता है। ये हैं : शोध कार्य की साख (क्रेडिबिलिटी), उसकी मौलिकता, शोध कार्य की संचार हेतु उपयुक्तता और प्रस्तुति, शोध कार्य का महत्व और शोध में ईमानदारी (इंटिग्रिटी) प्रमुख रूप से उपस्थित होते हैं। देश में शिक्षक का मूल कार्य शिक्षा देना है। भारत में भी ऐसी व्यवस्था पर विचार किया जाना चाहिए, जहां शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं का संवर्ग अलग-अलग हो, उनकी योग्यता नियुक्ति एवं उनके मूल्यांकन की विधि भी पृथक प्रकार की होनी चाहिए।

शोध को समाजोपयोगी बनाने के लिए यह जरूरी है कि छात्र और शिक्षक दोनों की अनुसंधान के प्रति सोच ईमानदार हो और वो विषय में कुछ नया जोड़ने के उद्देश्य से ही इस दिशा में आगे बढ़ें। शोध महज शोध की औपचारिकता के लिए न हो, बल्कि उससे वैश्विक स्तर पर अनुशासन को गति मिले। इन सबके लिए सबसे जरूरी है नीति नियंताओं की नीयत का साफ होना, ताकि शोध के प्रति सरकार की अवधारणा भी बदले। शोध केंद्र के रूप में विभिन्न विषयों के अध्ययन केंद्रों की पहचान कर उन्हें उदारतापूर्वक सक्षम बनाने की आवश्यकता है। उन्हें दायित्व के साथ स्वायत्तता भी मिलनी चाहिए, ताकि वे अपनी जरूरतों का आकलन कर उपयोगी शोध कार्यक्रमों की प्रभावी व्यवस्था चला सकें।

शोध को बढ़ावा देने का एक बेहतर तरीका यह भी हो सकता है कि उद्योग जगत और देश के विश्वविद्यालयों के बीच साझा गठजोड़ बने, ताकि प्रयोगशाला में हुए शोध को बाजार तक पहुंचाया जा सके। हमारे देश में आविष्कार और शोध की संस्कृति को भी बढ़ावा मिल सकता है, बशर्ते हम ऐसे कार्यों के लिए सकारात्मक माहौल बनाएं। शैक्षिक संस्थानों के गिरते स्तर को बचाने के लिए सरकार को अच्छी शोध के लिए शोध राशि बढ़ाने के साथ साथ विश्वविद्यालयों को आवश्यक मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित करना होगा।

## देश के युवा विज्ञानियों को बनाएं रोल माडल

यह सच है कि देश में प्रतिभा का कभी अकाल नहीं रहा। नवाचार का गढ़ मानी जाने वाली अमेरिका की सिलिकन वैली और पश्चिम के विकसित राष्ट्रों में चिकित्सा से लेकर तकनीकी क्षेत्रों में भारतीयों की व्यापक उपस्थिति इसे पुष्ट करती है। परंतु यह विडंबना है कि भारत में लगभग 40 हजार उच्च शिक्षा संस्थानों में से एक प्रतिशत से भी कम विज्ञानी और सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। हमारे यहां जो शोध होते भी हैं, उनकी गुणवत्ता को लेकर अक्सर सवाल उठाए जाते हैं। वर्षों से अध्यापकों की नियुक्ति न होने के कारण शोध कराने के लिए अनेक विश्वविद्यालयों में अनेक विभागों में अनुभवी प्राध्यापकों का भी अकाल है। शोध के पश्चात के छात्रों के कैरियर को लेकर भी इतना असमंजस बना हुआ है कि शोध अपनी चमक खोता जा रहा है। हमारे देश में शोध का परिवेश भी उत्साहजनक नहीं है।

अमेरिका तथा यूरोपीय देशों में शोध की समाज में बहुत कद्र है, इसी वजह से वहां नोबेल पुरस्कार विजेताओं की भरमार होती है। भारत में प्रति दस हजार की आबादी पर केवल चार लोग ही शोध में लगे हुए हैं, वहीं अमेरिका तथा ब्रिटेन में यह आंकड़ा 79 तथा रूस में 58 है। भारत में उच्च शिक्षा हासिल करने वाले छात्रों में महज एक प्रतिशत छात्र ही शोध करते हैं। अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण के अनुसार देशभर में हर वर्ष लगभग सात हजार शोधार्थी ही विज्ञान विषयों में पीएचडी करते हैं, इनमें से अधिकतर शोधार्थियों की पीएचडी थीसिस से उस विषय में कोई नवाचारी पुट का समावेश नहीं होता है तथा अधिकांश शोध सतही होते हैं जिस कारण से शोधार्थियों के शोध अध्ययन से समाज तथा राष्ट्र को कोई खास लाभ नहीं मिल पाता है।

भारत में आज भी स्कूलों से लेकर विश्वविद्यालय तक की प्रयोगशालाओं के स्वरूप में लंबे समय से बदलाव नहीं हुआ है। समय की मांग है कि प्रयोगशालाओं को नया स्वरूप दिया जाए तथा शोध संस्थानों में पनप रही 'साइंस ब्यूरोक्रेसी' पर लगाम लगाने के लिए कठोर कदम उठाए जाएं, ताकि देश में शोधपरक संस्कृति विकसित की जा सके। भारत में चल रहे डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया तथा स्किल इंडिया जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भी जरूरी है कि विज्ञान की नींव को सशक्त किया जाए तथा विश्वस्तरीय शोध एवं विकास का माहौल भारत में निर्मित हो।

भारत में विज्ञान के क्षेत्र में शोध की स्थिति को सुधारने के लिए मेधावी छात्रों को शोध कार्य के लिए आकर्षित करने की भी जरूरत है। साथ ही विज्ञान के शोधार्थियों को रोजगार की गारंटी दी जाए। भारत में वैज्ञानिक शोध तथा आविष्कार को प्रोत्साहित करने के लिए कुछ इस तरह का माहौल बनाना होगा कि देश में बच्चे तथा युवा अभिनेताओं एवं खिलाड़ियों की तरह विज्ञानियों को भी रोल माडल बनाएं।

(कैलाश बिश्नोई)

खरी-खरी

## पहली अप्रैल का पुरस्कार

पूरन सरमा

वे सीधे-सादे थे और अक्ल के कच्चे थे। सदैव ख्यालों में सोया रहना उनकी आदत थी। साहित्य सेवा से सदैव लबरेज रहते थे। उम्रदराज होने से साहित्य जगत में उनकी पहचान 'महाकवि' के रूप में हो चुकी थी। पहली अप्रैल को मैंने उनके घर जरकर कहा, 'बधाई हो महाकवि जी। पहली अप्रैल आपको मुबारक हो।' वे लगभग लजाते हुए से बोले, 'धन्यवाद शर्मा। मुझे तो पता ही नहीं था कि आज पहली अप्रैल है।' मैं बोला, 'मिठाई तो मैं आपसे खाकर ही रहूंगा आज। इधर खबर है कि आपको अकादमी ने विशिष्ट साहित्यकार के रूप में सम्मानित करने का फैसला किया है। उसकी बधाई भी स्वीकार करें।' वे गद्गद हो गए और खुशी से पगलाये से बोले, 'मैं कहता नहीं था कि साहित्य सम्मान देर-सवेर मुझे मिलेगा जरूर। आज पहली तारीख को तुमने शुभ समाचार दिया है।'

वे मिठाई लेने चले गए। मिठाई देखते ही मुंह में पानी आ गया। ऊपरी तौर पर बोला, 'अरे, इतनी मिठाई क्यों ले आए? आपको तो सम्मानित होना ही था।' वे बोले, 'तुमने ऐसी खबर सुनाई है कि दिल बाग-बाग हो गया है।'

मैं मिठाई पर टूट पड़ा। मन में मिठाई खाते हुए ग्लानि का भाव जरूर आ रहा था कि यह मैंने ठीक नहीं किया है, परंतु मूर्ख दिवस का ख्याल आते ही मजाक करने का अधिकार याद हो आया। मन ने कहा- पहली अप्रैल को किसी को मूर्ख बनाने का अधिकार सभी को विधिवत मिला हुआ है। इसलिए महाकवि को आज विशिष्ट साहित्यकार सम्मान से नवाजने की खबर से खुशी दी है तो बुरा क्या किया है? मैं बोला, 'निर्णय तो सही हुआ है! लेकिन यह देर से हुआ है।'

वे बोले, 'देर आयद दुरूस्त आयद। कभी भी हुआ हो शर्मा पर यह निर्णय गलत नहीं है। आज मेरा सही मूल्यांकन हुआ है। मैं कहता हूं तुम भी लगे रहो। एक दिन तुम्हारा भी नंबर आ जाएगा। मानता हूं कि अकादमी में राजनीति है, परंतु कुछ निर्णय निष्पक्ष भी होते हैं। मेरे मामले में यही हुआ है।'

वैसे अब परेशान हूं कि 'कवि' को वास्तविकता कैसे बताऊं।

पोस्ट

जहां बोलना है, अगर वहां चुप रहोगे, तो कीमत चुकानी पड़ेगी। और जहां चुप रहना है, वहां बोलोगे तो और भी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है।
रजत शर्मा@RajatSharmaLive

कुछ लोगों ने मुख्तार अंसारी के महिमामंडन की मार्मिक कहानियां सुना-सुनाकर पका दिया है। ऐसे लोगों को उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय से जाकर पूछना चाहिए कि 'गरीबों के मसीहा' मुख्तार ने उनके सामने ही उनके भाई को गोली क्यों मार दी थी?
अतुल कुमार राय@AuthorAtul


बनारस का बच्चा-बच्चा डीएसपी शैलेंद्र सिंह प्रकरण से परिचित है। गैंगस्टर मुख्तार के पास एलएमजी बरामद करने के बाद उन्हें नौकरी से इस्तीफा देना पड़ा, क्योंकि मुलायम सरकार को पुलिस से ज्यादा एक अपराधी से लगाव था।
रंगनाथ सिंह@rangnathsingh_



रोहित शर्मा को मुंबई इंडियंस प्रबंधन के साथ कप्तानी पर चर्चा करनी चाहिए। यदि उन्हें कप्तानी वापस न भी मिले तो तत्काल प्रभाव से यह जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह को दिलानी चाहिए। असल में मुंबई इंडियंस में बुमराह ही सही मायनों में रोहित के उत्तराधिकारी थे।
समीप राजगुरु@samiprajguru

जागरण जनमत कल का परिणाम

**भारत को भी अमेरिका के आंतरिक मामलों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करनी चाहिए?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में।

**आज का सवाल**

क्या अग्निपथ योजना में बदलाव की आवश्यकता है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है।

जनपथ

अपने पांवों पर लिए स्वयं कुल्हाड़ी मार,
अब फुर्सत में खेलिए लूडो-कैरम यार।
लूडो-कैरम यार जुबां को बहुत चलाया,
आखिर टिकट कटाय आपने खुद भर पाया।
भरी जवानी बीच हो गए धूसर सपने,
बने वरुण जी आप स्वयं ही दुश्मन अपने!
- ओमप्रकाश तिवारी



आलोक मिश्र
स्थानीय संपादक, बिहार

बिहार डायरी

# किसी की दाल गली तो कहीं पतीली ही नहीं चढ़ी

यह सही है कि बिहार में जाति की राजनीति का बोलबाला है। गठबंधन से लेकर सीटें तय करने में जाति को ध्यान में रखा जाता है। जातियों के महत्व को देखते हुए जातीय पार्टियां भी उभरने लगीं। बिहार में कई ऐसे दल हैं जो जाति विशेष का प्रतिनिधित्व करने का दावा करते हैं। ये चुनाव में भागीदारी भी करते हैं और बड़े दलों से गठबंधन की आशा भी रखते हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में ऐसे दलों में कुछ की दाल तो गली, लेकिन कुछ की पतीली ही नहीं चढ़ पाई। जिनकी गली भी तो वह पूरी नहीं गल पाई, अधपकी ही रह गई।

इस बार लोकसभा चुनाव आते ही सभी की महत्वाकांक्षाएं हिलोरें मारने लगीं। इसमें कोई संदेह नहीं कि राजग का भाव ज्यादा चढ़ा है, इसलिए वामदलों को छोड़ सभी की निगाहें उसी ओर थीं। सभी-अपने तरीके से संपर्क में जुटे मोलभाव कर रहे थे। चिराग पासवान, पशुपति कुमार पारस, उपेंद्र कुशवाहा, जीतनराम मांझी, मुकेश सहनी सभी के पास अपनी मांग थी। लोक जनशक्ति पार्टी के दो फाड़ करने वाले चाचा पशुपति कुमार पारस और भतीजे चिराग का झगड़ा जगजाहिर है। दोनों की अर्जी लगी थी भाजपा के पास। चाचा केंद्र में मंत्री थे और पांच सांसदों का साथ था, इसलिए उनकी मांग कम से कम पांच की थी। चिराग पासवान राजग से अघोषित रूप से अलग थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ाई करते हुए उन्होंने राजग से अलग होकर विधानसभा चुनाव लड़ा था। वे इस बार राजग के साथ लड़ना चाहते थे। जमीन पर अपनी पहचान बनाने वाले चिराग पासवान को भाजपा ने तवज्जो दी और जनाधार में कमजोर पड़ रहे पारस को किनारे कर दिया गया। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव में मिली छह के बजाए पांच सीटें ही चिराग पासवान के हाथ लगी, लेकिन उनके लिए चाचा पर जीत मायने रखती है।



बीते विधानसभा चुनाव में नुकसान पहुंचाने वाले चिराग पासवान (दाएं) से गुरुवार को मिलते नीतीश कुमार (बाएं)। एएनआइ

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी दो की चाह रखते थे। राज्यसभा की भी चाहत थी, लेकिन एक सीट से संतोष करना पड़ा। गया से स्वयं लड़ रहे हैं। पिछले चुनाव में महागठबंधन के साथ थे और तीन सीटों पर लड़े थे। यही हाल उपेंद्र कुशवाहा के साथ हुआ। जब नीतीश महागठबंधन में रहते हुए सरकार चला रहे थे तो उपेंद्र कुशवाहा ने उन्हें बीच में ही छोड़ दिया था और एनडीए के पाले में चले गए थे। समय पलटा, नीतीश एनडीए के हो गए। इस बार राष्ट्रीय लोक मोर्चा बनाने वाले उपेंद्र कुशवाहा पिछल चुनाव में महागठबंधन के साथ थे और पांच सीटों पर लड़े थे। हालांकि जीते एक भी नहीं थे। जब तक नीतीश साथ नहीं आए थे, तीन की उनकी मांग जोर पकड़े थी। नीतीश कुमार के आते ही राजग की सीटें कम हो गईं और उपेंद्र कुशवाहा का भाव भी गिर गया। उनको भी एक सीट काराकाट टिका दी गई। रह गए विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश सहनी, जो तीन से कम मानने को तैयार नहीं थे। प्रदेश में मंत्री पद से हटाकर विधानसभा का गठबंधन तोड़ने वाली भाजपा ने इस बार मुंह ही नहीं लगाया। वे किनारे लग गए। आशा थी कि महागठबंधन शायद समायोजित कर ले। छह-सात प्रतिशत वोट का वे दावा करते हैं, लेकिन वहां भी उनकी दाल नहीं गली।

अब दोनों ओर सीटों का बंटवारा हो गया है। एनडीए गठबंधन में तो कोई दिक्कत नहीं रही। 17 सीटों पर भाजपा, 16 पर जदयू, पांच पर लोजपा (रामविलास) और एक-एक पर हम व राष्ट्रीय लोकमोर्चा लड़ेगी। इधर महागठबंधन में काफी माथा-पच्ची के बाद सीट बंटवारा हो सका। अब 26 पर राजद, नौ पर कांग्रेस व पांच पर वामपंथी दल लड़ेंगे। जिसमें तीन पर भाकपा (माले), एक पर माकपा व एक पर भाकपा लड़ेगी। मुकेश सहनी व पारस अलग-थलग पड़े हैं। दोनों को कहीं जगह नहीं मिली है। सहनी अभी भी राजद से आस पाले हैं कि शायद वह अपने कोटे से दो सीट दे दे, क्योंकि सवाल साख का ही नहीं, वजूद का भी है। अगर चुनाव नहीं लड़े तो अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में कोई पूछेगा ही नहीं। केवल बोलने से बात नहीं बनने वाली कि इतना प्रतिशत वोट हमारे पास भी है। सबसे बुरा तो हुआ राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के साथ। वे तो न घर के रहे, न घाट के। पूर्णिया से टिकट की आस में अपने दल 'जाप' का कांग्रेस में विलय करा बैठे, लेकिन कांग्रेस को घुटनों पर टिकाए लालू यादव ने सिंबल जदयू से आईं विधायक बीमा भारती को थमा दिया। अब पप्पू परेशान हैं। तय नहीं कर पा रहे कि लड़ें या न लड़ें।

बहरहाल, बिसात बिछ चुकी है। कहीं ठौर न पाने वालों के पास स्वयं के बूते लड़ने का ही अवसर बचा है। देखना है कि आगे क्या होता है?

मंथन



प्रो. लल्लन प्रसाद
पूर्व विभागाध्यक्ष, बिजनेस इकोनमिक्स विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय

# सभी तक पहुंचे विकास का लाभ

**पिछले एक दशक से भारत में आर्थिक विकास की गति बहुत तेज हुई है। परंतु मानव विकास की गति में वह तेजी परिलक्षित नहीं हो रही है, लिहाजा इस दिशा में व्यापक प्रयास की आवश्यकता है**



आर्थिक नीतियों में सामयिक सुधार हो ताकि विकास के लाभ से कोई भी वंचित न रहे। प्रतीकात्मक

भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में सर्वाधिक तेजी से बढ़ रही है। देश की सकल घरेलू आय (जीडीपी) पिछले 10 वर्षों में लगभग दोगुनी हो गई है। वर्ष 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था पांच लाख करोड़ डालर की हो जाएगी जो अभी 3.75 लाख करोड़ डालर है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत को दुनिया का स्टार परफार्मर बताया है। खाद्यान्नों का उत्पादन रिकार्ड स्तर पर हो रहा है। हाल के वर्षों में कई देशों को भारत ने खाद्य संकट से बचाया है। पूंजी बाजार में देशी और विदेशी निवेशकों का भारी निवेश अर्थव्यवस्था को गति देने में सहायक हुआ है। विदेशी मुद्रा का भंडार 636 अरब डालर के ऊपर पहुंच गया है जो मार्च 2014 में 304 अरब डालर था। फरवरी 2024 के अंतिम सप्ताह में बीएसआई सूचकांक 73 हजार और निफ्टी 22 हजार को पार कर गया जो अब तक का रिकार्ड है। हालांकि इसके बाद कीमतें कुछ नीचे आई हैं।

अमेरिकी थिंक टैंक 'ब्रोकिंग' के अनुसार भारत महागरीबी से मुक्त हो गया है। गरीबी उन्मूलन में पहले 30 वर्षों में जो प्रगति नहीं हुई, पिछले 11 वर्षों में उससे अधिक हुई। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू खपत में भारी वृद्धि हुई है। यह निष्पक्ष तरीके से योजनाओं को लागू करने की मजबूत नीति का परिणाम है। पिछले दशक में विशेष रूप से भारत में मजबूत समावेशी विकास हुआ है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में लाभ सीधे लोगों के खातों में पहुंच रहा है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण (एनएसएसओ) के ताजा अध्ययन के अनुसार देश में परिवारों का प्रति व्यक्ति घरेलू मासिक खर्च 2011-12 की तुलना में 2022-23 में दोगुना हो गया है। रक्षा उत्पादन में भारत धीरे-धीरे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। सेमीकंडक्टर का उत्पादन भी आगामी तीन-चार वर्षों में प्रारंभ होने जा रहा है जो अब तक आयात होता रहा है। किंतु कुछ क्षेत्रों में अर्थव्यवस्था अभी भी कमजोर है। महंगाई, विशेषकर खाद्य पदार्थों की और बेरोजगारी पर सरकार लगाम नहीं लग पा रही है। मुद्रास्फीति में 2023 में आठ प्रतिशत तक का उछाल आ गया था। इनका उपाय भी आवश्यक है।

**मानव विकास सूचकांक में भारत** : संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार भारत मानव विकास के सूचकांक में 134वें स्थान पर है। इसके पहले 2009 से 2013 तक भारत की रैंकिंग छह पायदान सुधरी थी, जबकि 2014 से 2023 के बीच केवल चार पायदान आगे बढ़ी। रैंकिंग में भारत का सूचकांक 0.64 है, जबकि अमेरिका, इंग्लैंड, जापान और रूस के क्रमशः 0.927, 0.88, 0.878 और 0.821 हैं। मानव विकास के सूचकांक में सबसे ऊपर तीन यूरोपीय देश हैं- स्विट्जरलैंड, नार्वे और आइसलैंड एवं सबसे नीचे अफ्रीका के तीन देश हैं- सोमालिया, दक्षिण सूडान और मध्य अफ्रीका। दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत अभी मध्य विकसित देशों की श्रेणी में है, यद्यपि वह विश्व की पांचवीं आर्थिक शक्ति बन चुका है। सूचकांक के प्रमुख आधार हैं- जन्म समय पर जीवन की प्रत्याशा, स्कूलिंग के अनुमानित और औसत वर्ष एवं सकल राष्ट्रीय आय। वर्ष 1990 के बाद से अब तक भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा 9.1 वर्ष बढ़ी है। इस समय भारत के लोगों की औसत उम्र 67.7 वर्ष है। इतना ही नहीं, समूचे देश में स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष में 4.6 वर्षों की वृद्धि हुई है और औसत वर्ष में 3.8 वर्षों की वृद्धि हुई है।

आज देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। प्रति व्यक्ति आय 367 डालर से बढ़कर 2612 डालर पर आ गया है। लैंगिक असमानता की दृष्टि से भारत विश्व के 191 देशों में 108वें स्थान पर है।

**संपत्ति और आय असमानता** : अर्थव्यवस्था के आकार में वृद्धि होने के साथ सभी तबके के लोगों की आमदनी बढ़ी है, इसमें संदेह नहीं, किंतु यह भी सच है कि अमीर-गरीब के बीच संपत्ति व आय की असमानता सभी बढ़ी है। इसका एक बड़ा कारण आर्थिक मोर्चे की मजबूती के लिए बड़े इंफ्रा प्रोजेक्ट्स, कारखाने, बड़े व्यवसायियों और निजीकरण पर सरकार की बढ़ती निर्भरता है जो विकास को गति देती है। आक्सफैम की सर्वाइवल आफ द रिचेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय अरबपतियों की संख्या 2020 के 102 से बढ़कर 166 हो गई है। भारत में सबसे अमीर एक प्रतिशत के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है और केवल पांच प्रतिशत भारतीयों के पास देश की 60 प्रतिशत से अधिक संपत्ति है। किंतु इसके साथ विरोधाभास यह भी है कि जीएसटी में 64 प्रतिशत से अधिक योगदान नीचे के 50 प्रतिशत की आबादी का होता है। संपत्ति और आय की विषमता का कोई आधिकारिक डेटाबेस नहीं है, किंतु अधिकांश अनुमान इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि पिछले कुछ दशकों में अमीर और गरीब के बीच की खाई बढ़ी है। हालांकि यह भी सच है कि बड़ी संख्या में आबादी गरीबी रेखा के ऊपर आई है जिसके लिए संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में भारत की सराहना हुई है। शिक्षा स्वास्थ्य और समाज कल्याण पर अधिक खर्च करके असमानता को कम किया जा सकता है और सामाजिक न्याय का रास्ता प्रशस्त किया जा सकता है।

********

### अकासा एयर ने शुरू किया अंतरराष्ट्रीय परिचालन

**मुंबई:** विमानन कंपनी अकासा एयर ने मुंबई से दोहा (कतर) के लिए पहली उड़ान रवाना करने के साथ ही अपना अंतरराष्ट्रीय परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी ने कहा कि उसे तीन अन्य अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों कुवैत, जेद्दा और रियाद के लिए यातायात अधिकार मिल गए हैं। एयरलाइन के अनुसार, अहमदाबाद, गोवा, वाराणसी, लखनऊ, बेंगलुरु, कोच्चि और दिल्ली जैसे अन्य घरेलू शहरों के यात्रियों के पास मुंबई के रास्ते दोहा जाने के लिए कई संपर्क विकल्प होंगे। (प्रेट्र)

किआ की 2.0 रणनीति के तहत हम साल के अंत तक 700 से अधिक टचपाइंट नेटवर्क का लक्ष्य रख रहे हैं, जिससे कंपनी की सेवाएं हमारे ग्राहकों के लिए अधिक सुलभ हो सकें।
–हरदीप सिंह बरार, नेशनल सेल्स हेड, किआ इंडिया



## एक नजर में

### एलआइसी के कार्यालय 30-31 मार्च को खुले रहेंगे

**नई दिल्ली:** एलआइसी करदाताओं को 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 मार्च और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगी। एलआइसी का यह कदम बैंकों की उस घोषणा के बाद आया है जिसमें उनकी शाखाएं शनिवार और रविवार को खुली रखने की बात कही गई थी। आरबीआइ ने बैंकों को 30-31 मार्च को सरकारी लेनदेन के लिए अपनी शाखाएं खुली रखने को कहा है। (प्रेट्र)

### अगले वित्त वर्ष में बैंकों के एनपीए में आएगी कमी

**मुंबई:** बैंकिंग प्रणाली की सकल गैर निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अगले वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक घटकर 2.1 प्रतिशत के स्तर पर आ सकती हैं। वित्त वर्ष 2023-24 में जीएनपीए 2.5-2.7 प्रतिशत पर रहने की संभावना है। केयर रेटिंग्स के मुताबिक, 2024-25 के अंत तक इसमें सुधार होगा और बैंकों का कुल एनपीए घटकर 2.1-2.4 प्रतिशत रह जाएगा। (प्रेट्र)

### फोर्स मोटर्स ने ट्रैक्टर बिजनेस बंद करने का एलान किया

**बेंगलुरु:** मल्टी सीटर यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी फोर्स मोटर्स ने ट्रैक्टर बिजनेस को बंद करने का एलान किया है। वित्त वर्ष 2022-2023 में कंपनी के कुल राजस्व में ट्रैक्टरों की बिक्री 3.66 प्रतिशत थी। कंपनी अपने राजस्व का लगभग 48 प्रतिशत वाहन बिक्री से अर्जित करती है। जबकि 36 प्रतिशत राजस्व विभिन्न कार कंपनियों के लिए इंजन बनाकर अर्जित करती है। कंपनी बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज के लिए भारत में इंजन बनाती है। (रायटर)

### जीईएम से अब तक चार लाख करोड़ की खरीद

**नई दिल्ली:** चालू वित्त वर्ष में अभी तक सरकारी ई-मार्केट प्लेटफार्म जीईएम से खरीदारी चार लाख करोड़ के पार पहुंच गई है। सभी मंत्रालयों तथा विभागों द्वारा वस्तुओं व सेवाओं की आनलाइन खरीद के लिए सरकारी ई-मार्केट प्लेटफार्म जीईएम की शुरुआत नौ अगस्त 2016 को की गई थी। 2021-22 में खरीद मूल्य 1.06 लाख करोड़ रुपये था। (प्रेट्र)


# मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने 2023-24 में 62 प्रतिशत रिटर्न दिया

## चालू वित्त वर्ष में मिड कैप 15 हजार तो स्माल कैप सूचकांक 16 हजार अंक चढ़ा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** बीएसई के मिड-कैप और स्माल-कैप सूचकांक में सूचीबद्ध मझोली और छोटी कंपनियों के शेयरों ने 2023-24 में करीब 62 प्रतिशत रिटर्न दिया है। मिड-कैप और स्मालकैप शेयरों का प्रदर्शन सेंसेक्स से बेहतर रहा है। यह देश में मजबूत वृहद आर्थिक परिस्थितियों और विभिन्न कंपनियों के तिमाही नतीजे बेहतर रहने के बीच निवेशकों की उत्साहपूर्ण भावना को दर्शाता है।

एक विश्लेषण के अनुसार, बीएसई मिड-कैप सूचकांक वित्त वर्ष 2023-24 में 15,013.95 अंक या 62.38 प्रतिशत उछल गया, जबकि स्माल-कैप 16,068.99 अंक या 59.60 प्रतिशत चढ़ा। इसकी तुलना में 30 शेयर वाले बीएसई सेंसेक्स ने 14,659.83 अंक या 24.85 प्रतिशत बढ़त हासिल की। व्यापक बाजार ने वित्त वर्ष 2023-24 में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। 31 मार्च, 2023 को अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर 23,881.79 अंक पर फिसलने के बाद बीएसई मिडकैप सूचकांक आठ फरवरी को 40,282.49 के अपने स्तर पर पहुंच गया। बीएसई स्माल-कैप सूचकांक सात फरवरी को अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 46,821.39 पर पहुंच गया, जबकि पिछले साल 31 मार्च को यह 52-सप्ताह के निचले स्तर 26,692.09 अंक पर आ गया था। बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स इस साल सात मार्च को 74,245.17 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

विश्लेषकों के अनुसार, छोटी कंपनियों के शेयर आमतौर पर स्थानीय निवेशकों द्वारा खरीदे जाते हैं, जबकि विदेशी निवेशक बड़ी कंपनियों के शेयर पर ध्यान केंद्रित करते हैं। 2022-23 में बीएसई सेंसेक्स 423.01 अंक चढ़ा था। जबकि बीएसई स्माल कैप सूचकांक 1,258.64 अंक या 4.46 प्रतिशत गिरा था, जबकि मिडकैप में 42.38 अंक या 0.17 प्रतिशत की मामूली गिरावट आई थी।




निवेशकों की भावना में यह बदलाव भारत में मजबूत व्यापक आर्थिक स्थितियों से प्रेरित है। यह परंपरागत रूप से आर्थिक विस्तार की अवधि के दौरान छोटी कंपनियों के शेयरों में त्वरित वृद्धि को बढ़ावा देता है।
–सुमन बनर्जी, सीईओ, हेज फंड हेडोनोवा

'चालू वित्त वर्ष में सेंसेक्स की तुलना में छोटी कंपनी के शेयरों का बेहतर प्रदर्शन भारतीय घरेलू बाजार की गतिशील प्रकृति और निवेशकों को प्रदान किए जाने वाले विविध अवसरों को दर्शाता है।
–सुनील न्याति, प्रबंध निदेशक, स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड

# एफपीआइ ने शेयरों में दो लाख करोड़ डाले

- वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान ऋण या बांड बाजार में 1.2 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया
- पिछले वित्त वर्ष में विदेशी निवेशकों ने शेयर बाजार से 37,632 करोड़ रुपये निकाले थे

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बीच देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद के चलते विदेशी निवेशकों ने वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय शेयर बाजार में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। मजार्स इन इंडिया के मैनेजिंग पार्टनर भारत धवन ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूर्वानुमान सतर्कता के साथ आशावादी है। प्रगतिशील नीतिगत सुधारों, आर्थिक स्थिरता और आकर्षक निवेश अवसरों के चलते एफपीआइ प्रवाह जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, हम वैश्विक भू-राजनीतिक प्रभाव को लेकर सचेत हैं, जिसके चलते बीच-बीच में अस्थिरता आ सकती है, लेकिन हम बाजार के उतार-चढ़ाव से निपटने में रणनीतिक योजना और तत्परता के महत्व पर जोर देते हैं।' विंडमिल कैपिटल के स्मालकेस प्रबंधक और वरिष्ठ निदेशक नवीन केआर ने कहा कि एफपीआइ के नजरिये से 2024-25 की संभावनाएं मजबूत बनी हुई हैं।

डिपाजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष 2023-24 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने भारतीय इक्विटी बाजारों में लगभग 2.08 लाख करोड़ रुपये और ऋण या बांड बाजार में 1.2 लाख करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। उन्होंने कुल मिलाकर पूंजी बाजार में 3.4 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया। पिछले दो वित्त वर्षों में शेयरों से शुद्ध निकासी के बाद यह जोरदार वापसी देखने को मिली है। वित्त वर्ष 2022-23 में एफपीआइ ने भारतीय शेयर बाजार से शुद्ध रूप से 37,632 करोड़ रुपये निकाले थे।




**3.4** लाख करोड़ रुपये का कुल निवेश किया चालू वित्त वर्ष के दौरान एफपीआइ ने

**37,632** करोड़ रुपये निकाले थे शेयर बाजार से एफपीआइ ने पिछले वित्त वर्ष में

अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित बाजारों में मुद्रास्फीति और ब्याज दर की दिशा, मुद्रा की स्थिति, कच्चे तेल की कीमतों, भू-राजनीतिक परिदृश्य और घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूती जैसे कारकों से एफपीआइ प्रवाह सकारात्मक रहा। वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल के बीच भारत की अर्थव्यवस्था अधिक मजबूत और स्थिर रही, जिससे विदेशी निवेशक आकर्षित हुए।
–हिमांशु श्रीवास्तव, एसोसिएट निदेशक, मार्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया

# 15 अप्रैल से बंद होगी यूएसएसडी आधारित काल फारवर्डिंग सुविधा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी-आधारित काल फारवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके से इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का उपयोग आइएमईआइ नंबर और मोबाइल फोन बैलेंस जानने में किया जाता है। विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा, 'हमारे संज्ञान में आया है कि यूएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डाटा-*401#) आधारित काल फारवर्डिंग सुविधा का प्रयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। 15 अप्रैल से सुविधा बंद कर दी जाएगी।'

### दूरसंचार विभाग का नाम लेकर काल करने वालों से सावधान रहें

सरकार ने लोगों को दूरसंचार विभाग का नाम लेकर मोबाइल नंबर बंद करने की धमकी देने वालों से आगाह किया है। एक बयान में शुक्रवार को कहा गया कि खुद को दूरसंचार विभाग का अधिकारी बताकर काल करने वाले और कनेक्शन काटने की धमकी देने वाले फर्जी हैं और उनका मकसद लोगों की जानकारी चुराना और वित्तीय धोखाधड़ी को अंजाम देना है। दूरसंचार विभाग ने विदेशी मूल के मोबाइल नंबरों (जैसे+92-xxxxxxxxxx) से आने वाली वाट्सएप काल को लेकर भी लोगों को सावधान किया।

# एक अप्रैल से सरकारी पोर्टल पर देनी होगी गेहूं के स्टाक की जानकारी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** केंद्र सरकार ने गेहूं की जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए कारोबारियों को इसके स्टाक की जानकारी सरकारी पोर्टल पर देने का निर्देश दिया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि सभी राज्यों के कारोबारी/थोक कारोबारी/खुदरा विक्रेता, बड़ी रिटेल चेन वाले खुदरा विक्रेताओं और प्रोसेसर्स को एक अप्रैल से गेहूं के स्टाक की घोषणा करनी होगी। एक अप्रैल को स्टाक की स्थिति बताने के बाद उन्हें प्रत्येक शुक्रवार को यह काम करना होगा। व्यापारियों को पोर्टल पर चावल का स्टाक घोषित करने के लिए पहले ही निर्देश दिया जा चुका है। केंद्र सरकार ने पिछले साल गेहूं के दाम नियंत्रित करने के लिए स्टाक सीमा लगाई गई थी। यह स्टाक सीमा 31 मार्च को खत्म हो रही है।

# गैस आधारित अर्थव्यवस्था बनाने का एजेंडा तैयार


जयप्रकाश रंजन • नई दिल्ली

- देश की इकोनमी में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की तैयारी
- ग्रामीण इलाकों में भी पीएनजी की होगी आपूर्ति, बढ़ाया जाएगा सीएनजी का नेटवर्क

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अगले पांच वर्षों के रोडमैप को तकरीबन अंतिम रूप दे दिया है। इसके तहत उसने गैस आधारित इकोनमी बनने का एजेंडा तैयार किया है। रोडमैप में देश की इकोनमी में प्राकृतिक गैस की मौजूदा हिस्सेदारी सात प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की है। इस रोडमैप का एक बड़ा उद्देश्य देश के रसोई घरों में मौजूदा एलपीजी को पीएनजी से स्थानांतरित करने का होगा। अभी देश में 1.2 करोड़ पीएनजी कनेक्शन हैं जिसकी संख्या वर्ष 2030 तक बढ़ाकर 10 करोड़ और वर्ष 2032 तक 12.5 करोड़ करने की है। इसका एक बड़ा हिस्सा गैर शहरी क्षेत्रों में होगा।

मंत्रालय की योजना पीएनजी आपूर्ति के लिए आवश्यक नेटवर्क को वर्ष 2025 से वर्ष 2030 के दौरान बहुत तेजी से विस्तार करने की है। इसके अलावा देश में सीएनजी स्टेशनों की संख्या 18 हजार के करीब की जाएगी। अभी देशभर में सीएनजी स्टेशनों की संख्या 6,159 है। सीएनजी के अलावा देश में एलएनजी को ईंधन के तौर पर इस्तेमाल करने की शुरुआत भी की जाएगी। योजना यह है कि एलएनजी ईंधन का इस्तेमाल लंबी दूरी के लिए माल ढुलाई करने वाले ट्रकों में किया जाए।

हाल ही में नीति आयोग ने इस संबंध में एक रिपोर्ट तैयार की है। देश की अर्थव्यवस्था में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए तकरीबन 65-70 अरब डालर के निवेश की जरूरत होगी। इसका एक बड़ा हिस्सा सरकारी क्षेत्र की कंपनियां करेंगी। पीएम मोदी ने भी हाल ही में कहा था कि भारत में गैस सप्लाई चेन को मजबूत करने के लिए अगले छह सालों में 67 अरब डालर का निवेश करना होगा।



### बढ़ानी होगी ढांचागत सुविधाएं

देश की इकोनमी में गैस की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए इससे जुड़ी ढांचागत सुविधाओं को भी उसी स्तर का बनाना होगा। देश में 25 हजार किलमीटर से ज्यादा लंबी गैस पाइपलाइन स्थापित है और 11 हजार किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाने का काम जारी है। 300 भौगोलिक क्षेत्रों में सिटी गैस वितरण नेटवर्क बिछाने का काम चल रहा है। एलएनजी टर्मिनल की मौजूदा क्षमता 4.8 करोड़ टन सालाना है जिसे बढ़ाकर तकरीबन 6.8 करोड़ टन सालाना किया जाएगा

### आयातित कच्चे तेल पर कम होगी निर्भरता

देश में गैस की खपत बढ़ाने का एक बड़ा मकसद यह है कि आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता कम होगी। भारत अपनी जरूरत का 86 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। जबकि घरेलू जरूरत का 50 प्रतिशत गैस बाहर से आयात की जाती है। आने वाले दिनों में घरेलू गैस फील्डों से उत्पादन बढ़ने की संभावना है।

## राष्ट्रीय फलक

# भाजपा को मनमोहन सिंह से माफी मांगनी चाहिए : संजय राउत

राज्य ब्यूरो, मुंबई



संजय राउत। फाइल

**एअर इंडिया-इंडियन एयरलाइंस विलय मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने पर राउत का बयान**

एअर इंडिया-इंडियन एयरलाइंस विलय मामले में सीबीआइ द्वारा क्लोजर रिपोर्ट दायर किए जाने पर शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता संजय राउत ने कहा है कि भाजपा को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से माफी मांगनी चाहिए।

सीबीआइ ने संप्रग काल के दौरान एअर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय से बनी कंपनी एनएसीआइएल द्वारा विमानों को पट्टे पर देने में कथित अनियमितताओं की जांच में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की है। इस क्लोजर रिपोर्ट से राकांपा अजीत गुट के नेता प्रफुल पटेल को क्लीन चिट मिल गई है। इस विलय के समय वही नागरिक उड्डयन मंत्री थे। शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए संजय राउत ने कहा कि भाजपा ने मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान नागरिक उड्डयन क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार पर बहुत हंगामा किया था। अब भाजपा को पूर्व पीएम मनमोहन सिंह से माफी मांगनी चाहिए।

लोकसभा चुनाव से पहले महाविकास आघाड़ी के सहयोगियों के बीच कथित कलह के बारे में पूछे जाने पर राउत ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर सहयोगियों के बीच कोई विवाद नहीं है। उन्होंने कहा कि तीन अप्रैल को मविआ नेताओं की एक प्रेस कांफ्रेंस शिवसेना (उद्धव गुट) कार्यालय में आयोजित की जाएगी। जिसमें शिवसेना (उद्धव गुट) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, राकांपा (शपा) अध्यक्ष शरद पवार और कांग्रेस नेता नाना पटोले, पृथ्वीराज चव्हाण एवं बालासाहेब थोरात उपस्थित रहेंगे। राउत ने कहा कि ठाकरे 31 मार्च को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में देश के हितों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए आयोजित विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए की रैली में भी शामिल होंगे।

# एनसीपीसीआर ने दारुल उलूम को फिर घेरा, पाकिस्तानी फतवे पर सवाल

जागरण संवाददाता, सहारनपुर

- आत्मघाती हमले पर पाकिस्तान के व्यक्ति ने किया था सवाल
- आयोग ने सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को लिखा पत्र, जांच प्रारंभ

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एक बार फिर सहारनपुर के डीएम-एसएसपी को पत्र लिखकर दारुल उलूम पर आपराधिक मामला दर्ज करने को कहा है। इस बार मामला पाकिस्तान के एक शख्स द्वारा आत्मघाती हमले को लेकर लिए गए फतवे का है। अधिकारियों ने देवबंद सीओ को जांच सौंप दी है।

सहारनपुर के डीएम डा. दिनेश चंद्र और एसएसपी डा. विपिन ताडा को भेजे पत्र में एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा है कि आयोग को दारुल उलूम की वेबसाइट पर आपत्तिजनक सामग्री मिली है। वेबसाइट पर फतवे में पाकिस्तान के एक व्यक्ति ने गैर मुस्लिम ताकतों पर आत्मघाती हमले के बारे में पूछा था। उत्तर में दारुल उलूम ने इस मामले को अमान्य और अवैध प्रकृति का बताने के बजाय कहा है कि वे अपने स्थानीय विद्वान से परामर्श लें। कानूनगो ने कहा कि इस तरह का जवाब उकसाता है कि गैर मुसलमानों के बीच अंतरराष्ट्रीय नरसंहार, आतंकी हमले वैध हैं। इस तरह के फतवे देश के लिए अत्यधिक आतंकित करने के साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा का भी मामला हैं। इससे बच्चों पर बुरा असर पड़ता है। आयोग ने डीएम और एसएसपी से कार्रवाई कर इसकी रिपोर्ट तीन दिनों के भीतर आयोग को भेजने के लिए कहा है।

आयोग के चेयरमैन ने यह पत्र यूपी के मुख्य सचिव और राज्य गृह विभाग के सचिव को भी भेजा है।

दारुल उलूम देवबंद के प्रवक्ता अशरफ उस्मानी का कहना है कि दारुल उलूम की वेबसाइट पर इस तरह का कोई फतवा नहीं है। इस संबंध में आयोग का कोई नोटिस भी संस्था को प्राप्त नहीं हुआ है। सीओ देवबंद अशोक सिसोदिया का कहना है कि मामले में जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।



दारुल उलूम का सिंबोलिक फोटो।

### गजवा-ए-हिंद पर जताई थी आपत्ति

एनसीपीसीआर पहले भी दारुल उलूम के फतवों पर आपत्ति जता चुका है। दो माह पूर्व आयोग ने दारुल उलूम द्वारा गजवा-ए-हिंद पर दिए फतवे को लेकर घोर आपत्ति जताते हुए मामले में डीएम और एसएसपी को पत्र भेजकर संस्था के खिलाफ एफआइआर दर्ज करने को कहा था। मामले में अधिकारियों ने जांच कर रिपोर्ट आयोग को भेज दी थी। अभी उस मामले में जांच चल रही है।

# देश में हाशिये पर पड़े लोग शीर्ष पदों पर पहुंच रहे : जस्टिस गवई

- संविधान की सकारात्मक कार्रवाई को दिया इसका श्रेय
- कहा, शीर्ष अदालत में मेरी पदोन्नति दो साल पहले हुई

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने कहा है कि संविधान की 'सकारात्मक कार्रवाई' के कारण हाशिये पर रहने वाले समुदायों के सदस्य शीर्ष सरकारी पदों तक पहुंचने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि शीर्ष अदालत में उनकी पदोन्नति दो साल पहले की गई थी, क्योंकि वहां अनुसूचित जाति से कोई न्यायाधीश नहीं था।

न्यूयार्क सिटी बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक अंतर-सांस्कृतिक परिचर्चा को संबोधित करते हुए जस्टिस गवई ने कहा कि जब उन्हें 2003 में बांबे हाई कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था, उस समय वह एक वरिष्ठ वकील थे। उस समय हाई कोर्ट में अनुसूचित जाति से कोई न्यायाधीश नहीं था। जस्टिस गवई ने कहा कि 2019 में सुप्रीम कोर्ट में उनकी नियुक्ति पूरी तरह से अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व देने के लिए की गई थी, क्योंकि शीर्ष अदालत में लगभग एक दशक से इस समुदाय का कोई न्यायाधीश नहीं था। उन्होंने कहा, केवल भारतीय संविधान और इसकी सकारात्मक कार्रवाई के कारण वह सर्वोच्च न्यायिक कार्यालय में सेवा देने में सक्षम हुए। जस्टिस गवई मई 2025 में भारत के प्रधान न्यायाधीश बनने की कतार में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यदि अनुसूचित जाति को प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया होता, तो शायद दो साल बाद मेरी पदोन्नति होती। अपनी पृष्ठभूमि के बारे में पूछे जाने पर जस्टिस गवई ने झुग्गी इलाके में पलने-बढ़ने, नगरपालिका के स्कूल में जाने, फिर कानूनी पेशा अपनाने और उसके बाद जज के रूप में पदोन्नत होने के बारे में बताया।



जस्टिस बीआर गवई। फाइल

# तरसेम सिंह की हत्या में सेवानिवृत्त आइएएस समेत पांच पर केस

जागरण संवाददाता, ऊधम सिंह नगर

- सर्वजीत ने ली जिम्मेदारी, रामपुर गुरुद्वारे का प्रधान जत्थेदार व तराई महासभा का उपाध्यक्ष भी आरोपित

उत्तराखंड में गुरुवार को हुई नानकमत्ता के डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने पंजाब के सर्वजीत सिंह समेत पांच के विरुद्ध हत्या व हत्या की साजिश का मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपितों में बाइक पर पीछे बैठा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टा निवासी ग्राम सिहौरा थाना बिलासपुर जिला रामपुर (उप्र), सेवानिवृत्त आइएएस व नानकमत्ता गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान हरबंस सिंह चुघ, रामपुर के नवाबगंज गुरुद्वारा का मुख्य जत्थेदार बाबा अनूप सिंह और तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह संधू का भी नाम है। सर्वजीत ने फेसबुक पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए बाबा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हालांकि बाद में फेसबुक पोस्ट हटा ली गई। पुलिस जांच कर रही है कि यह पोस्ट उसी ने लिखी या कोई और साजिश है। कार्यवाहक डीजीपी अभिनव कुमार ने कहा कि चार टीमें उत्तर प्रदेश और पंजाब में दबिश दे रही हैं। वहां की पुलिस से भी संपर्क बना हुआ है। इस बीच शुक्रवार को बाबा तरसेम सिंह के अंतिम संस्कार कर दिया गया। 28 मार्च को नानकमत्ता के डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह परिसर में ही कुर्सी पर बैठे थे। तभी बाइक सवार दो हमलावरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। हमलावरों ने सेवादार जसपाल सिंह पर भी फायर किया था।

### पीलीभीत के रास्ते बीसलपुर शाहजहांपुर की ओर भागे हैं हत्यारोपित

पुलिस को जगह-जगह मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर हमलावरों के पीलीभीत के रास्ते से बीसलपुर, शाहजहांपुर की ओर भागने की जानकारी मिली है। फुटेज के बाद पुलिस की अलग-अलग टीमें उनका पीछा कर रही हैं।

### 12 वर्ष पहले अपराध से जुड़ गया था सरबजीत

**धर्मबीर सिंह मल्हार, तरनतारन :** उत्तराखंड के गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के डेरा कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोलियां मारकर हत्या करने का आरोपित सरबजीत सिंह 12 वर्ष पहले ही अपराध से जुड़ गया था। उसके खिलाफ तरनतारन जिले में कई केस दर्ज हैं। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपित के घर भी छापामारी की। इस दौरान आरोपित के दोनों बच्चे और पत्नी घर पर मौजूद थे। पुलिस ने तलाशी के दौरान घर से कुछ दस्तावेज कब्जे में लिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार सरबजीत सिंह दस दिन पहले गांव में घूमता दिखाई दिया था। उधर, डीएसपी (सिटी) तरसेम मसीह का कहना है कि आरोपित पर दर्ज सभी मामलों की जांच की जाएगी और उसे पूछताछ के लिए तरनतारन लाया जाएगा। आरोपित सरबजीत के पिता सरूप सिंह भी नशा तस्करी के मामले में सजा काट चुके हैं। वर्ष 2012 में सरबजीत के विरुद्ध चोरी का पहला केस दर्ज हुआ था।



आरोपित सरबजीत सिंह। सौ. पंजाब पुलिस

# प्रापर्टी डीलर पर कार चढ़ाने वाले दो आरोपित गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, देहरादून

- 26 मार्च को कहासुनी के बाद आरोपित ने युवक के ऊपर चढ़ाई कार, अस्पताल में हुई थी मौत

उत्तराखंड के देहरादून में गत मंगलवार को प्रापर्टी डीलर पर कार चढ़ाने वाले दो आरोपितों को राजपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गंभीर रूप से घायल प्रापर्टी डीलर ने अस्पताल में दम तोड़ दिया था, जबकि आरोपित फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपित नकुल यादव निवासी गुरुग्राम हरियाणा, वर्तमान निवासी बीमा विहार राजपुर और नीरज शर्मा निवासी जनकपुरी साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश वर्तमान निवासी आइटी पार्क को आइटी पार्क क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, उदित सिंह निवासी जीएमएस रोड ने तहरीर दी कि वह कार से गुजराड़ा मानसिंह से सहस्रधारा क्रासिंग की तरफ जा रहे थे। कार में उनके दोस्त आशु व आशीष शर्मा भी बैठे थे। गुजराड़ा मानसिंह के पास उनकी कार के पीछे से अन्य कार ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने वाली कार दिल्ली में पंजीकृत है। पीछे बैठा आशीष शर्मा बाहर आया अपनी कार को देखने लगा। तभी पीछे की कार में सवार कुछ युवक ने धमकी दी कि चुपचाप चले जाओ नहीं तो तुम्हें गोली मार देंगे। कुछ देर बाद उदित भी कार से उतरा और पुलिस बुलाने का प्रयास करने लगा। इसी बीच आरोपितों ने उदित व आशीष पर कार चढ़ा दी। आरोपित कार सहित फरार हो गए। आशीष को सिनर्जी अस्पताल लेकर आए जहां उसकी मृत्यु हो गई।

# इकबाल मिर्ची मामले में रियल एस्टेट ब्रोकर बिंद्रा की याचिका खारिज

**मुंबई, प्रेट्र :** मुंबई की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने गैंगस्टर इकबाल मिर्ची से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में रियल एस्टेट ब्रोकर रंजीत बिंद्रा की आरोपमुक्त किए जाने की याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा कि अपराध की आय छिपाने में बिंद्रा की सक्रिय भागीदारी थी।

ईडी ने कहा कि बिंद्रा ने सनब्लिंक रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मिर्ची के साथ बातचीत की और सौदे को अंतिम रूप दिया। इसमें 30 करोड़ रुपये दलाली प्राप्त की। बिंद्रा ने तीन संपत्तियों से जुड़े सौदों में भूमिका निभाई। विशेष पीएमएलए न्यायाधीश एमजी देशपांडे ने यह देखते हुए कि आरोपित को उन संपत्तियों के बारे में ठोस जानकारी थी, बिंद्रा के आवेदन को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ आरोप तय किए जाने चाहिए।

********

14 और 15 अप्रैल को पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब वाशिंगटन में आइएमएफ के साथ नए बेलआउट पैकेज पर वार्ता करेंगे। नकदी संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) से आर्थिक मदद मांगी है।



# बाल्टीमोर में पुल पुनर्निर्माण को बाइडन प्रशासन ने जारी किए छह करोड़ डालर

**वाशिंगटन, एएनआइ:** बाइडन प्रशासन ने मैरीलैंड के बाल्टीमोर में क्षतिग्रस्त 'फ्रांसिस स्काट पुल' के मलबे की सफाई और दोबारा निर्माण में मदद के लिए आपातकालीन निधि से छह करोड़ डालर (तकरीबन 499 करोड़ रुपये) की मंजूरी दी है। यह मंजूरी हादसे के बाद राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा सरकार को जमीन आसमान एक कर पुल दोबारा बनाने के निर्देश देने के बाद दी गई है। । ज्ञात हो, गत मंगलवार को सिंगापुर के ध्वज वाला मालवाहक जहाज 'डाली' 'पावर फेल' होने के कारण पटाप्सको नदी पर स्थित पुल से टकरा गया था। हादसे के बाद कुछ ही सेकेंड में 2.6 किलोमीटर लंबा पुल टूट गया था और छह लोग लापता हो गए थे, जिनमें से दो के शव बरामद कर लिए गए हैं।

अमेरिका के परिवहन मंत्री पीट बटिगिएग ने कहा, मैरीलैंड को काम जल्द शुरू करने में मदद करने के लिए हम आपातकालीन निधि जारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति बाइडन पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि सरकार पुल को दोबारा बनाने और बाल्टीमोर बंदरगाह को दोबारा खोलने में मदद करने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। इससे पहले, मैरीलैंड के गवर्नर वेस मूर ने कहा, पुल दोबारा बनाने में लंबा समय लगेगा। उन्होंने कहा, यह देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा मामला है न कि महज मैरीलैंड से। इस बंदरगाह से अमेरिका के किसी भी अन्य बंदरगाह की तुलना में अधिक कारें और कृषि उपकरण निर्यात किए जाते हैं। पुल टूटने के बाद कम से कम आठ हजार लोग सीधे तौर पर प्रभावित हुए हैं।

**नए पुल के निर्माण में लगेंगे कई साल, खर्च होंगे 40 करोड़ डालर :** विशेषज्ञों का कहना है कि पुल दोबारा बनाने में 18 माह से कई साल तक का समय लग सकता है और इसकी लागत 40 करोड़ डालर अथवा दोगुने से अधिक हो सकती है। यह सब उन कारकों पर निर्भर है जो अभी तक अज्ञात हैं। इन कारकों में नए पुल के डिजाइन से लेकर सरकारी अधिकारी परमिट की मंजूरी और अनुबंध देने की नौकरशाही को तेजी शामिल हैं। जान होपकिन्स यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग प्रोफेसर बेन शेफर ने कहा कि इस परियोजना में पांच से साल साल लग सकते हैं।

**▸ अमेरिकी राष्ट्रपति ने हादसे के बाद जताई थी प्रतिबद्धता**



बाल्टीमोर में पुल से टकराने वाला जहाज 'डाली'। फाइल फोटो

### पर्यावरण पर पड़े संभावित प्रभाव पर रखी जा रही नजर

पुल टूटने से नदी में बिखरे मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया है। पानी में हुए प्रदूषण के लिए नमूनों का परीक्षण और तेल व अन्य खतरनाक रिसाव के लिए जांच की जा रही है। राज्य एजेंसियों व तटरक्षक बलों की संयुक्त कमांड ने बताया कि ऐसी घटना होने पर पानी में किसी खतरनाक पदार्थ के मिलने का खतरा रहता है। ऐसे पदार्थों का प्रसार रोकने के लिए यथासंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# दुर्घटना पर अमेरिकी कामिक्स ने बनाया नस्ली कार्टून, भारतीयों ने बताया शर्मनाक

**जेएनएन, नई दिल्ली**

**▸ एक्स पर साझा किया गया कार्टून, भारतीयों को किया अपमानित**

**▸ इस कार्टून में लंगोटी पहने लोगों को दुर्घटना की तैयारी करते दिखाया**

बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्काट पुल से टकराने वाले मालवाहक जहाज 'डाली' के 22 सदस्यीय चालक दल की त्वरित कार्रवाई की अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी तारीफ की थी, पर फाक्सफोर्ड कामिक्स ने शर्मनाक हरकत करते हुए दुर्घटना को लेकर 'नस्लवादी' कार्टून बनाकर जहाज के भारतीय चालक दल पर निशाना साधा है। इस कार्टून को एक्स पर साझा किया गया। भारतीयों ने इस कार्टून लेकर गहरी नाराजगी जताई है।

बाल्टीमोर में हादसे का शिकार हुए मालवाहक जहाज 'डाली' के के चालक दल में से अधिकांश भारतीय थे। चालक दल ने हादसे से पहले मैरीलैंड परिवहन विभाग को जहाज से नियंत्रण खोने की सूचना दे दी थी। सूचना के महज 90 सेकेंड बाद ही पुलिस अधिकारियों ने पुल पर आवाजाही को रोक दिया था जिससे कई लोगों की जान बचाई गई।

वहीं, चालक दल के भारतीय सदस्यों की सराहना के बजाय अमेरिकी वेबकामिक ने इस दुर्घटना को दर्शाने वाला एक नस्लवादी कार्टून साझा किया। एनिमेटेड वीडियो में जहाज के चालक दल पर निशाना साधते हुए केवल लंगोटी पहने हुए लोगों को आसन्न दुर्घटना की तैयारी करते हुए दिखाया गया है। फाक्सफोर्ड कामिक्स ने वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, डाली के अंदर से अंतिम ज्ञात रिकार्डिंग। कार्टून में अपमानजनक आडियो भी है। यह कार्टून प्रसारित हो गया है। इसमें न केवल भारतीयों का नस्लवादी चित्रण किया गया है, बल्कि जहाज के चालक दल की क्षमता को कम करके दिखाया गया है।

भारतीय अर्थशास्त्री संजीव सान्याल ने कार्टून शेयर करते हुए लिखा कि दुर्घटना के समय जहाज को संभवतः स्थानीय पायलट चला रहा था। चालक दल ने अधिकारियों को हादसे को लेकर चेतावनी दी थी, यही कारण है कि हताहतों की संख्या अपेक्षाकृत कम थी। मेयर ने भी भारतीय चालक दल को नायक बताते हुए उनकी तारीफ की। एक अन्य एक्स यूजर ने कहा, यह शर्मनाक है कि लोग इस दुखद घटना के लिए भारतीय दल का मजाक उड़ा रहे हैं। जबकि गर्वनर ने चालक दल की प्रशंसा की है।

### ब्रिटेन में भारतीयों से जुड़ने के लिए लेबर पार्टी ने लिया होली संदेश का सहारा

**लंदन, प्रेट्र :** ब्रिटेन में इस वर्ष होने वाले चुनाव में भारतीयों की भूमिका अहम मानी जा रही है। इसे देखते हुए उन तक पहुंचने के लिए विपक्षी लेबर पार्टी ने होली कार्यक्रमों का सहारा लिया। लंदन में होली के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी नेता कीर स्टार्मर, लंदन के मेयर सादिक खान व अन्य नेता शामिल हुए। इस मौके स्टार्मर ने कहा,यह अवसर पार्टी को राष्ट्रीय नवीनीकरण का संदेश देने के लिए आदर्श अवसर प्रदान करता है, क्योंकि देश इस वर्ष के अंत में होने वाले आम चुनाव की तैयारी कर रहा है। जैसा कि हम आने वाले वसंत का स्वागत करते हैं, यह नई शुरुआत का जश्न मनाने का समय है। यह हिंदुओं के योगदान और हमारे साझा मूल्यों की ताकत और एक-दूसरे के प्रति प्रतिबद्धता को पहचानने का समय है।



लंदन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते कीर स्टार्मर। प्रेट्र

# पाकिस्तान में अपने नागरिकों की मौत की जांच करने पहुंचे चीनी जांचकर्ता

## खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों समेत हुई थी छह की मौत

**इस्लामाबाद, प्रेट्र:** पाकिस्तान में गत मंगलवार को हुए आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मौत की जांच करने के लिए शुक्रवार को चीन के जांचकर्ता पहुंच गए। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने चीनी दूतावास में जांचकर्ताओं से भेंट की और अब तक की जांच की जानकारी दी। इससे पहले चीन के दबाव में बुधवार को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हमले की संयुक्त जांच के आदेश दिए थे। इधर, चीन के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता कर्नल वू क्यान ने कहा कि चीन की सेना क्षेत्र में स्थायित्व और शांति के लिए आतंकवाद समेत विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए पाकिस्तान की मदद के लिए तैयार हैं।

बता दें कि खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के शांगला जिले के बिशम इलाके में गत मंगलवार को दासू जलविद्युत परियोजना की साइट पर जाते समय चीनी नागरिकों के वाहन में आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटक से लदी कार से टक्कर मार दी थी। हमले मे पांच चीनी नागरिकों समेत छह लोगों की मौत हो गई थी। पाकिस्तान में संचालित परियोजनाओं में काम करने वाले चीनी नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चीन ने विरोध दर्ज कराया था। उसने चीनी नागरिकों पर हमला करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई का दबाव बनाया है।

**▸ चीन के दवाव में पाकिस्तानी पीएम ने संयुक्त जांच के दिए थे आदेश**

### चीन की कंपनियों ने दो और परियोजनाओं पर काम रोका

**पेशावर, आइएनएस :** पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में पांच चीनी नागरिकों की मौत के बाद सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए चीनी निर्माण कंपनी ने दासू और डायमर-भाषा जल विद्युत परियोजनाओं पर भी काम बंद कर दिया। दासू बांध और डायमर-भाषा जलविद्युत परियोजनाओं में काम करने वाले स्थानीय कर्मचारियों को अगले आदेश तक घर पर रहने को कहा गया है। हालांकि, खैबर-पख्तूनख्वा के ही मोहमंद बांध पर चीनी इंजीनियरों ने काम जारी रखा है।

## विदेशी शक्ति को खुश करने के लिए इमरान खान को दी गई सजा

**इस्लामाबाद, प्रेट्र:** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह मोहम्मद कुरैशी को साइफर केस में विदेशी शक्ति को खुश करने के लिए सजा दी गई। इस्लामाबाद हाई कोर्ट में गुरुवार को यह बात कही गई।

न्यायमूर्ति आमेर फारूक और मियांगुल हसन औरंगजेब की पीठ ने साइफर केस में पीटीआइ नेताओं की अपील पर फिर से सुनवाई शुरू की है। अप्रैल 2022 में इमरान ने इस्लामाबाद की रैली में कागज का टुकड़ा लहराते हुए उसे राजनयिक साइफर की प्रति बताया था। दावा किया था कि एक विदेशी शक्ति द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ साजिश रची गई है। न्यायमूर्ति ने गुरुवार को खान के वकील सलमान सफदर से पूछा, पूर्व पीएम ने मार्च 2022 में रैली में क्या लहराया था,तो वकील ने कहा कि यह बताना अभियोजन पक्ष का काम है। अमेरिका में पाक के पूर्व राजदूत असद मजीद ने अमेरिकी राजनयिक डोनाल्ड लू के साथ बैठक के बाद साइफर भेजा था। उन्होंने यह नहीं बताया कि उन्हें साइफर टेलीग्राम भेजने के लिए किस बात ने प्रेरित किया। सफदर ने कहा, कोर्ट ने न तो पूर्व अमेरिकी चार्ज डी'एफेयर एंजेला एग्गेलर को तलब किया और न ही पाकिस्तानी अफसर के साथ उनकी वाट्सएप वार्ता का रिकार्ड मांगा। पूर्व अमेरिकी चार्ज डी'एफेयर और लू के निर्देश पर पूर्व पीएम को सलाखों के पीछे डाल दिया गया।



इमरान के वकील ने साइफर मामले में सुनवाई के दौरान दी दलील

### अमेरिकी सेना ने हाउती आतंकियों के चार ड्रोन मार गिराए

**सना, एएनआइ :** अमेरिकी सेना ने यमन समर्थित हाउती आतंकियों के हमले को विफल कर दिया है। हाउती ने अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान की ओर चार ड्रोन लांच किए थे, जिन्हें सेना ने नष्ट कर दिया। ये अरब सागर में मौजूद युद्धपोत को निशाना बनाने के लिए लांच किए गए थे।

अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि 28 मार्च को शाम छह बजे से रात 10.56 के बीच हाउती की ओर से चार ड्रोन अरब सागर में तैनात संयुक्त सेना के जहाज और अमेरिकी युद्धपोत को निशाना बनाने के लिए भेजे गए थे। हमले में न तो कोई घायल हुआ, न ही किसी जहाज को नुकसान पहुंचा है।

केंद्रीय कमान ने कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय समुद्री जल क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना और अन्य व्यापारिक जहाजों को सुरक्षित रखने के लिए उठाया गया। एक दिन पहले भी देर रात ड्रोन से किए हमले को सेना ने नाकाम कर दिया था और चार ड्रोन मार गिराए थे। गाजा पट्टी में इजरायली हमलों के जवाब में नवंबर 2023 से ही हाउती लाल सागर और अदन की खाड़ी में वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने के लिए ड्रोन और मिसाइल से हमला बोलता आ रहा है।

# सीरिया में इजरायल के हवाई हमलों में 36 सैन्यकर्मी मरे

**▸ लेबनान में इजरायली हमलों में हिजबुल्ला कमांडर समेत सात मारे गए**



इजरायली सेना ने गाजा पट्टी के रफाह में रातभर बमबारी की, जिसमें दर्जनों घर और इमारतें मलबे के ढेर में तब्दील हो गईं। ध्वस्त इमारतों को देखते फलस्तीनी। एएफपी

**यरुशलम, रायटर:** गाजा युद्ध के साढ़े पांच माह के युद्ध के दौरान शुक्रवार को इजरायल ने सीरिया व लेबनान में बड़े हवाई हमले किए। सीरिया की राजधानी दमिश्क और अलेप्पो प्रांत में किए गए हवाई हमलों में 36 सीरियाई सैन्यकर्मियों के मारे जाने की सूचना है। वहीं लेबनान के बाजौरिया क्षेत्र में लेबनानी हिजबुल्ला का वरिष्ठ कमांडर मारा गया।

इजरायली सेना ने कहा है कि हिजबुल्ला की राकेट और मिसाइल यूनिट का उप प्रमुख अली आबेद अख्सान हवाई हमले में मारा गया है। बताया है कि अली आबेद घातक राकेटों को संचालित करने का कार्य करता था और इजरायली क्षेत्र में हमलों के लिए जिम्मेदार था। इजरायली हमले में छह अन्य लोगों के मारे जाने की भी सूचना है। बीते साढ़े पांच माह में हिजबुल्ला के हमलों में 12 इजरायली सैनिक व छह इजरायली नागरिक मारे जा चुके हैं। जबकि इजरायल के हमलों में हिजबुल्ला के 270 लड़ाके व 50 नागरिक मारे गए हैं। ज्ञात हो, हिजबुल्ला को ईरान का समर्थन प्राप्त है जबकि ईरान सीरिया के जरिये गाजा में हमास के लड़ाकों की मदद करता है।

गाजा पट्टी में भी कई स्थानों पर इजरायली विमानों ने बमबारी की, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए हैं। गाजा सिटी और मध्य गाजा में इजरायली सेना की जमीनी कार्रवाई जारी है। गाजा सिटी के पूर्वी भाग में 17 लोगों के मारे जाने की सूचना है। एक अन्य स्थान पर 10 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। ताजा हमलों में मारे गए लोगों समेत गाजा में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 32,623 हो गई है।

# बाइडन, ओबामा और क्लिंटन के कार्यक्रम में फलस्तीन समर्थकों ने किया हंगामा

**न्यूयार्क, रायटर:** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन व उनकी पार्टी के दो पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन चंदा एकत्र करने के लिए न्यूयार्क में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में साथ नजर आए। मैनहट्टन के विशाल सभागार में फलस्तीन समर्थकों ने रंग में भंग डाल दिया। उन्होंने बाइडन प्रशासन पर गाजा संकट से निपटने में विफलता का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। इससे बाइडन का चुनावी अभियान बाधित हुआ। अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होना है। इसमें डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन फिर से मैदान में हैं। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से उनके सामने फिर डोनाल्ड ट्रंप हैं। मैनहटन के रेडियो सिटी म्यूजिक हाल में आयोजित कार्यक्रम का संचालन पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किया। बाइडन को फिर से राष्ट्रपति चुने जाने के लिए चलाए गए अभियान में रिकार्ड 2.5 करोड़ डालर का चुनावी चंदा एकत्र हुआ, लेकिन विशाल सभागार में उस समय खलबली मच गई जब प्रदर्शनकारी जो बाइडन शर्म करो का नारा लगाते हुए हंगामा करने लगे। प्रदर्शनकारी आरोप लगा रहे थे कि बाइडन प्रशासन द्वारा गाजा संकट से ठीक से न निपट पाने कारण अब तक 30 हजार से अधिक फलस्तीनियों को जान गंवानी पड़ी है। ओबामा व क्लिंटन ने गाजा संकट पर राष्ट्रपति बाइडन का दृष्टिकोण पेश किया और कहा,यह राजनीतिक वास्तविकताओं पर आधारित है।



^ अमेरिका में मैनहट्टन स्थित रेडियो सिटी म्यूजिक हाल के बाहर हंगामा करते फलस्तीनी समर्थक। चुनाव अभियान के दौरान चंदा एकत्र करने के लिए इस सभागार में राष्ट्रपति जो बाइडन के अलावा पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन भी उपस्थित थे। रायटर

मैनहट्टन स्थित रेडियो सिटी म्यूजिक हाल में चुनाव अभियान के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन। साथ में हैं बाएं पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और बिल क्लिंटन। रायटर

### जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत, 114 अस्पताल में भर्ती

**टोक्यो, एपी:** जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत हो गई, जबकि 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोबायासी फार्मास्युटिकल ने गत सप्ताह अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी। आरोप है कि कंपनी ने इस मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का पता अभी तक पता नहीं चला है।

कोबायाशी फार्मास्युटिकल ने गत तीन वर्षों में बेनिकोजी उत्पाद के दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, पर 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। कंपनी ने कहा,उसने पिछले साल 18.5 टन बेनिकोजी का उत्पादन किया था। कंपनी ने सप्लीमेंट सहित सभी उत्पादों को वापस लिया है। उन्हें आशंका है कि वापसी से पहले इसे कुछ अन्य लोगों और विदेशी पर्यटकों ने खरीदा हो। कंपनी के अध्यक्ष अधिकारी अकिहिरो कोबायाशी ने लोगों से माफी मांगी है।

# हिंदुओं ने ट्रूडो से कहा, कनाडा में खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करते

**टोरंटो, आइएएनएस:** कनाडा के एक प्रमुख हिंदू समूह ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को पत्र लिखकर आतंकवाद का महिमामंडन बंद करने की अपील की है। हिंदू फोरम कनाडा (एचएफसी) ने कहा है कि समुदाय के सकारात्मक योगदान के बावजूद वे देश में सुरक्षित महसूस नहीं करते हैं। कनाडा में भारत के कथित दखल के संबंध में ओटावा का वर्तमान राजनीतिक कदम चरमपंथी तत्वों को और अधिक प्रोत्साहित करता है। हे राजनीतिक विवादों के बीच हिंदू समुदाय सुरक्षा के बारे में गहरी चिंता व्यक्त करता है। एचएफसी ने कनाडाई सरकार को गैर जिम्मेदाराना बयान देकर भारतीय लोकतंत्र में हस्तक्षेप करने से बचने की भी सलाह दी है।

पत्र में लिखा है कि हम कनाडाई हिंदू होने के नाते सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों और उसके नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की टिप्पणियों से बेहद परेशान हैं। अफसोस की बात यह है कि अधिकारियों ने हमारी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया है। पन्नू ने पिछले साल सरे में आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत के बाद भारत विरोधी बयानबाजी तेज कर दी है। उसने हिंदुओं को कनाडा छोड़ने को कहा है।

समूह ने कहा,हिंदू समुदाय सांसद सुख धालीवाल द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव एम-112 की गलत व्याख्या से निराश है। धालीवाल की हरकतें शांति को बढ़ावा देने की तुलना में हिंदू व भारत विरोधी समुदायों के भीतर समर्थन हासिल करने के उद्देश्य से की गई राजनीतिक रणनीति से अधिक प्रेरित लगती हैं।

**▸ ट्रूडो को लिखा पत्र, आतंकवाद का महिमामंडन बंद करने की अपील की**

**▸ कहा, सिख फार जस्टिस जैसे संगठनों और पन्नू की टिप्पणियों से परेशान हैं**



जस्टिन ट्रूडो। फाइल

### अपहृत ईरानी जहाज को बचाने में जुटी भारतीय नौसेना

**नई दिल्ली, एएनआइ :** अरब सागर में ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अल-कंबार पर संदिग्ध हथियारबंद लोगों के हमले को विफल करने के प्रयास में भारतीय नौसेना सक्रिय हो गई है। पता चला है कि शुक्रवार को नौ हथियारबंद लोगों ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया है। माना जा रहा है कि समुद्री डाकुओं के दल ने ईरानी जहाज का अपहरण किया है। जहाज को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपने दो युद्धपोतों को घटना वाले समुद्री क्षेत्र के लिए रवाना कर दिया है। अगले कुछ घंटों में दोनों युद्धपोतों के ईरानी जहाज के नजदीक पहुंचने और कार्रवाई शुरू करने की संभावना है। विदित हो कि बीते महीनों में भारतीय नौसेना ने अरब सागर और लाल सागर में कई देशों के जहाजों को बचाने के लिए कार्रवाई की हैं और उन्हें सफलतापूर्वक बचाया भी है।

### द. अफ्रीका में ईस्टर मनाने आए 46 लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत

**जोहानिसबर्ग, रायटर :** दक्षिण अफ्रीका में ईस्टर मनाने आए लोगों से भरी बस खाई में गिर गई जिससे 46 लोगों की मौत हो गई है। ये लोग बोत्सवाना से ईस्टर मनाने के लिए गुरुवार को आ रहे थे तभी यह दुर्घटना हुई। मरने वालों में 31 महिलाएं और 15 पुरुष हैं। बस में सवार आठ वर्षीय एक बच्ची ही घायल अवस्था में मिली है। उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है। बस जब मामतलाकला के नजदीक थी तभी किसी कारणवश चालक उस पर नियंत्रण खो बैठा। इसके बाद बस बेरिकेडिंग को तोड़ते हुए खाई में जा गिरी।


बस के जमीन से टकराते ही उसमें आग लग गई और उसमें सवार ज्यादातर लोग झुलसकर मर गए। बाद में लोगों के बचे-खुचे सामान से उनकी पहचान की गई। मरने वाले पड़ोसी देश बोत्सवाना की राजधानी गैबेरोन के नजदीक स्थित एक गांव के थे। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने घटना पर दुख जाहिर किया है।

# मास्को कन्सर्ट हाल पर हुए हमले में ताजिकिस्तान ने नौ को पकड़ा गया

**▸ इस आपरेशन में रूसी सुरक्षा वलों की भी भागीदारी थी**

**▸ संदिग्ध वंदूकधारियों के परिवारों को भी हिरासत में**

**▸ आइएस के एक गुट ने इस नरसंहार की जिम्मेदारी ली है**



मास्को कन्सर्ट हाल में 22 मार्च को हुआ था हमला। फाइल फोटो

**मास्को, एपी :** मास्को कन्सर्ट हाल पर हमलों में शामिल आतंकियों से संबंध के शक में ताजिकिस्तान राज्य सुरक्षा सेवा ने रूसी सुरक्षा बलों के साथ अभियान चलाकर नौ लोगों को पकड़ा है। सभी वखदत जिले के रहने वाले हैं। पकड़े गए संदिग्धों के तार आइएस से भी जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है।

इस हमले में 144 लोगों की मौत हो गई थी। ताजिकिस्तान ने संदिग्ध बंदूकधारियों के परिवारों को भी हिरासत में लिया है, ताकि रूसी जांचकर्ता दुशांबे में उनसे पूछताछ कर सकें। आइएस के एक गुट ने इस नरसंहार की जिम्मेदारी ली है पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन हमले में यूक्रेन और पश्चिम की भूमिका का दावा कर रहे हैं।

एएनआइ के अनुसार, सीएनएन ने रूसी खुफिया दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा है कि रूसी सुरक्षा सेवाओं को मास्को के पास कन्सर्ट हाल पर आइएस के हमले के खतरे के बारे में पता था। इस बीच मास्को की एक अदालत ने शुक्रवार को नौवें संदिग्ध लुत्फुल्लोई नाजरीमद को 22 मई तक कस्टडी में भेज दिया है।

### हैती को गैंग हिंसा से निपटने के लिए पांच हजार पुलिसकर्मियों की जरूरत

**संयुक्त राष्ट्र, एपी:** हैती को गिरोह हिंसा से निपटने के लिए 5,000 अंतरराष्ट्रीय पुलिसकर्मियों की जरूरत है। ये गिरोह प्रमुख व्यक्तियों, स्कूलों, अस्पतालों, बैंकों व अन्य अहम संस्थानों को निशाना बना रहे हैं। संघर्षग्रस्त कैरेबियाई राष्ट्र के लिए संयुक्त राष्ट्र अधिकार विशेषज्ञ ओ नील ने गुरुवार को एक रिपोर्ट जारी करते हुए हैती के हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने हालात से निपटने के लिए तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गिरोह लोगों पर नियंत्रण के लिए यौन हिंसा का इस्तेमाल कर रहे हैं। 2023 में सामूहिक हिंसा में 4,451 लोग मारे गए और 1,668 घायल हुए थे। इस साल 22 मार्च तक मरने वालों की संख्या 1,554 हो गई है। बढ़ती हिंसा के परिणामस्वरूप, तथाकथित आत्मरक्षा ब्रिगेड ने न्याय अपने हाथों में ले लिया है। गिरोहों ने नेशनल पैलेस पर कब्जा करने के दो प्रयास किए हैं और वे मानवाधिकार से जुड़े अफसरों, पत्रकारों और उन लोगों को निशाना बना रहे हैं, जिन्हें वे खतरा मानते हैं।

*********

# रूस की सेना ने यूक्रेन के ऊर्जा ढांचे पर 99 ड्रोन व मिसाइलों से किया हमला

**कीव, एपी:** यूक्रेन के विरुद्ध रूसी आक्रमकता बढ़ती जा रही है। उसने शुक्रवार को यूक्रेन की बिजली परियोजनाओं को निशाना बनाते हुए 99 ड्रोन और मिसाइल हमलों की झड़ी लगा दी। इससे कई क्षेत्रों में लोगों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। यूक्रेनी सुरक्षा बलों ने कहा है कि यह हमला पूरे देश में किया गया। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, हमले से बिजली संयंत्रों को नुकसान हुआ है। वहीं, वायुसेना ने दावा किया कि उसने रूस के 84 ड्रोन व मिसाइलों को नष्ट कर दिया।

यूक्रेन के आंतरिक मंत्री इहोर क्लीमेंका ने कहा, पूरे देश में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई थी, इसमें से 10 रीजन रूसी हमले की जद में आ गए। यूक्रेन के सरकारी स्वामित्व वाले ग्रिड आपरेटर उक्रनेर्गो ने कहा कि शुक्रवार के हमले में जानबूझकर मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में तापीय और पनबिजली संयंत्रों को निशाना बनाया गया। यूक्रेन के सबसे बड़े निजी बिजली आपरेटर डीटीईके ने भी कहा कि हमले में उसके तीन तापीय बिजली संयंत्र क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसने ओडेसा शहर में आपातकालीन बिजली बंद करने की घोषणा की, जिससे कई इलाकों में बिजली नहीं रही। निप्रोपेट्रोस क्षेत्र के स्थानीय गवर्नर सेरही लिसाक ने कहा कि क्षेत्र में हमले से पांच लोग घायल हुए हैं, जिसमें एक पांच साल की बच्ची शामिल है। वहीं, रूस ने शुक्रवार को कहा कि बेलगोरोद क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।

**रोमानिया ने कहा, उसके क्षेत्र में मिले ड्रोन के टुकड़े:** नाटो गठबंधन के सदस्य रोमानिया ने कहा है कि उसने गुरुवार रात यूक्रेनी सीमा पर और डेन्यूब नदी के पास खेत में ड्रोन के टुकड़े पाए हैं। रोमानिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 28 मार्च को भी उसे ड्रोन के टुकड़े मिले थे। राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि वह घटना की जांच कर रहा है। हालांकि रोमानिया ने यह भी कहा कि पूर्व के हमलों से रोमानिया पर हमले का संकेत नहीं मिला था।

**▸ देश के 10 रीजन में हमले से कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रही बाधित**

**▸ यूक्रेन ने रूस के 84 ड्रोन व मिसाइलों को नष्ट करने का किया दावा**

**▸ रूस ने कहा, बेलगोरोद क्षेत्र में यूक्रेनी ड्रोन हमले में एक की मौत**

### जेलेंस्की का अमेरिकी स्पीकर से सैन्य पैकेज पास कराने का अनुरोध

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने गुरुवार को एक्स पर डाले पोस्ट में अमेरिका के प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जानसन से यूक्रेन के लिए नए सैन्य पैकेज को जल्द से जल्द पास कराने का अनुरोध किया। कहा, रूस संघर्ष के बीच यह अंतरराष्ट्रीय एकता के लिए जरूरी है। रिपब्लिकन स्पीकर ने महीनों से यूक्रेन को 60 अरब डालर के सैन्य व वित्तीय पैकेज विधेयक को रोक रखा है।

## सत्यजीत राय को मिला आस्कर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

फिल्म निर्देशक सत्यजीत राय को 1992 में आज ही आस्कर लाइफटाइम अचीवमेंट मानद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसी साल उनको भारत रत्न भी मिला था। सत्यजीत राय ने अपने करियर में कुल 37 फिल्में बनाई। पाथेर पांचाली, अपराजितो, अपुर संसार और चारुलता आदि उनकी यादगार फिल्में हैं।





## महात्मा गांधी ने रौलेट एक्ट के विरोध की घोषणा की

1919 में आज ही महात्मा गांधी ने रौलेट एक्ट के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। गांधी जी का मानना था कि रौलेट एक्ट भारतीयों की नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों पर सीधा हमला है। ब्रिटिश सरकार ने यह कानून पारित किया था।

## देशसेवा के लिए सर्वस्व समर्पित करने वाले अप्पा जी जोशी

हरिऔष्ण जोशी का जन्म 1897 में आज ही वर्धा में हुआ था। गरीबी से जूझते हुए कक्षा दस तक पढ़ाई की। 1905 में बंग-भंग आंदोलन से प्रभावित होकर स्वतंत्रता के संघर्ष में कूद गये। आगे चल कर वे अप्पा जी जोशी के नाम से प्रसिद्ध हुए। 1926 में वर्धा में आरएसएस की शाखा प्रारम्भ की। नागपुर के बाहर आरएसएस की यह पहली शाखा थी। डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने स्वयं उन्हें वर्धा जिला संघचालक का दायित्व दिया था। 1946 में वे सरकार्यवाह बने। 21 दिसंबर, 1979 को उनका निधन हो गया।



# आकाशगंगा के केंद्र में ब्लैकहोल के रहस्य से पर्दा हटा

**जागरण संवाददाता, नैनीताल**

- गैस उत्सर्जन के विस्फोट की वजह से हिचकी की तरह होती है हलचल
- एरीज के डा. सुवेन्दु रहे अंतरराष्ट्रीय विज्ञानियों की टीम का हिस्सा


खगोलविदों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने विशाल ब्लैकहोल में हो रही हिचकी की तरह हलचल के रहस्य से पर्दा उठा दिया है। इसका कारण गैस उत्सर्जन के समय-समय पर यानी आवधिक बिस्फोट है। यह खोज ब्लैकहोल में अब तक अनदेखे व्यवहार को उजागर करने वाली है। इस अभूतपूर्व खोज में आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के विज्ञानी डा. सुवेंदु रक्षित ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

विज्ञानी डा. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि इस अभूतपूर्व खोज में खगोलविदों ने एक दूर की आकाशगंगा के केंद्र में एक अनोखी घटना होते देखी, जो भ्रमित करने वाली घटना थी। यह आकाशगंगा पृथ्वी से लगभग 80 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर है। जिसके केंद्र में एक महाविशाल ब्लैक होल है। जिसका व्यवहार हिचकियों के समान था। गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह हिचकियां हर 8.5 दिनों के अंतराल में गैस उत्सर्जन के आवधिक विस्फोट के रूप में प्रकट होती हैं और इसके बाद अपनी सामान्य अवस्था में लौट आती हैं। 2020 से यह आकाशगंगा अपेक्षाकृत शांत थी। बाद में अप्रत्याशित बदलाव ने इस रहस्य से पर्दा हटाने के लिए विज्ञानियों को मजबूर किया। यह खोज पारंपरिक समझ को चुनौती देती है। खोज के मुख्य विज्ञानी कांवली इंस्टीट्यूट फार एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस रिसर्च के डा. धीरज पाशम के अनुसार ब्लैक होल के बारे में हमारी जानकारी आज भी पूरी नही है। यह घटना एक तारे के महाविशाल ब्लैक होल के करीब आने से हुई। जिसमें प्रचंड गुरुत्वाकर्षण ने तारे के टुकड़े कर दिए। यह ज्वारीय व्यवधान घटना होती है, जिसमें ब्लैकहोल की डिस्क को उज्ज्वल कर दिया। इस घटना में चार माह तक महाविशाल ब्लैकहोल तारे के मलबे को खाता रहा।

**छोटा ब्लैकहोल कर रहा सुपरमैसिव ब्लैकहोल की परिक्रमा :** डा. रक्षित ने बताया कि एक छोटा ब्लैकहोल केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैकहोल की परिक्रमा कर रहा है। जो समय-समय पर सुपरमैसिव ब्लैकहोल की गैस की डिस्क को बाधित करता है। जिस कारण एक गैस का गुबार उत्पन्न होता है। इस खोज से पता चलता है कि इसकी डिस्क में ब्लैकहोल समेत तारे भी शामिल हैं। यह खोज आटोमेटेड सर्वे फार सुपरनोवा रोबोटिक दूरबीनों के नेटवर्क के जरिए संभव हो सकी।



एरीज के विज्ञानी डा.सुवेंदु रक्षित। सौ. स्वयं




ब्लैकहोल का प्रतीकात्मक फोटो। सौ.गूगल

## फिल्म रिव्यू

**क्रू** ★★½

**प्रमुख कलाकार :** तब्बू, करीना कपूर, कृति सैनन, कपिल शर्मा, दिलजीत दोसांझ
**निर्देशक :** राजेश ए कृष्णन **अवधि :** दो घंटे तीन मिनट

### उड़ान भरते ही क्रैश हो जाती है फिल्म



तब्बू, करीना व कृति की तिकड़ी को एक साथ देखना अच्छा लगता है। चि.सौ.:फिल्म टीम

कभी सबसे चर्चित एयरलाइंस कंपनियों में गिनी जाने वाली किंगफिशर के दिवालिया होने के बाद इसका मालिक विजय माल्या लेनदारों से बचने के लिए विदेश भाग गया। इसके पूर्व ही कंपनी के कर्मचारियों के वेतन में कटौती या न मिलने जैसी खबरें आ रही थीं। इसी थीम पर निधि मेहरा और मेहुल सूरी ने 'क्रू' की कहानी, स्क्रीनप्ले और संवाद लिखे हैं।

फिल्म में कोहिनूर एयरलाइंस के मालिक का नाम विजय माल्या की तर्ज पर विजय वालिया रखा गया है। सरकार भले ही विजय माल्या का अभी तक प्रत्यर्पण नहीं करा पाई, लेकिन निर्माता एकता कपूर की तीन एयर होस्टेस वालिया को वापस लाने में कामयाब रहती हैं। उसके साथ हजारों करोड़ का सोना भी लाती हैं।

कोहिनूर एयरलाइंस में कार्यरत गीता सेठी (तब्बू), जैस्मिन (करीना कपूर) और दिव्या राणा (कृति सैनन) से पूछताछ के साथ कहानी आरंभ होती है। उन पर सोने की तस्करी का संदेह है। गीता कंपनी द्वारा पीएफ मिलने के बाद रेस्त्रां खोलना चाहती है। नाना के साथ रह रही जैस्मिन आर्थिक तंगी से परेशान है। दिव्या एयर होस्टेस है, लेकिन घर में बता रखा है कि पायलट है। इन विमान परिचारिकाओं के हाथ जैकपाट लगता है। विमान में वरिष्ठ अधिकारी राजवंशी (रमाकांत दयामा) को हार्ट अटैक होता है। उसके शरीर पर सोना बंधा मिलता है। वे उसकी सूचना देती हैं, लेकिन बाद में तस्करी करने वाले को खोजती हैं और खुद ही तस्करी करने लगती हैं। इस बीच कंपनी दिवालिया हो जाती है। उन्हें चेयरमैन विजय वालिया (शाश्वत चटर्जी) की असलियत पता चलती है कि सोने की तस्करी के पीछे वही है। फिर तीनों, भगोड़े वालिया को पकड़ने और सोना वापस लाने विदेश चल देती हैं। निर्देशक राजेश ए कृष्णन इससे पहले लूटकेस का निर्देशन कर चुके हैं। यहां क्रू के साथ उनकी उड़ान डगमगा गई है। कस्टम अधिकारी जयवीर सिंह (दिलजीत दोसांझ) को संवादों में ईमानदार और साहसी दिखाया है, लेकिन फिल्म में नजर नहीं आता। एचआर हेड मनोज मित्तल (राजेश शर्मा) अकेले ही वालिया के सोने को अल बुर्ज भेज रहा है, यह भी हजम नहीं होता। विदेश में वालिया का पीछा करने से लेकर प्लेन को हाइजैक करते हुए तीनों को देखकर लगता है, इन पर हिंदी फिल्मों का प्रभाव है। शुरुआत रोमांचक तरीके से होती है, लेकिन जैसे ही उड़ान भरने की बारी आती है, फिल्म क्रैश हो जाती है। तब्बू, करीना व कृति की तिकड़ी को साथ देखना अच्छा लगता है। थीम अच्छी है, लेकिन कामेडी के साथ घिसे-पिटे फार्मूले में बंधकर रह गई। स्क्रीनप्ले दमदार होता, तो यह अच्छी फिल्म होती।

**स्मिता श्रीवास्तव**

★★★★★ उत्कृष्ट ★★★★ बहुत अच्छी ★★★ अच्छी ★★ औसत ★ औसत से कम

अपनी राय हमें जरूर बताएं : feature@jagran.com

# चिप से सुरक्षित हो सकेगा मोबाइल व लैपटाप का डाटा

## आइआइटी कानपुर के सहयोग से विकसित होगी सुरक्षा तकनीक

**सी-एचईआरडी और जेआइएसए साफ्टेक के बीच में हुआ करार**


**जासं, कानपुर**

मोबाइल और कंप्यूटर-लैपटाप के डाटा पर होने वाले हमलों से अब हार्डवेयर चिप मुकाबला करेगी। आइआइटी के असिस्टेंट प्रोफेसर देबप्रिया बसु राय के नेतृत्व में हार्डवेयर सिक्योरिटी माड्यूल (एचएसएम) का विकास किया जा रहा है। इसके लिए डीप टेक कंपनी जेआइएसए साफ्टेक ने केंद्र के हार्डवेयर सिक्योरिटी इंटप्रेन्योरशिप रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (सी-एचईआरडी) के साथ एमओयू किया है। प्रोजेक्ट के तहत ऐसी चिप तैयार की जाएगी जिसका प्रयोग लैपटाप-कंप्यूटर व मोबाइल में भी किया जा सकेगा। इसमें जटिल क्रिप्टोग्राफिक तकनीक का प्रयोग किया जाएगा।

एचएमएस में प्रयोग होने वाले क्रिप्टोग्राफिक एल्गोरिदम के लिए एफपीजीए आधारित हार्डवेयर एक्सेलेरेटर समेत पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी, होमोमोर्फिक एन्क्रिप्शन के विशेषज्ञ प्रो. देबप्रिया बसु राय ने बताया कि डीप टेक कंपनी जेआइएसए साफ्टेक ने पहले भी कंप्यूटर सुरक्षा विशेषकर क्रिप्टोग्राफी में उल्लेखनीय कार्य किया है। यह पहली भारतीय कंपनी है, जो कंप्यूटर हार्डवेयर के शुरू से लेकर एप्लिकेशन स्तर तक संपूर्ण हार्डवेयर सिक्योरिटी माड्यूल के लिए टेक्नोलाजी का निर्माण करेगी। क्रिप्टोग्राफी तकनीक और अन्य तकनीकों की मदद से इस एचएसएम चिप तैयार होगा। अभी तक कंप्यूटर सिस्टम, मोबाइल फोन सुरक्षित करने के लिए विभिन्न साफ्टवेयर टूल का प्रयोग करना पड़ता है। चिप कंप्यूटर या मोबाइल फोन में निर्माण के समय ही लगाई जा सकेगी। क्रिप्टोग्राफी आधारित होने की वजह से चिप कंप्यूटर उपकरण के समस्त डाटा को हैकर के हमलों से सुरक्षित रखेगी।



मोबाइल चिप। फाइल



## लुप्तप्राय साफिश मछली को बचाने की कोशिश...

अमेरिका के फ्लोरिडा में समुद्र में तैरती छोटे दांत वाली लुप्तप्राय साफिश मछली। पृथ्वी पर यह एकमात्र ऐसा जीव है, जो लाखों वर्षों के जीवनचक्र के बाद भी अपरिपर्तित है। जीव विज्ञानी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि इनका व्यवहार लगातार अनियमित है और असामान्य तरीके से यह मर रही हैं। संघीय और राज्य वन्यजीव एजेंसियां इसका कारण जाने के साथ साफिश को बचाने और पुनर्वास करने के काम में जुटी हैं। एपी

## इधर-उधर की

### कूड़े के ढेर में गया लाखों रुपये का निवेश



निवेश की मौजूदा कीमत करीब 157 अरब रुपये है। इंटरनेट मीडिया


**लंदन, एजेंसी :** घर की सफाई में ध्यान रखें कि कहीं गलती से कोई कीमती चीज कूड़े में तो नहीं फेंक रहे हैं। ब्रिटेन के साउथ वेल्स में रहने वाले जेम्स हावेल्स के के साथ ऐसा ही हुआ। एक रिपोर्ट के अनुसार हावेल्स ने क्रिप्टोकरंसी में लाखों रुपये का निवेश किया और भूल गए। उन्होंने अकाउंट के सारे पासवर्ड कई छोटी-छोटी हार्ड ड्राइव में रख दिए और भूल गए। महीनों बाद जब बिटकाइन की कीमतें आसमान छूने लगीं तो हावेल्स को उनकी याद आई। हावेल्स ने साथी से हार्डड्राइव के बारे में पूछा तो उसने बताया कि सफाई में गलती से कूड़े में फेंक दिया है। हावेल्स यह सुन कर पागलों की तरह भागते हुए लैंडफिल साइट पर पहुंचे और उसकी सुरक्षा के लिए गार्ड तैनात किए। हावेल्स के मुताबिक, उनके निवेश की मौजूदा कीमत करीब 157 अरब रुपये है।

## टीबी रोगियों में परजीवी कृमि संक्रमण से बढ़ता है जोखिम

**अनुसंधान**

शोधकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में पाया है कि पल्मोनरी टीबी (पीटीबी) के रोगियों में परजीवी कृमि का संक्रमण फेफड़ों की बीमारी को गंभीर बना सकता है। शोधकर्ताओं का यह निष्कर्ष पीटीबी के रोगियों पर स्ट्रांगीलोइड्स स्टेर्कोरेलिस नामक परजीवी कृमि के असर की जांच के दौरान सामने आया। पीटीबी व परजीवी कृमि संक्रमण दोनों ही कम आय वाले देशों में एक प्रमुख स्वास्थ्य समस्या हैं।

नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ (एनआइएच) आइसीईआर द्वारा किया गया यह अध्ययन एम विश्वनाथन डायबिटिक रिसर्च सेंटर (एमवीडीआरसी) के सहयोग से चेन्नई में किया गया। यह फेफड़ों के गंभीर रोग पल्मोनरी टीबी पर परजीवी कृमि के संक्रमण के असर और उसके उपचार पर केंद्रित था। अध्ययन में 409 पीटीबी पीड़ितों के उस समूह को शामिल किया गया जो परजीवी कृमि के संक्रमण से भी ग्रसित थे। इसमें प्रतिभागियों की उम्र 30 से 65 वर्ष थी। शोध दल ने इनमें फेफड़ों की क्षति और फिर से टीबी होने का जोखिम पाया। केवल टीबी रोगियों की तुलना में टीबी और कृमि संक्रमण वाले मरीजों में अधिक संख्या में बैक्टीरिया पाए गए। अध्ययन में दोहरे संक्रमण वाले लोगों में कुछ प्रतिरक्षा प्रणाली मार्करों में बदलाव का भी पता चला, जो बढ़ी हुई सूजन प्रतिक्रिया का संकेत देता है। अध्ययन से पता चलता है कि टीबी के साथ परजीवी कृमि संक्रमण होने से फेफड़ों की बीमारी अधिक गंभीर हो जाती है और इसका सफलतापूर्वक इलाज करना कठिन हो जाता है। एनआइएच-आइसीईआर के विज्ञानी निदेशक डा. एस सुभाष बाबू ने सुझाव दिया कि एकल-खुराक, एकल-दवा उपचार से ही इस सह संक्रमण से निपटा जा सकता है। (एएनआइ)




टीबी रोग के लक्षण। फाइल

## स्क्रीन शाट

# जाली एलएलबी 3 पर काम तेज, मई में शुरू होगी शूटिंग

फ्रेंचाइज फिल्मों के दौर में अभिनेता अक्षय कुमार की कई फिल्मों की कहानी आगे बढ़ रही है। इसमें वेलकम टू द जंगल, हेराफेरी 3, हाउसफुल 5 और जाली एलएलबी 3 शामिल हैं। साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म जाली एलएलबी फ्रेंचाइज की तीसरी फिल्म पर भी शुक्रवार से काम शुरू हो गया है। मुंबई के एक होटल में फिल्म की स्क्रिप्ट रीडिंग का काम शुरू हुआ। इस स्क्रिप्ट रीडिंग सत्र में फिल्म के निर्देशक सुभाष कपूर के साथ फ्रेंचाइज की दोनों फिल्मों में जज की भूमिका निभाने वाले अभिनेता सौरभ शुक्ला भी शामिल हुए। फिल्म से जुड़े कई लोग मौजूद रहे, जिनके लिए लंबी-चौड़ी टेबल और कुर्सियां लगाई गई थीं। हालांकि अक्षय और अरशद वहां नहीं पहुंचे थे। पहले इस फिल्म के दो नाम जाली वर्सेस जाली और जाली एलएलबी 3 सामने आ रहे थे। लेकिन जिस तरह से स्क्रिप्ट रीडिंग वाली जगह पर जाली एलएलबी 3 के नाम की स्टैंडी लगी हुई थी, उससे साफ हो गया कि फिल्म का शीर्षक तय हो चुका है। खबरें हैं कि मई से इस फिल्म के शूटिंग शुरू हो सकती है। जाली एलएलबी में वकील जगदीश त्यागी उर्फ जाली की भूमिका निभा चुके अरशद पहले ही इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि तीसरे पार्ट में अक्षय और उनका पात्र एकदूसरे के विरुद्ध होंगे। फिर सच की लड़ाई में दोनों साथ आ जाएंगे।



फिल्म में अक्षय और अरशद होंगे आमने-सामने। फाइल

## अभिषेक बच्चन को रास आ रही हैं पिता की भूमिकाएं!

बदलते वक्त के साथ कलाकारों के पात्रों को चुनने की पसंद भी बदल रही है। अभिनेता अभिषेक बच्चन भी वैरायटी किरदारों को वरीयता दे रहे हैं। हालांकि यह महज इत्तेफाक है कि अपनी आने वाली दो फिल्मों में वह पिता की भूमिका में होंगे। इसमें शूजित सरकार के साथ एक फिल्म है। शूजित ने उनके पिता अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म पीकू, गुलाबो सिताबो बनाई है। अब वह जूनियर बच्चन के साथ फिल्म बना रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक फिल्म की कुछ दिनों की शूटिंग बाकी रह गई है। फिल्म जल्द ही पोस्ट प्रोडक्शन में जाएगी। शूजित कहानी के बारे में ज्यादा बताना पसंद नहीं करते हैं। उन्हें लगता है कि अगर कहानी पता चल गई, तो फिल्म देखने में क्या मजा आएगा। उनके ज्यादातर किरदार ऐसे रहे हैं, जिससे वह परिचित रहे हैं। वह आम जीवन के किरदारों को आसाधारण बनाते हैं। बहरहाल, अभिषेक की अनाम फिल्म की कहानी उनके दोस्त की जिंदगी से जुड़ी हुई है। यह मुख्य रूप से एक पिता और बेटी की कहानी है। इसके अलावा अभिषेक बच्चन फिल्म बी हैप्पी में भी नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन रेमो डिसूजा ने किया है। इसमें भी अभिषेक एक बेटी के पिता की भूमिका में होंगे, जिसका सपना रियलिटी शो में हिस्सा लेने का है।




बी हैप्पी फिल्म में बेटी के सपने को पूरा करते दिखेंगे अभिषेक। फाइल

## ...तो कृति को चाहिए ऐसा लड़का जिसे आती हो हिंदी

पिछले दिनों होली के मौके पर अभिनेत्री कृति सैनन की एक तस्वीर खूब वायरल हुई थी, जिसमें वह एक लड़के का हाथ पकड़े हुए लंदन की सड़कों पर घूम रही थीं। वहां से कयास लगाए जाने लगे कि कृति किसी को डेट कर रही हैं। अब कृति ने खुद इस रहस्य से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में बता दिया है कि वह सिंगल हैं।

कृति कहती हैं कि मैं किसी को डेट नहीं कर रही हूं। मुझे रोमांस पसंद है, लेकिन लगता है कि डेटिंग एप्स और लोगों का एक रिश्ते से निकलकर आसानी से दूसरे रिश्ते में चले जाने के कारण रोमांस खत्म होता जा रहा है। अब लोग रिश्ते में एकदूसरे को खुश रखने के लिए छोटी-छोटी कोशिशें भी नहीं करते हैं। आगे जब कृति से पूछा गया कि उन्हें कैसा लड़का चाहिए? इस पर कृति ने पूरी लिस्ट बताते हुए कहा कि मैं कभी किसी फिरंगी की तरफ आकर्षित ही नहीं हुई। लड़का तो देसी ही होना चाहिए, क्योंकि मैं बहुत देसी हूं। उसे हिंदी समझ में आनी चाहिए, क्योंकि मेरे मुंह से तो हिंदी ही निकलेगी। मैं अंग्रेजी में बहुत देर तक बात नहीं कर सकती हूं। मैं हिंदी ही बोलूंगी, पंजाबी और हिंदी गाने ही बजाऊंगी। मेरा डांस हिंदी और पंजाबी गानों पर ही निकलता है।



फिलहाल सिंगल हैं कृति सैनन - इंस्टाग्राम - @kritisanon

# ओपेनहाइमर के निर्देशक क्रिस्टोफर को नाइटहुड की उपाधि, पत्नी एम्मा थामस को भी डेमहुड

**लंदन, एपी :** ओपेनहाइमर के लिए आस्कर पाने वाले निर्देशक क्रिस्टोफर नोलन और उनकी पत्नी और निर्माता एम्मा थामस को नाइटहुड और डेमहुड से सम्मानित किया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित सात आस्कर जीते थे।

उन्हें सम्मान दिए जाने की खबर थोड़ी आश्चर्यचकित करने वाली है, क्योंकि ये आम तौर पर साल में दो बार दिए जाते हैं। एक बार नए साल के मौके पर और दूसरी बार किंग चार्ल्स तृतीय के जन्मदिन पर। कभी-कभी विशेष उपलब्धियों के बाद सम्मानित किया जाता है, जो अक्सर खेल और कला से संबंधित होती हैं। यह सम्मान औपचारिक रूप से बकिंघम पैलेस में एक समारोह में प्रदान किया जाता है।

इसे अक्सर ब्रिटेन के सम्राट द्वारा व्यक्तिगत रूप से प्रदान किया जाता है। हालांकि, किंग चार्ल्स फिलहाल कोई शाही कर्तव्य नहीं निभा रहे हैं, क्योंकि उनका कैंसर का इलाज चल रहा है।




जापान में रिलीज हुई 'ओपेनहाइमर' : सात आस्कर पुरस्कार जीतने वाली चर्चित फिल्म 'ओपेनहाइमर' अंतत जापान में शुक्रवार को रिलीज हो गई। राजधानी टोक्यो में फिल्म के पोस्टर के सामने से गुजरती महिला। परमाणु बम के जनक ओपेनहाइमर के जीवन पर आधारित इस फिल्म की विषयवस्तु बेहद संवेदनशील और भावनात्मक है। छह जुलाई 1945 को ओपेनहाइमर ने पहले प्लूटोनियम परमाणु बम का परीक्षण किया था, जिसे ट्रिनिटी परीक्षण नाम दिया गया था। फिर 'लिटिल बाय' और 'फैट मैन' को हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराया गया। इन दो परमाणु बम विस्फोटों में लगभग दो लाख लोग मारे गए थे। एएफपी

## डबल रोल में अर्जुन, वरुण व दिलजीत

वेलकम, सिंह इज किंग, भूल भुलैया 2 जैसी कामडी फिल्मों के निर्देशक अनीस बज्मी अपनी फिल्मों में कंफ्यूजन या परिस्थितियों से हास्य पैदा करने में माहिर हैं। पिछले काफी अर्से से उनकी फिल्म नो एंट्री की सीक्वल नो एंट्री में एंट्री बनने की खबरें आ रही है। अनीस ने उस पर काम करने की बात भी कही है। साथ ही अगले साल इसे शुरू करने की योजना भी है। बीते दिनों आई खबरों में कहा गया कि इसमें मूल फिल्म के कलाकार सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान की बजाय वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ होंगे। यह तिकड़ी सिल्वर स्क्रीन पर पहली बार एकसाथ नजर आएगी। ताजा खबर यह है कि सीक्वल में दोहरी मुसीबत का मामला होगा यानी वरुण, अर्जुन और दिलजीत दोहरी भूमिकाओं में नजर आएंगे, जो कहानी में भ्रम और कामेडी का स्रोत होगा। निर्माता बोनी कपूर और निर्देशक ने साल 2019 की शुरुआत में ही नो एंट्री में एंट्री की स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे दिया था। हालांकि, पिछले पांच वर्षों में कास्टिंग और डेट्स के मुद्दों के कारण दोनों इस कामेडी फिल्म को धरातल पर उतारने में असमर्थ रहे। सूत्रों का दावा है कि यह कहानी पूरी तरह से नई होगी। वरुण, अर्जुन और दिलजीत को स्क्रिप्ट पसंद आई और वे इस फिल्म को करने को लेकर उत्सुक हैं। फिलहाल अनीस भूल भुलैया 3 की शूटिंग अभिनेता कार्तिक आर्यन के साथ कर रहे हैं।



अर्जुन कपूर - इंस्टाग्राम - @arjunkapoor



वरुण धवन - इंस्टाग्राम - @varundvn



दिलजीत दोसांझ - इंस्टाग्राम - @diljitdosanjh

********

📰 👇 PREMIUM NEWSPAPERS 👇 📰
👉 IF YOU WANT TO GET EARLY MORNING FAST UPDATE OF NEWSPAPERS JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL.
👇 ENGLISH NEWSPAPER 👇
The Hindu, Business Line,Times of India,The Economic Times,Economic Times Wealth, Mirror,Maharashtra Times,Hindustan Times, Mint,Indian Express,
Financial Express, New IndianExpress,Business Standard(Hindi English),Mid-Day(English Gujarati),Deccan Chronicle,The Tribune,Brill Express, The Asian Age, The Telegraph,Hans India,The Gaon,The Statesman,Employment News, English Editorial
👇 JOIN TELEGRAM CHANNEL 👇
👉 https://t.me/MagzNewspaper

👇 INTERNATIONAL NEWSPAPER 👇
Gulf of Times,The New York Times, Financial Times, The Washington Post,New York Post, Los Angeles Times, USA Today,The Wall Street Journal, The Guardian,The Times,The New Yorker, Youth Ink
👇 JOIN TELEGRAM CHANNEL 👇
👉 https://t.me/PaperMagzine
👇 राष्ट्रीय हिन्दी न्यूजपेपर 👇
दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर ,दिव्य भास्कर,हिंदुस्तान ,नवभारत टाइम्स,अमर उजाला,पजाब केसरी,लोकमत,जनसत्ता, लोकसत्ता,दैनिक ट्रिब्यून,राष्ट्रीय सहारा,इंडिया न्यूज,दिल्ली राजस्थान पत्रिका,रोजगार समाचार, हिंदी एडिटोरियल
👇 JOIN TELEGRAM CHANNEL 👇
👉 https://t.me/HuB_Newss
👇 राजस्थान न्यूजपेपर 👇
सच कहूं,सीमा संदेश,पंजाब केसरी,इंडिया न्यूज़,
👇 ਪੰਜਾਬੀ ਪੇਪਰ 👇
ਸੱਚ ਕਹੂੰ,ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ
👇 हरियाणा न्यूजपेपर 👇
👇 हरियाणा मुख्य 👇
ट्रिब्यून,सच कहूं,उत्तम हिंदू,एक्शन इंडिया,पायनियर,देश रोजाना,जागरण,भास्कर,पंजाब केसरी,हरिभूमि,जगत क्रांति,दैनिक सवेरा, हिन्दुस्तान,हरियाणा वाटिका,आज समाज,Hindustan Times,The Tribune,Vatika Times
👇 JOIN TELEGRAM CHANNEL 👇
👉 https://t.me/MagzNewspaper
👇 हरियाणा लोकल 👇
अमर उजाला,भास्कर,जागरण,हरिभूमि,पंजाब केसरी,दैनिक सवेरा
👇 TAMIL & TELUGU NEWSPAPER 👇
Eenadu ap ts Telangana Today Hyderabad Telangana ts prajaskthi ts ts Sakshi ts Surya ts Jyoti ts vaartha dinamani tiruchy madurai coimbatore chennai Ap Surya vaartha Sakshi Jyothi andhraprabha Janmabhumi Kottayam Kochi Kannur Bangalore Kozhikode Thrissur Deshabhimani Thrissur palakkad Kannur Kottayam ernakulam Kozhikode
👇 JOIN BACKUP CHANNEL 👇
👉 https://t.me/BackUPTeleg
SEARCH ON TELEGRAM TO JOIN PREMIUM GROUP
👉 @VB25000

CONTACT https://t.me/ 919024825000

🙏

👇📚 ENGLISH MAGAZINE 📚👇

👉 GET ALL FAST UPDATE OF ALL HINDI ENGLISH MAGAZINE JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL.

Frontline,SportStar,Business India,Banking Finance,Cricket Today,Mutual Fund Insight,Wealth insight,Indian Economy & Market,The Insurance Times,Electronics For You,Open Source For You,Mathematics Today,Biology Today,Chemistry Today,Physics For You,Business Today,Woman Fitness India,Grazia India,Filmfare India,Femina India,India Legal,Rolling Stone India,Bombay Filmfame,Outlook,Outlook Money,Careers 360,Outlook Traveller,India Strategic,Entertainment Updates,Outlook Business,Open,Investors India,Law Teller,Global Movie,The Week India,Indian Management,Fortune India,Dalal Street Investmemt Journal,Scientfic India,India Today,HT Brunch,Yoga and Total Health,BW BusinessWorld,Leisure India Today,Down To Earth,Pratiyogita Darpan,Marwar India,Champak,Woman's Era,The Caravan,Travel Liesure India,Business Traveller,Rishi Prasad,Smart investment,Economic and political weekly,Forbes india,Health The Week, Josh Government JOBS,Josh Current Affairs,Josh General Knowledge,Electronic For You Express,Josh Banking And SSC,Highlights Genius,Highlights Champ,Global Spa,Bio Spectrum,Uday India,Spice India Today,India Business Journal,Conde Nast Traveller,AD Architectural Digest,Man's world,Smart Photography India,Banking Frontiers,Hashtag,India Book Of Records,ET Wealth,Vogue india,Yojana,Kurukshetra

👇 JOIN TELEGRAM CHANNEL 👇
👉 https://t.me/MagzNewspaper

👇📚 हिन्दी मैगजीन 📚👇

समय पत्रिका,साधना पथ,गृहलक्ष्मी,उदय इंडिया,निरोगधाम,मॉडर्न खेती ,इंडिया टुडे,देवपुत्र,क्रिकेट टुडे,गृहशोभा,अनोखी हिन्दुस्तान,मुक्ता,सरिता,चंपक,प्रतियोगिता दर्पण,सक्सेस मिरर,सामान्य ज्ञान दर्पण,फार्म एवं फूड,मनोहर कहानियां,सत्यकथा,सरस सलिल,स्वतंत्र वार्ता लाजवाब,आउटलुक,सच्ची शिक्षा,वनिता,मायापुरी,इंडिया हेल्थ,रूपायन उजाला,ऋषि प्रसाद,जोश रोजगार समाचार,जोश करेंट अफेयर्स,जोश सामान्य ज्ञान,जोश बैंकिंग और एसएससी,इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स,राजस्थान रोजगार संदेश,राजस्थान सूजस,सखी जागरण,अहा! जिंदगी,बाल भास्कर,योजना,कुरूक्षेत्र,हिन्दुस्तान जॉब्स

👇 JOIN TELEGRAM CHANNEL 👇
👉 https://t.me/PaperMagzine

Like other groups, this list is not just written, we will make these magazine available to you with 100% guarantee.

👇 JOIN TELEGRAM CHANNEL 👇
👉 https://t.me/HuB_Newss

You will get the updates of all these magazines first in the premium group.

👇 JOIN BACKUP CHANNEL 👇
👉 https://t.me/BackUPTeleg

SEARCH ON TELEGRAM TO JOIN PREMIUM GROUP
👉 @VB25000
Contact 👉 https://t.me/ 919024825000

🙏